राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

10 कर्ज में डूबे अनिल अंबानी को फिर मिली राहत, 420 करोड़ रुपये ...

संजू सैमसन हार के बावजूद इस युवा बल्लेबाज से संतुष्टि, कहा ... 11

वर्ष : 10 | अंक : 322 | पटना, शुक्रवार, 07 अप्रैल, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद व अन्य चुनौतियों से भारत को मुक्त कराने के लिए भाजपा प्रतिबद्ध : मोदी

प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि इनकी संस्कृति परिवारवाद, वंशवाद, जातिवाद और क्षेत्रवाद की रही है जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राजनीतिक संस्कृति प्रत्येक देशवासी को साथ लेकर चलने की है। भाजपा के 44वें स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और कानून-व्यवस्था की चुनौतियों से भारत को मुक्त कराने के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार कड़े कदम उठाने को प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मोदी ने भगवान हनुमान और भाजपा के बीच समानताएं बताईं और कहा कि पार्टी निःस्वार्थ सेवा के आदर्शों में विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि आत्म संदेह को खत्म करने के बाद भगवान हनुमान की तरह ही भारत अपनी क्षमता का एहसास कर रहा है। मोदी ने कहा, अगर हम भगवान हनुमान का पूरा जीवन देखें तो उनमें कर सकने वाला की प्रवृत्ति थी जिसकी वजह से उन्हें बड़ी सफलताएं हासिल हुईं। हनुमान जयंती बृहस्पतिवार को मनाई जा रही है। मोदी ने मुफ्त राशन योजना, स्वास्थ्य बीमा और अन्य

कल्याणकारी योजनाओं का हवाला देते हुए कहा कि सामाजिक न्याय भाजपा के लिए आस्था का विषय है।भारत को लोकतंत्र की जननी करार देते हुए मोदी ने कहा कि प्रारंभ से ही भाजपा की आस्था जनता के विवेक पर रही है और दिनों दिन वह आस्था और मजबूत होती जा रही है।

उन्होंने कहा, भाजपा ने लोकतंत्र की कोख से जन्म लिया, भाजपा लोकतंत्र के अमृत से पोषित है और भाजपा देश के लोकतंत्र व उसके संविधान को मजबूत करते हुए समर्पण भाव से दिन-रात देश के लिए काम कर रही है। भाजपा को विकास, विश्वास और नए विचार का पर्याय बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सामाजिक न्याय उनकी पार्टी की विचारधारा का आधार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में बहुत सारे दलों ने सामाजिक न्याय के नाम पर राजनीति का दिखावा किया और इन दलों के मुखिया अपने परिवार का भला करते रहे।मोदी ने कहा, ह्यह्यउन्होंने समाज की कतई चिंता नहीं की जबकि भाजपा सामाजिक न्याय को जीती है, उसकी भावना का अक्षरशः पालन करती है। 80 करोड़ गरीबों को बिना भेदभाव मुफ्त राशन मिलना सामाजिक न्याय का ही प्रतिबिंब है। 50 करोड़ गरीबों को बिना भेदभाव 5,00,000 रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा मिलना सामाजिक न्याय की ही सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि भाजपा सही अर्थों में देश के दबे कुचले समाज के लिए आशा की किरण बनी हुई है।

विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि ऐसे दलों की संस्कृति परिवारवाद, वंशवाद, जातिवाद और क्षेत्रवाद की रही है। उन्होंने कहा, जबकि भाजपा की राजनीतिक संस्कृति प्रत्येक देशवासी को साथ लेकर चलने की है। कांग्रेस जैसी पार्टियों की संस्कृति छोटा-छोटा सोचना, छोटे सपने देखना और उससे भी कम हासिल करके खुशियां मनाना है। खुशी मतलब एक दूसरे की पीठ थपथपाना है। भाजपा की राजनीतिक संस्कृति है बड़े सपने देखना और उससे भी ज्यादा हासिल करने के लिए जी जान से खप जाना। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों की संस्कृति में महिलाओं की चुनौतियों की परवाह ही नहीं की जाती है जबकि भाजपा की राजनीतिक संस्कृति महिलाओं के जीवन को आसान बनाना रही है।

संक्षिप्त खबरें

सूबे के 5 अंचल अधिकारियों की पोस्टिंग

पटना। बिहार के 5 अंचल में प्रभारी अंचल अधिकारियों की पोस्टिंग की गई है। इस संबंध में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की तरफ से अधिसूचना जारी कर दी गई है। जमालपुर के प्रभारी अंचल अधिकारी जयप्रकाश को कटिहार के कुरसेला अंचल का सीओ बनाया गया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने जारी की अधिसूचना : राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने हवेली खड़गपुर के राजस्व अधिकारी प्रीति कुमारी को प्रभारी अंचल अधिकारी मुंगेर सदर के पद पर पदस्थापित किया है। बरियारपुर अंचल के राजस्व अधिकारी रवीना गुप्ता को बरियारपुर अंचल का अंचलाधिकारी बनाया गया है। वहीं, धरहरा के राजस्व अधिकारी स्मृति कुमारी को प्रभारी अंचल अधिकारी टेटिया बंबर मुंगेर में सीओ बनाया गया है। जबकि जमालपुर के राजस्व अधिकारी अरशद मदानी को प्रभारी अंचल अधिकारी जमालपुर के पद पर पदस्थापित किया गया है।

राबड़ी आवास पर 13 अप्रैल को दावत-ए-इफ्तार का आयोजन

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के तत्वाधान में13 अप्रैल को 10 सर्कुलर रोड पटना में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, वन पर्यावरण मंत्री तेज प्रताप यादव एवं सांसद डॉ मीसा भारती रोजेदारों का स्वागत करेंगे।

जगरनाथ महतो के निधन पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक कुशल राजनेता एवं समाजसेवी थे। वे जुझारू, कर्मठ एवं जनप्रिय नेता थे। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस के खिलाफ दायर अवमानना याचिका बंद की

नईदिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने 2021 में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में धार्मिक सभाओं में दिए गए कथित नफरती भाषणों के मामले में सामाजिक कार्यकर्ता तुषार गांधी की ओर से दिल्ली पुलिस के खिलाफ दायर अवमानना याचिका को गुरुवार को बंद करने का आदेश दिया। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आदेश पारित करते हुए कहा कि चार अप्रैल को आरोप पत्र दाखिल किए जाने के परिप्रेक्ष्य में वर्तमान अवमानना याचिका को जारी रखना न्यायोचित नहीं है। पीठ ने कहा, अब हमारे पास (इस मामले में) करने के लिए कुछ नहीं बचा है। मजिस्ट्रेट आपराधिक प्रक्रिया संहिता के अनुसार आगे की कानूनी प्रक्रिया बढ़ाएंगे। इससे पहले पीठ के समक्ष अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज ने दिल्ली पुलिस का पक्ष रखते हुए कहा था कि मामले में जांच पूरी होने के बाद चार अप्रैल को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत के समक्ष आरोप पत्र दायर किया गया था। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल नटराज ने 20 फरवरी को अदालत को सूचित किया था कि मामले की जांच अंतिम चरण में है। जल्द ही एक रिपोर्ट दाखिल की जाएगी। दिल्ली पुलिस ने जनवरी में अदालत को बताया था कि वह 2021 में राष्ट्रीय राजधानी में एक धार्मिक सभा में दिए गए कथित घृणास्पद भाषणों के मामले की निष्पक्ष जांच कर रही है।

मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर के मोतीपुर में एथेनॉल प्लांट का किया उद्घाटन

हर संप्रदाय के लोगों को आगे बढ़ाने का किया जा रहा काम : नीतीश

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत मोतीपुर के मुरारपुर में स्थापित अनाज आधारित एथेनॉल प्लांट का शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने एथेनॉल प्लांट का भ्रमण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए काफी काम किए गए हैं। उद्यमियों को राज्य सरकार द्वारा काफी सहूलियतें दी जा रही हैं।

हर धर्म, संप्रदाय के लोगों को आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। बिहार में अधिक से अधिक उद्योग स्थापित डो, इसको लेकर बियाडा की जमीन 80 प्रतिशत रियायत पर उद्यमियों को दी जा रही है। इसके अलावा मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत लोगों को उद्योग लगाने के लिये 10 लाख रुपये की आर्थिक मदद राज्य सरकार दे रही है ताकि वे अपना उद्योग स्थापित कर सकें। इसमें 5 लाख रुपये का अनुदान और 5 लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसमें सामान्य वर्ग और पिछड़े वर्ग के लोगों को 5 लाख रुपये का अनुदान और मात्र 1 प्रतिशत की ब्याज दर पर 5 लाख रुपये का ऋण मुहैया कराया जा रहा है।

हर वर्ग की महिलाओं को 5 लाख रुपए का अनुदान एवं 5 लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्ष 2018 में उद्यमी योजना का लाभ सिर्फ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति से जुड़े लोगों को मिलता था। वर्ष 2020 में इसे अति पिछड़ा वर्ग के लिए भी शुरू कर दिया गया। उसके बाद सभी धर्म, समुदाय से जुड़े लोगों को मुख्यमंत्री उद्यमी योजना का लाभ दिया जाने लगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में महिलाओं को सशक्त एवं आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। जीविका समूह से 1 करोड़ 30 लाख दीदियां जुड़ गई है। लड़कियों को पढ़ाने एवं आगे बढ़ाने के लिए साइकिल योजना के साथ-साथ अन्य योजनाएं भी चलायी जा रही है सरकारी सेवाओं में महिलाओं को 36 प्रतिशत का आरक्षण प्रदान किया गया। बिहार एक गरीब राज्य है लेकिन हमारा आर्थिक विकास दर कई राज्यों की तुलना में सबसे ज्यादा है। बिहार का प्रति व्यक्ति आय 54 हजार 383 रुपये है, जबकि देश का 1 लाख 50 हजार रुपये है। अगर बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिल जाता तो बिहार काफी आगे बढ़ता। इसके लिए भी आप सभी कोशिश करिए ताकि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिल जाए। बिहार को एथेनॉल प्लांट लगाने का अधिक से अधिक मौका मिले, इस दिशा में प्रयास करने की जरूरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत ऊर्जा डिस्टिलरीज प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक कोमल सिंह एवं शुभम सिंह आप दोनों को मैं बहुत बधाई देता हूं आपकी आमदनी बढ़े ताकि आपसे लोग प्रेरित होकर और अधिक लगन से काम करें। हम लोगों से आग्रह करेंगे कि महिला और पुरुष सभी मिलकर पूरी मुस्तैदी के साथ एकजुट रहते हुए काम करें, आपस में प्रेम एवं सद्भाव कायम रखें। कुछ लोग गड़बड़ करने की कोशिश में लगे रहते हैं। ऐसे लोगों से सतर्क रहें। आप सभी एकजुट होकर काम करेंगे तभी राज्य के साथ-साथ देश भी आगे बढ़ेगा।

ये रहे मौजूद : इस अवसर पर सांसद वीणा देवी, विधायक पंकज मिश्रा, विधायक राजू सिंह, विधायक अरुण सिंह, पूर्व मंत्री मनोज कुशवाहा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, उद्योग विभाग के प्रधान सचिव संदीप पौन्ड्रिक, आयुक्त तिरहुत प्रमंडल गोपाल मीणा, तिरहुत रेंज के पुलिस महानिरीक्षक पंकज सिन्हा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी प्रणव कुमार, मुजफ्फरपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, वरीय अधिकारी एवं बड़ी बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

सूबे में 15 जगहों पर एथेनॉल प्लांट लगाने का चल रहा काम : सीएम

पटना। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर दीप प्रज्ज्वलित कर आयोजित जनसभा का विधिवत शुभारंभ किया। एथेनॉल प्लांट के प्रबंधकों द्वारा मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर उनका अभिनंदन किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नेताओं ने मुख्यमंत्री को फूलों की बड़ी माला पहनाकर उनका स्वागत किया। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं सबसे पहले यहाँ उपस्थित आप सभी लोगों को बधाई देता हूँ एवं आपका अभिनंदन करता हूँ। यह एथेनॉल प्लांट सांसद वीणा देवी एवं विधान पार्षद दिनेश प्रसाद सिंह के प्रयास से स्थापित हुआ है। इनके बच्चों ने काफी अच्छा काम किया है। पिछले साल भी यहां आकर हमने निमार्णाधीन प्लांट के कार्यों को देखा था और कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया था। अब यहां पर काम शुरू हो गया है, यह खुशी की बात है इस एथेनॉल प्लांट में पर्याप्त जगह है। इस काम को आप सभी और आगे बढ़ाएंगे तो काफी अच्छा होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने बिहार में एथेनॉल प्लांट लगाने के लिए वर्ष 2007 में ही राज्य सरकार से कानून बनाकर केंद्र को भेजा था और बिहार में एथेनॉल प्लांट लगाने की इच्छा प्रकट की थी। उस समय दूसरे राज्यों से लोगों ने यहां आकर उद्योग स्थापित करने में अपनी रुचि दिखाई थी उनलोगों की तरफ से लगभग 31 हजार करोड़ रुपये निवेश करने की इच्छा प्रकट की गयी थी गन्ना से एथेनॉल बनता तो यह बड़ी बात होती लेकिन उस समय की केंद्र सरकार ने हमलोगों का प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया। केंद्र ने यह कहते हुए प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया कि गन्ने से चीनी उत्पादन आवश्यक है इसलिए एथेनॉल बनाने की स्वीकृति नहीं दी जा सकती। वर्ष 2020 के बाद पता चला कि केंद्र सरकार एथेनॉल उत्पादन से संबंधित पॉलिसी बना रही है, तब हमने प्रधानमंत्री से मिलकर बिहार में एथेनॉल प्लांट लगाने से संबंधित वर्ष 2007 एवं उसके बाद जितने भी प्रयास किये गये, उन तमाम चीजों से उन्हें अवगत कराया। इस संबंध में जो पत्र लिखे गए थे, उसकी भी हमने जानकारी दी। हमलोगों ने कहा कि गन्ना, मक्का और टूटे हुए चावल से भी एथेनॉल बनाया जा सकता है। हमने बताया कि काफी पहले ही एथेनॉल प्लांट लगाने की हमारी इच्छा थी। सैय्यद शाहनवाज हुसैन से हमारा व्यक्तिगत संबंध है। वे यहां उपस्थित हैं।यह काफी खुशी की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास के कार्य किए गए हैं लेकिन हमारे कामों का जिक्र नहीं होता है। हमने लोगों से बिहार में एथेनॉल प्लांट लगाने का प्रस्ताव मांगा, तब हमें 152 प्रस्ताव प्राप्त हुए लेकिन केंद्र सरकार ने सिर्फ 17 प्रस्तावों को ही अपनी मंजूरी दी। पूर्णिया, गोपालगंज और भोजपुर सहित बिहार में 15 जगहों पर एथेनॉल प्लांट लगाने का काम चल रहा है। यहां पर काफी अच्छा काम हुआ है। आज इसकी शुरुआत भी हो गई है।

मुजफ्फरपुर जिले में चार जगहों पर एथेनॉल प्लांट लगने हैं, जिसमें से एक जगह काम पूरा हो गया और अन्य जगहों पर काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। शेष 11 जगहों पर भी काम किए जा रहे हैं। हमलोग एक-एक चीज को ध्यान में रखते हुए बिहार में विकास के काम कर रहे हैं। सितंबर 2022 में भी हमने यहां आकर निमार्णाधीन प्लांट को देखा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत ऊर्जा डिस्टिलरीज प्राइवेट लिमिटेड का यह एथेनॉल प्लांट 23 एकड़ में फैला हुआ है, जिसकी लागत 152 करोड़ रुपये है। हम सैय्यद शाहनवाज हुसैन से कहेंगे कि बिहार में एथेनॉल प्लांट की संख्या और अधिक बढ़ाने की कोशिश करें। केंद्र यदि प्लांट की संख्या बढ़ाएगा तो हम आप को ही क्रेडिट देंगे। जनसभा को बिहार विधान परिषद् के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री सह मुजफ्फरपुर जिले के प्रभारी मंत्री जितेंद्र कुमार राय, विधान पार्षद सह पूर्व उद्योग मंत्री शाहनवाज हुसैन, विधान पार्षद दिनेश प्रसाद सिंह, भारत ऊर्जा डिस्टिलरीज प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक कोमल सिंह एवं शुभम सिंह ने भी संबोधित किया।

भारत-जापान द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और बढ़ाने पर सहमत

प्रात : किरण

नई दिल्ली,एजेंसी। जापान के अंतरराष्ट्रीय मामलों के रक्षा उप मंत्री ओका मसामी ने गुरुवार को नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। बैठक के दौरान ओका ने रक्षा मंत्री को 7वें रक्षा नीति संवाद के दौरान हुई चचाओं के बारे में जानकारी दी। यह बैठक 05 अप्रैल को नई दिल्ली में रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने के साथ हुई थी। जापानी मंत्री ने रक्षा उपकरण और प्रौद्योगिकी में सहयोग सहित द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और बढ़ाने के लिए जापान की उत्सुकता को दोहराया। बैठक के बाद राजनाथ सिंह ने बताया कि भारत एक स्वतंत्र, खुले, सुरक्षित और नियम-आधारित इंडो-पैसिफिक के लिए जापान के दृष्टिकोण को साझा करता है। उन्होंने जोर दिया कि दोनों देशों को अपने द्विपक्षीय सहयोग के दायरे का विस्तार करना जारी रखना चाहिए। जापानी मंत्री ओका के साथ भारत में जापान के राजदूत सुजुकी हिरोशी भी थे, जिन्होंने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने की दिशा में मजबूत और सकारात्मक नेतृत्व प्रदान करने के लिए रक्षा मंत्री को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने भी उपस्थित थे।भारत के रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और जापान के अंतरराष्ट्रीय मामलों के रक्षा उपमंत्री ओका मसामी ने बुधवार को नई दिल्ली में 7वीं भारत-जापान रक्षा नीति वार्ता की सह-अध्यक्षता की। भारत-जापान रक्षा नीति वार्ता के दौरान सैनिक अभ्यास और अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों, रक्षा उपकरण और प्रौद्योगिकी में सहयोग सहित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

संसद भवन परिसर में विपक्षी दलों ने निकाला तिरंगा मार्च

नई दिल्ली, एजेंसी। बजट सत्र के दूसरे चरण के आखिरी दिन गुरुवार को कांग्रेस तथा विपक्ष के कई दलों ने यहां संसद भवन परिसर से तिरंगा मार्च निकाला और कहा कि यह उनकी लोकतंत्र को बचाने और बोलने का अधिकार बरकरार रखने की लड़ाई है। तिरंगा मार्च लोकसभा के अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद यहां संसद भवन परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति के सामने से निकाला गया, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी तथा विपक्षी दलों के सांसदों ने भाग लिया। मार्च में हिस्सा लेने वाले सभी सदस्य हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा में शामिल हुए। श्री खड़गे ने मार्च के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि अदानी महाघोटाले पर मोदी सरकार डरी हुई है, इसलिए वह संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन नहीं करना चाहती है। कांग्रेस तथा विपक्ष के संसद सदस्य इसी मांग को लेकर संसद भवन से विजय चौक तक तिरंगा मार्च निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा, लोकतंत्र में लोकतांत्रिक तरीके से लड़ना हमारा अधिकार है।

जल और हरियाली है तभी सभी का जीवन सुरक्षित है : मुख्यमंत्री

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लघु जल संसाधन विभाग के 715 करोड़ रुपये की लागत की 628 सतही सिंचाई एवं जल संचयन योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लघु जल संसाधन विभाग के द्वारा आयोजित उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को बधाई देता हूं एवं अभिनंदन करता हूं। आज लघु जल संसाधन विभाग की 242 योजनाओं का उद्घाटन एवं 386 योजनाओं का शिलान्यास किया गया है। 99 आहर पईन, 85 तालाब, 22 चेकडैम एवं 36 लिफ्ट सिंचाई योजनाओं का उद्घाटन किया गया है और 222 आहर पईन, 113 तालाब, 22 चेकडैम एवं 29 लिफ्ट सिंचाई योजनाओं का शिलान्यास किया गया है। जिन योजनाओं का शिलान्यास किया गया है उनका काम भी तेजी से ससमय पूर्ण करें। वर्ष 2006-07 में लघु जल संसाधन विभाग का बजट 262 करोड़ रुपये था जो अब बढ़कर 1020 करोड़ रुपये हो गया है। लघु जल संसाधन विभाग की जिम्मेवारी और बढ़ गई है, ग्रामीण इलाकों में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने की भी जिम्मेवारी है। ग्रामीण इलाकों में ज्यादातर काम लघु जल संसाधन विभाग के द्वारा कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2019 में सभी पार्टियों के विधायकों एवं विधान पार्षदों के साथ 8 घंटे की मीटिंग कर जल-जीवन-हरियाली अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। जल - जीवन - हरियाली का मतलब है जल और हरियाली है तभी सभी का जीवन सुरक्षित है। इस योजना के तहत तालाब, आहर, पईन और कुआं का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। कुआं एवं चापाकल के बगल में जल संचयन को लेकर सोख्ता का भी निर्माण कराया जा रहा है। जंगल एवं पहाड़ी क्षेत्रों में जल संचयन को लेकर चेकडैम का भी निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल-जीवन-हरियाली अभियान को लेकर 19 जनवरी 2020 को बिहार में अब तक की सबसे बड़ी मानव श्रृंखला बनाई गई थी।

योजना अजा/अजजा और पिछड़ी जाति/अति पिछड़ी जाति कल्याण के लिए सरकार की पहलकदमियां का दिख रहा असर

विद्यालय सह छात्रावास योजना का सैंकड़ों महादलित विद्यार्थी उठा रहे लाभ

वर्ष 2022-23 में योजना हेतु 85.40 लाख रु. का बजट प्रावधान किया गया

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। अजा/अजजा और पिछड़ी जाति/अति पिछड़ी जाति कल्याण के लिए सरकार द्वारा की जा रही पहलकदमियां का असर दिख रहा है। सरकार की योजनाओं से इस समुदाय के छात्र-छात्राओं का काफी लाभ पहुंचा है। इस कड़ी में विद्यालय-सह छात्रावास योजना का क्रियान्वयन पटना और गया में किया गया है।

इस योजना से पटना की 150 महादलित लड़कियां और गया के 100 महादलित विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं। इस विद्यालय को राष्ट्रीय मान्यता मिल रही है। वर्ष 2022-23 में योजना हेतु 85.40 लाख रु. का बजट प्रावधान किया गया है। अनुसूचित जाति समुदायों में बेतिया, बाराहाट, रूपावेल, दूलमपुर (जमुई), मारवा और शीतलपुर (कटिहार), मलिनिया, कुमारकोठी (पूर्णिया), सारोदाग और कैमूर (भभुआ) और रायहल (रोहतास) में कुल 10 आयुर्वेदिक अस्पतालों के लिए स्वीकृति दी गई है। वर्ष 2022-23 में अस्पतालों के रखरखाव के लिए 187.53 लाख रु. आवंटित किए गए हैं। वर्ष 2021-22 में पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थयों के लिए मुख्यमंत्री व्यावसायिक पाठ्यक्रम मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण योजना नामक नई योजना का आरंभ किया गया है। इस योजना के तहत पटना स्थित चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान और ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान में प्रबंधकीय परीक्षाओं (कैट, मैट और अन्य रोजगार उन्मुखी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं) के लिए मुफ्त मार्गदर्शन शुरू किया गया है। विधि पाठ्यक्रमों (क्लैट और न्यायिक सेवाओं) के लिए ऐसा मार्गदर्शन चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय उपलब्ध करा रहा है। जिन

विद्यार्थियों की पारिवारिक आय अधिकतम 3.00 लाख है वे इस योजना के लिए पात्र हैं। इस योजना के लिए 2022-23 में कुल 70.24 लाख रु. स्वीकृत किए गए हैं।

जननायक कपूर्री ठाकुर छात्रावास योजना : पिछड़े और अति पिछड़े वर्गों के विद्यार्थियों के लिए इस योजना की शुरूआत 2008-09 में की गई थी। अभी इसके अंतर्गत 32 जिलों में छात्रावास बनाए गए हैं और सभी 32 चालू हो गए हैं। इन सभी छात्रावासों में जननायक पुस्तकालय और डिजिटल अध्ययन केंद्र विकसित किए जा रहे हैं। राज्य में अति पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास और अन्य पिछड़ा वर्ग बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय भी चल रहे हैं। वर्ष 2021-22 में जननायक कपूर्री ठाकुर छात्रावास और अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावासों में पुस्तकालय तथा प्रेरणा के लिए 32.00 लाख रु. आवंटित किए गए हैं।

साथ ही, 12 अन्य पिछड़ा वर्ग बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालयों में डिजिटल अध्ययन केंद्र विकसित किए जा चुके हैं जो 11 जिलों में काम कर रहे हैं। अभी 32 जननायक कपूर्री ठाकुर छात्रावासों में पुस्तकालय काम कर रहे हैं और डिजिटल कक्षाओं के लिए स्वीकृति दी गई है जिसके लिए आवश्यक सामग्रियां खरीद ली गई हैं। वर्ष 2021-22 में अन्य पिछड़ा वर्ग बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालयों में ऑनलाइन कक्षाओं के लिए 20.40 लाख रु स्वीकृत किए गए हैं।

निदेशालय और क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना: पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के लिए विभिन्न कल्याण योजनाओं के कुशल क्रियान्वयन के लिए राज्य मुख्यालय में निदेशालय और प्रमंडल, जिला तथा अनुमंडल स्तरों पर क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना के लिए 2021-22 स्वीकृति प्रदान की गई है। निदेशालय के लिए कुल 26 और क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए 420 पद सृजित किए गए हैं।

मुख्यमंत्री पिछड़ी जाति एवं अति पिछड़ी जाति कौशल विकास योजना : इस योजना का मकसद वंचित लोगों का सामाजिक और आर्थिक कौशल बढ़ाकर उनलोगों को मुख्य धारा में लाना है। इस योजना का आरंभ 2017-18 में प्रत्याशियों का प्रशिक्षण पूरा हो गया है। पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्गों की कल्याण योजनाओं के लिए भौतिक हुआ था और इसका क्रियान्वयन श्रम संसाधन विभाग द्वारा किया जा रहा है।

संक्षिप्त खबरें

बूथों पर भाजपा स्थापना दिवस पर हुआ कार्यक्रम

फतुहा। भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर फतुहा नगर मंडल के बूथ सं. 272 देवीचक पर बूथ अध्यक्ष सह महिला मोर्चा के महामंत्री पूनम केशरी के आवास पर पार्टी का झंडा फहराया गया एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन सुना गया। इसके बाद दरियापुर, रायपुरा, बांकीपुर गोरख सहित विभिन्न बूथों पर बूथ अध्यक्ष और पार्टी कार्यकताओं के घर पर झंडा फहराया गया। मौके पर कार्यक्रम प्रभारी केशवकाँत प्रसाद, जिला महामंत्री अरविंद यादव, भाजपा नेता सुधीर यादव, विजय वत्स, राणा राजेंद्र पासवान, मुन्ना सिंह, विक्की सिंह, लक्ष्मण साहु, अरूण झा, अभिषेक झा, अनामिका अग्रवाल, पूनम केसरी, रंजना गुप्ता, मनीषा कुमारी, शैलेश गुप्ता, प्रेमकाँत केशरी समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

63 लीटर शराब के साथ आठ शराब तस्कर गिरफ्तार

मसौढ़ी पुलिस इन दिनों शराब कारोबारियों पर एक्शन मोड में है पुलिस ने बकरा मुसहरी में छापेमारी कर 63 लीटर महुआ निर्मित देसी शराब बरामद किया छापेमारी देख भाग रहे आठ शराब तस्करों को पुलिस ने खदेड़ कर धर दबोचा भखरा मुसहरी निवासी अमरावती देवी संपतिया देवी लालती देवी रिंकू देवी कविंद्र मांझी सिवप्पू मां जी निरंजन मांझी मनोज मांझी शामिल है पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया।

ट्रेन में महिला ने बच्चे को दिया जन्म

दानापुर खगौल बृहस्पतिवार को सुरक्षा नियंत्रण कक्ष दानापुर से सूचना प्राप्त हुआ कि गाड़ी संख्या 12392 डाउन के पीछे जनरल डब्बा में एक महिला यात्री को पीरा हो रहा है एटेन्ड करे दानापुर रे सु बल पोस्ट के अधिकारी एवं बल सदस्य व महिला आरक्षी अमरपाली ने अटेंड किया तब देखा कि एक महिला रीता देवी जो अपने पति दीपक कुमार 'ग्राम सेखपुर डीह थाना सेखपुर जिला शेखपुरा रहने वाले नई दिल्ली से राजगीर तक यात्रा कर रहे थे महिला यात्री रीता देवी को लेबर पेन दानापुर रेलवे स्टेशन पर होने लगा गाड़ी किसी यात्री द्वारा मार्ग रक्षन दल के प्रधान आरक्षी अधिक कुमार को सूचना दिया गया उनके द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त कोच को अटैंड किया गया साथ ही तत्काल ट्रेन मेनेजर' तथा सुरक्षा नियंत्रण कक्ष दानापुर को सूचित किया गया। सूचना पर मैं सहायक उप निरीक्षक एच एन राय साथ किऊ आर टी पार्टी व महिला आरक्षी अमरपाली प्लेटफार्म 01पर समय 7 बजे अटेंड किए तथा उक्त महिला आरक्षी द्वारा भी उक्त महिला को सहयोग किया गया हम लोग द्वारा पानी ब्लेड इत्यादि व्यवस्था कर दिया गया तथा अन्य महिला के सहयोग से एक स्वस्थ लड़के का जन्म हुआ। बाद मौके पर रेलवे हास्पीटल के 2 नर्स भी अटेंड कर उक्त महिला एवं बच्चे का उपचार कर बताया गया रेल पुलिस वेंकटेश कुमार ने कहा की महिला एवं बच्चा स्वस्थ हैं। आगे की यात्रा कर शक्ति हैं

विवाह सामग्री प्रदान किया

पटना सिटी (प्राकि)। लक्ष्मी अपराजिता सेवा संस्थान के तत्वावधान में कन्या विवाह सामग्री समारोह का आयोजन किया गया। इसमें आर्थिक रूप से कमजोर कन्याओं के बीच विवाह से संबंधित सामान प्रदान किया गया। संस्था की सचिव श्रीमती बैधुबाला सिन्हा, अरुण मेहता, आदि मेहता, संतोष चौधरी, राहुल मेहता, सुनीता सहनी, प्रतिभा सिंह आदि की उपस्थिति में प्रदान किया गया।

मां गंगा की हुई आरती

पटना सिटी (प्राकि)। चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर गंगा सेवादल समन्वय समिति के द्वारा श्री गुरु गोविंद सिंह घाट पर गंगा आरती का आयोजन किया गया। समिति के संस्थापक अध्यक्ष डॉ राजीव गंगवाल एवं महासचिव राजेश शुक्ला टिल्लू के नेतृत्व में यह आयोजन हुआ। पंडित मनोज भट्ट ने गंगा पूजन एवं महाआरती संपन्न कराया। इसके बाद राजनाथ राम की मंडली के द्वारा चैता गीत प्रस्तुत किया गया। किंग नासिक ढोल बाजा ने लोगों का स्वागत किया। इस दौरान शहर के अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

प्रसव के बाद अधिक रक्तस्राव को रोक मृत्यु दर कम

एनएमसीएच में मातृत्व मृत्यु दर को रोकने के लिए नर्सिंग स्टाफ को बताया गया टिप्स

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रसव के कारण मातृत्व मृत्यु दर सबसे अधिक होता है। अभी बिहार में एक लाख पर 113 प्रसूता की मौत अधिक रक्तस्राव के कारण हो जाती है। यह आंकड़ा वर्ष 2022 का है। हालांकि इसे कम करने के लिए एक निर्धारित समय-सीमा तय की गई थी। मगर उसे पूरा नहीं किया जा सका। अब एक बार फिर से वर्ष 2030 तक इसे पूरा कर 100 से नीचे लाने का लक्ष्य रखा गया है। यह बात एनएमसीएच में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के तत्वावधान में आयोजित सेफ मदरहुड कमेटी के साथ मिलकर आयोजित कार्यशाला में चिकित्सक वक्ताओं ने कही। एनएमसीएच के ऑडिटोरियम में पीपीएच पर कार्यशाला का आयोजन लेबरकॉन और सेफ मदरहुड कमेटी के तहत गुरुवार को किया गया। इसमें करीब सौ से अधिक स्टाफ नर्सेज ने भाग लिया और प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसकी अध्यक्षता और विषय वस्तु प्रवेश कराने का काम गाइनी की विभागाध्यक्ष प्रोडॉ उषा कुमारी की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान लखनऊ से आईं और सेफ मदरहुड कमेटी की चेयरपर्सन डॉ प्रीति कुमार और डॉ निभा मोहन ने संचालन किया। लखनऊ की डॉ सीमा मल्होत्रा, रांची की डॉ अनुपम सिंह, बिहार से डॉ अलका पांडेय ने पूरे आयोजन पर पीपीएच के कारण मातृत्व मृत्यु दर को कैसे कम किया जाए, इसके विभिन्न आयामों को बताने का काम किया। दरअसल लेबर रूम में प्रसव कराने में चिकित्सक के साथ नर्सिंग स्टाफ की अहम भूमिका होती है। प्रसव के दौरान अधिक रक्तस्राव होने पर मरीज की जान बचाने के लिए दो घंटा गोल्डन पीरियड होता है और इस समय चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ के द्वारा की गई सावधानी और एहतियात ही प्रसूता की जान बचा सकती है। इस कारण से उन्हें इस मामले में प्रशिक्षित किए जाने की सख्त जरूरत है। इस दौरान नालंदा मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ रेणु रोहतगी और गेस्ट फैकेल्टी ने मिलकर दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। आयोजन में एचओडी डॉ उषा कुमारी, डॉ अलका पांडेय, डॉ विनीता सिंह, डॉ ममता सिंह, डॉ सीमा मेहरोत्रा, डॉ अमिता सिन्हा, डॉ अनुपम सिंह, डॉ रजनी शर्मा, डॉ राजरानी, डॉ नूतन नारायण, डॉ अभिलाषा, डॉ वीणा सिन्हा, डॉ प्रतिमा कुमारी, डॉ आरती कुमारी आदि ने भाग लिया। इसके अलावा अन्य चिकित्सक, सीनियर और जूनियर चिकित्सकों ने भी इस कार्यशाला का पूरा लाभ उठाया।

दियारा में अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर नगर के अंतर्गत दियारा के गांव मानस, नया पानापुर ,अकिलपुर, में हुआ चौबीसों घंटे अखंड हरिकीर्तन का आयोजन। 5 अप्रैल से 6 अप्रैल तक चौबीसों घंटे अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया इसके पूणार्हुति के बाद प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर बिहार भाजपा नेता भाई सनोज यादव ने हनुमान जयंती पर बताएं कि सेवक व भक्त हनुमान जी की तरह होना चाहिए।

निस्वार्थ निरंतर श्री राम जी के सेवा ततपर रहे और आज भी कोई इन्हें सच्चे मन से भक्ति करे तो सारे कष्ट का निवारण हो जाता है।हनुमान जी पर श्री राम के अलावे माता जानकी का भी आशीर्वाद प्राप्त है। दानापुर के दियारा क्षेत्र में आज भी लोग धर्म के प्रति असीम श्रद्धा रखते हैं अखंड गाने वाले पश्चिम चंपारण के बेहतरीन गायक कलाकार महिला व पुरूष अपने टीम के साथ आये थे और ' हरे कृष्ण, हरे राम, राम राम हरे !" धुन पर लोगों को आत्मविभोर कर दिया आयोजक सुरेश सिंह उर्फ श्रवण सिंह थे इन्होंने प्रदेश भाजपा नेता एवं दानापुर के वरिष्ठ नेता भाई सनोज यादव कोअंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर लाल साहब चंद्रवंशी, रामजी राय,धर्मेन्द्र सिंह,गोरख राय,नीरज सिंह, नवराज कुमार यादव भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

शिक्षा ही बदलाव का बड़ा व कारगर हथियार : डॉ मीना

हिन्दी विभाग की अतिथि व्याख्याता को दी गई विदाई

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

रामेश्वर दास पन्ना लाल महिला कॉलेज के हिन्दी विभाग में डॉ मीना ने अतिथि व्याख्याता के रूप में सितंबर, 2022 को योगदान दिया था। विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा आयोजित चयन प्रक्रिया में डॉ मीना का चयन सहायक प्राध्यापक के स्थायी पद पर हुआ। इसके बाद उन्होंने बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के डी.सी. कॉलेज, हाजीपुर में 28 मार्च, 23 को योगदान कर लिया है। डॉ मीना को हिन्दी विभाग की तरफ से विदाई दी गई। विभागाध्यक्ष प्रो शिवचन्द्र सिंह ने अपनी लिखित पुस्तकें, पत्रिका विभाषा संसृति का नूतन अंक एवं लेखन सामग्री प्रदान कर उन्हें विदाई देते हुए डॉ मीना के उज्ज्वल एवं मंगलमय भविष्य की कामना की। साथ ही उन्हें और आगे बढ़ने का आशीर्वाद भी दिया। हिन्दी विभाग की अंशकालिक व्याख्याता बरखा सागर ने स्व निर्मित शुभ कलश तथा मोनी कुमारी ने अंगवस्त्रम् प्रदान कर उनको विदा किया। विभाग की छात्राएं रीतिका कुमारी, आर्या कुमारी और कविता कुमारी द्वारा भी भावुकतापूर्ण विदाई दी गई। डॉ मीना ने छात्राओं को उद्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही बदलाव का सबसे बड़ा एवं कारगर हथियार है। शिक्षा ग्रहण करने में आपलोग कोताही नहीं करेंगी, यही उनके लिए यहां से सच्ची विदाई होगी। इस अवसर पर कॉलेज के अतिथि व्याख्याता डॉ सीमा, डॉ रेखा कुमारी, डॉ शहनाज, अनीशा कुमारी, डॉ अमोल एवं डॉ दशरथ कुमार मंडल भी उपस्थित रहे।

मैंने प्रभु और गुरु होकर भी धोए पैर तुम्हारे

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। पादरी की हवेली स्थित महागिरजाघर में मिस्सा पूजन का आयोजन किया गया। इसमें प्रभु ईसा मसीह के द्वारा दी गई शिक्षा का स्मरण कर पटना सिटी के ईसाई भाई-बहनों ने पूजा विधि में हिस्सा लिया। चर्च के पल्ली पुरोहित फादर ललित बारा की ओर येरस्टू की स्थापना के तहत शिष्यों के पैर धोने, परम प्रसाद व पुरोहित की वर्षगांठ को लेकर मिस्सा बलिदान पूजा की। शुक्रवार को गुड फ्राइडे का त्योहार मनाया जाएगा। इसमें प्रभु की वाणियों पर प्रार्थना व क्रूस रास्ता का आयोजन होगा। रविवार को ईस्टर का त्योहार मनेगा। इस पुण्य गुरुवार के दिन प्रभु ईसा मसीह ने अनेक साल पहले अपने मानने वालों को यह शिक्षा दी कि चाहे कोई भी हो, अमीर या गरीब, किसी भी रुतबे का हो, पर हर किसी को हमें एक समान समझना चाहिए और इसी को दशार्ने के लिए प्रभु ईसा मसीह ने अपने 12 चेलों के पैर धोए थे। इस महान शिक्षा के लिए सिर्फ ईसाई समुदाय नहीं, बल्कि दुनिया के हर धर्म के लोग प्रभु ईसा मसीह को गुरु के रूप में मानते हैं। उनकी शिक्षा को सर्वोपरि रखते हैं। आज के ही दिन उन्होंने दुनिया को प्रेम का सबसे बड़ा उदाहरण दिया और यह शिक्षा दी एक गुरु भी अपने अहं को त्याग कर अगर अपने सेवक को अपने समान बराबरी का दर्जा दे, तो वह न सिर्फ उनका दिल जीत सकता है, बल्कि विश्व में प्रेम और भाईचारे का अद्भुत उदाहरण बन सकता है। मिस्सा बलिदान को पल्ली पुरोहित फादर ललित और सहायक पुरोहित फादर प्रदीप ने चढ़ाया।

कार्यक्रम में अभिषेक पैट्रिक, पूजा एन शर्मा, विक्टर अल्फेंस, कांता अल्फेंस, रिचर्ड रंजन, अग्नेस जेरेमी, अनिता कुजूर, अल्बर्ट माइकल, रोजमंड जेरेमी, एंथोनी राज आदि मौजूद रहे।

हनुमत जयंती व चैती पूर्णिमा पर मंदिर व घरों में हुआ धार्मिक आयोजन

सामूहिक सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ, अन्य धार्मिक कर्मकांड

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

हनुमत जयंती और चैती पूर्णिमा पर गुरुवार को मंदिरों में धार्मिक आयोजन किया गया। गंगा के विभिन्न घाटों पर स्नान को भक्तों की भीड़ जुटी थी। मच्छरहट्टा गली में हनुमत जयंती पर तीन आयोजन किए गए।

श्री संकट मोचन हनुमत मंदिर में हनुमान जी महाराज का रुद्राभिषेक वैदिक पूजन के साथ हुआ। शुक्रवार से 24 घंटे का अखंड रामायण पाठ होगा। आयोजन को ले डॉ त्रिलोकी प्रसाद गोलवारा, बसंत लाल गोलवारा, संत लाल गोलवारा, राजकुमार चंद्रवंशी, संजय जैन आदि शामिल हुए। श्री काले हनुमान मंदिर में भी हनुमान जी का भव्य श्रृंगार किया गया पंडित राजेश मिश्र की देखरेख में श्री काले हनुमान जी को स्नान पंचामृत स्नान के बाद उन्हें वस्त्र अर्पित कर श्रृंगार किया गया इसके बाद सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ के बाद आरती की गई भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया आयोजन में आकाश कुमार, देवा दीपू प्रसाद अनिल पटेल राजेश वर्णवाल सियाराम संजय कुमार आदि सक्रिय थे। श्री मेहंदीपुर बालाजी सेवा भक्त मंडल के द्वारा भी बालाजी का भव्य श्रृंगार कर उन्हें छप्पन भोग अर्पित किया गया आचार्य नंदलाल झा के नेतृत्व में सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया गया आयोजन में रत्नेश सिंह नरेश साउंड एक मंटू गोलवारा गणेश मनोज कुमार विकी जोशी अर्चना गुप्ता रूबी कुमारी आदि सक्रिय रहे।

बारी बेगमपुर स्थित श्री जल्ला महावीर मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव समारोह का आयोजन किया गया श्री जला महावीर अस्थान न्यास समिति के प्रबंधक बालाजी महाराज के द्वारा हनुमान जी को सवामणी का लड्डू प्रसाद का भोग लगाया गया श्रीमती मंजू जैन एवं उनके साथियों के द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया जितेंद्र बाबा एवं उनकी पूरी टीम के द्वारा हनुमान जी की आरती की गई इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया इस दौरान न्यास समिति के सभी सदस्यों में रमन केडिया पवन झुनझुनवाला प्रदीप जैन संजय गोप कर्मवीर कुमार प्रमोद मेहता बबलू सिंह प्रफुल पांडे बबलू यादव आदि मौजूद थे। गुवाहाटी स्थित श्री तुलसी अतिथिशाला में भी हनुमत जयंती मनाया गया। पानदरिवा गली स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में वैदिक पूजन के साथ अखंड हनुमान चालीसा पाठ हुआ, जिसकी पुणार्हुति शुक्रवार को होगी। आयोजन में परमानंद स्वर्णकार, विजय तिवारी, मंजूल कुमार मंजूल, शैलेश यादव सोनू, गणेश गुप्ता, सचिन सैनी, वासुदेव मिश्र, अरविंद मिश्र, अशोक कुमार, बबलू बाबा, कल्लू आदि शामिल थे। शक्तिपीठ श्री बड़ी पटनदेवी में महंत विजय शंकर गिरि, विकास गिरि और सिद्धपीठ छोटी पटनदेवी में आचार्य अभिषेक अनंत द्विवेदी और विवेक द्विवेदी के देखरेख में धार्मिक अनुष्ठान और रुद्राभिषेक हुआ। पटना साहिब रेलवे कॉलोनी स्थित श्री हनुमान मंदिर में रुद्राभिषेक, हनुमान जी का पूजा-पाठ के साथ सुंदर कांड व हनुमान चालीसा पाठ हुआ। आयोजन में महंत अशोक गिरि, पुरुषोत्तम बाबा, अजय चतुर्वेदी, संजय चौबे, अनिल कुमार, जयकृष्ण प्रसाद, विनोद महतो, सुधीर पांडेय, महेश चंद्र जायसवाल आदि थे।

भाजपाइयों ने पार्टी का झंडा फहरा व राष्ट्रपति के भाषण की प्रति पढ़ मनाया स्थापना दिवस

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर पार्टी का झंडोत्तोलन किया गया और पार्टी के स्थापना काल से सक्रिय रहे पुराने कार्यकताओं को सम्मानित कर मनाया स्थापना दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम से पूर्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित किया गया। प्रवक्ता राजेश साह ने कहा कि पार्टी की गौरवशाली विकास यात्रा एवं केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार की उपलब्धियों का व्यापक स्तर पर जन-जन तक चर्चा करने पर बल दिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी का भाषण एलईडी स्क्रीन एवं मोबाइल के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकताओं एवं लोगों ने सुना। पूरब द्वार मंडल द्वारा हाजीगंज मोड़ पर झंडोत्तोलन किरण शंकर ने किया। इसमें राजू जायसवाल, महेश पासवान, राजेश साह, शशिकांत शुक्ला, ओम पासवान, संतोष जायसवाल, बिट्टू चंद्रवंशी, पिंकी कुमारी आदि शामिल थे। भाजपा पश्चिम द्वार मंडल के महामंत्री विनोद शौण्डिक की ओर से शक्तिकेंद्र पर स्थापना दिवस मना। आयोजन में जितेंद्र कुमार, राजेश कुमार पांडेय, सोहन, रूपक, अवधेश, राकेश नवरंग आदि उपस्थित थे। अगमकुआं मंडल में अजय पंडित की ओर से आयोजित कार्यक्रम में वार्ड पार्षद गायत्री गुप्ता, प्रतिनिधि राजू गुप्ता, दया नरेंद्र प्रकाश, राजू मेहता आदि शामिल हुए। भाजपा सती सावित्री सत्यवान मंडल में अखिलेश मेहता, चौक मंडल में सन्नी यादव, गायघाट मंडल में हरेंद्रनाथ चंद्रवंशी व संजय सिंह, बजरंग मंडल में मृत्युंजय बल्दिहार, पश्चिम द्वार मंडल में बद्रीनाथ गुप्ता, अगमकुआं मंडल में अजय पंडित, पहाड़ी मंडल में भरत महतो, सती सत्यवान मंडल में अखिलेश महतो, मोगलपुरा मंडल में ओम प्रकाश निषाद, चित्रगुप्त मंडल में अशोक भारती, खाजेकलां मंडल में अमित कुमार सिंह, चौक मंडल में सन्नी यादव, जल्ला महावीर मंडल में शंकर मेहता, मारूफगंज मंडल में मनोज कुमार साह और मालसलामी मंडल में मनीष कुमार के नेतृत्व में पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। मिठाइयां, जलेबी आदि का वितरण किया गया।

मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप, पति गिरफ्तार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बहादुरपुर थाना क्षेत्र में महिला ने फंदा से झूल सुसाइड कर ली, तो मायके वालों ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने पर सुसाइड किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रा ने आत्महत्या कर ली है। थानाध्यक्ष योगेश चंद्र ने बताया कि रामपुर नहर रोड में झोपड़पट्टी के पास रहने वाले संतोष कुमार की पत्नी अर्चना कुमारी ने फंदा से झूल कर जान दे दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मृतका के नैहर वालों के बयान पर दहेज हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी पति संतोष कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में जहानाबाद के परस बीघा थाना क्षेत्र के खेड़ा के रहने वाले अजय कुमार ने कहा कि भतीजी अर्चना कुमारी, जिसकी उम्र 22 वर्ष पिता अनुज राउत की शादी वर्ष 2021 में पटना के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के रामपुर रोड रेनबो टावर के रहने वाले 25 साल के संतोष कुमार पिता राजेश प्रसाद के साथ किया था। शादी के चार-पांच माह के बाद से ही भतीजी के पति संतोष कुमार, मां माधुरी देवी, ननद रूपा एवं उसके पिता राजेश प्रसाद दान दहेज एवं मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। नहीं दिए जाने पर यह सब उसके साथ मारपीट करते रहे। हालांकि अर्चना इस बात को परिजनों से छुपाती रही। जब इन लोगों के द्वारा अधिक प्रताड़ना किया गया, तो पांच अप्रैल को भाभी बीमा देवी एवं बड़े भैया अनुज राउत, जो लुधियाना में रहकर प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं, वह बुधवार को करीब ढाई बजे सूचित किए कि अर्चना के पति संतोष सूचित किए हैं कि उसकी तबीयत काफी खराब है और निजी अस्पताल में भर्ती है। जब वहां पहुंचा तो भतीजी आईसीयू के बेड नंबर दो पर मृत अवस्था में पड़ी थी।। उसका पति संतोष कुमार भी वहां मौजूद था। अर्चना के गले में काला रंग का फांसी का दाग दिखाई पड़ रहा था। उसके बाएं हाथ की कलाई में कटा का जख्म था। पूछताछ करने पर अर्चना के पति ने बताया कि सुबह में हल्का बकझक होने के कारण वह फांसी लगा ली। उसके सास-ससुर एवं ननद द्वारा दहेज की मांग को लेकर बराबर मारपीट किया जाता रहा था, जिसका उत्पीड़न सहन नहीं करने के कारण हुआ फांसी लगाई है। दूसरी ओर बहादुरपुर थाना के तपोवन कॉलोनी में स्थित लॉज में रहने वाले 25 वर्षीय अभिषेक आनंद ने फंदा से झूल कर जान दे दिया है। लॉज संचालक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरा से शव को निकाल पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृत युवक सहरसा का रहने वाला है। यहां पर रह कर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहा था।

ब्लड बैंक होगा चालू, फेको विधि से मोतियाबिंद का आपरेशन

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। श्री गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल में गुरुवार स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव प्रत्यय अमृत पहुंचे. यहां मिशन 60 के तहत कराए गए कार्य की प्रगति को उन्होंने देखा और समीक्षा भी की। प्रधान सचिव ने यहां कराए गए कार्य का अवलोकन करने के साथ ही जरूरी निर्देश भी अधिकारियों को दिया। उन्होंने बताया कि अस्पताल में फेको विधि से मरीजों का मोतियाबिंद आपरेशन किया जाएगा।

नेत्र विभाग में ऑटिफिशियल इंटिलिजेंस मशीन की सुविधा बहाल की गई है। सिटी स्कैन की सुविधा भी जल्द ही उपलब्ध कराई जाएगी। ब्लड बैंक को भी चालू किया जाएगा। इसके लिए तैयारी शुरूहो गई है। अल्ट्रासाउंड की एक मशीन यहां लगाई जाएगी। इसे बाद में जरूरत के अनुसार बढ़ाया जाएगा। दांत के मरीजों को एक्स-रे की सुविधा मिलेगी, इसके भी आदेशदिया गया है। नवजात बच्चों के लिए स्पेशल नेटर केयर यूनिट चालू होगा। पैथोलॉजी जांच की रिपोर्ट भी ऑन लाइन उपलब्ध होगी। एलएचवी नर्सिंग स्कूल का नया भवन बनाया जाएगा। हालांकि इसकी घोषणा पूर्व में भी की जा चुकी थी, मगर काम शुरू नहीं हो पाया है। एक माह में यह सब सुविधा उपलब्ध हो जाएगी. निरीक्षण के दौरान विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार राय, रेणु कुमारी, उप सचिव राजेश कुमार, सिविल सर्जन डॉ श्रवण कुमार, बीएमआईएससीएल के जीएम वीरेंद्र कुमार, अस्पताल के अधीक्षक डॉ आरआर चौधरी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ विवेक कुमार सिंह, अस्पताल प्रबंधक मो शब्बीर खान, डॉ अभिनव आनंद और अन्य अधिकारी व चिकित्सक मौजूद थे।

देश श्रेष्ठ हो रहा है, बिहार को भी श्रेष्ठ बनाना होगा : सम्राट चौधरी

बोलें-भाजपा ऐसी पार्टी है जहां कार्यकर्ता होना भी सम्मान की बात है

- स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी मंडल अध्यक्ष के घरों पर पार्टी का झंडा लगाया गया तथा दीवाल लेखन किया गया

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में जनसंघ के वरिष्ठ कार्यकताओं और जे पी सेनानियों को सम्मानित भी किया गया। दीवाल लेखन कार्यक्रम के तहत पार्टी कार्यालय के बाहरी दीवाल तथा पटना के किदवईपुरी कमल फूल बनाकर तथा फिर से नरेंद्र मोदी सरकार देश में फिर से भाजपा सरकार किनारों को बुलंद किया गया '

समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जहां कार्यकर्ता होना भी सम्मान की बात है। चौधरी ने स्थापना दिवस को शुभ दिन बताते हुए कहा कि जब पार्टी की स्थापना हुई होगी तो मात्र उस दिन की कल्पना ही की जा सकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के 43 वर्षों में बिहार प्रदेश का मैं 21 वां अध्यक्ष हूं। बिना किसी पार्टी के नाम लिए राजद को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि एक पार्टी ऐसी भी है जिसकी स्थापना 1997 में हुई तब से एक ही अध्यक्ष है। इसी तरह कांग्रेस में 75 वर्षों में 21 अध्यक्ष भी नही बन पाए। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें लोकतंत्र स्थापित है और संरचना बदलते रहती है। उन्होंने जदयू के बिना नाम लिए तंज कसते हुए कहा कि बिहार में एक ऐसी भी पार्टी है जहां एक पॉकेट से राष्ट्रीय अध्यक्ष और दूसरे पॉकेट से प्रदेश अध्यक्ष निकलते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए कार्यकर्ता ही सब कुछ हैं। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि आज बड़ी चुनौती भी है। आज संगठन बड़ा और मजबूत करना है तथा पार्टी को सरकार तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि बिहार में आजतक भाजपा ने अपने कंधों पर बैठाकर सरकार में बैठाने का काम किया।

उन्होंने कहा कि आज स्थापना दिवस के मौके पर संकल्प लेने की जरूरत है कि 2024 में फिर से नरेंद्र मोदी जी की सरकार बनानी है। उन्होंने कहा कि 2025 में हर हाल में बिहार में भी सरकार बनानी है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा के कंधे पर बैठकर मुख्यमंत्री बन गए, लेकिन क्रेडिट भाजपा को कभी नहीं दिए। उन्होंने कहा कि जंगलराज के खिलाफ लड़ाई हमने लड़ी है और इस संकल्प को और मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हम संकल्प को पूरा करने में न झुकेंगे न रुकेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश श्रेष्ठ हो रहा है और बिहार को भी श्रेष्ठ बनाना है।

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि भाजपा यह संकल्प लेकर आगे बढ़ रही है कि समाज सुखी हो, प्रदेश सुखी हो, देश सुखी हो। देश के गौरवशाली इतिहास के विषय को लेकर प्रधानमंत्री आगे बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कि अधिकार से ज्यादा कर्तव्य पथ पर बढ़ते हुए एक राष्ट्र, श्रेष्ठ राष्ट्र का संकल्प लेकर आगे बढ़े। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है इस पार्टी में कार्यकताओं की एक बड़ी फौज है पूर्व मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी निरंतर आगे बढ़ते हुए विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई पार्टी के कार्यकताओं ने अथक परिश्रम करके संगठन को मजबूत बनाया है।

स्थापना दिवस समारोह का संचालन भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश वर्मा ने किया जबकि अध्यक्षता भाजपा पटना महानगर के अध्यक्ष अभिषेक चंद्रवंशी ने किया धन्यवाद ज्ञापन जिला मंत्री दीपू चंद्रवंशी ने किया 'ए रहे मौजूद : कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश मुख्यालय प्रभारी सुरेश रुंगटा प्रदेश मंत्री पूनम शर्मा अमृता भूषण सजल झा विधान पार्षद अनिल शर्मा विधायक हरी भूषण ठाकुर देवेश कांत सिंह श्रीमती रश्मि वर्मा श्रीमती निक्की हेंब्रम मुरारी मोहन झा भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संजय सिंह टाइगर अरविंद सिंह अखिलेश सिंह प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश कुमार सिंह अशोक भट्ट राजेश झा राजू प्रेस पैनल विनोद शर्मा मनीष पांडे पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी पंकज सिंह राजीव रंजन प्रदेश कार्यालय मंत्री सतपाल नरोत्तम भाजपा पटना महानगर महामंत्री नवीन केसरी संजय पप्पू किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सरोज रंजन जितेंद्र सिंह सीमांत शेखर पटेल शुभम राज सिंह रितेश रंजन सुमित श्रीवास्तव सीमांत शेखर अंकित सक्सेना विनीत कुशवाहा सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे 'इस अवसर पर आज जनसंघ से जुड़े कार्यकर्ता एवं जेपी सेनानी बैजनाथ महतो लल्लू शर्मा दीपक केसरी महेंद्र अरोड़ा लक्ष्मी नारायण सा गजेंद्र यादव पारसनाथ गुप्ता हरिनंदन केसरी जय कृष्ण चंद्रवंशी चंद्रवंशी मुखिया सरदार अमर सिंह सीताराम राय सुरेंद्र तिवारी जुगल किशोर पांडे अवधेश सिन्हा सुगंध सिंह प्रकाश शर्मा प्रमोद सिंह छोटन सिंहअर्जुन गुप्ता विनोद सिंह कृष्ण कुमार सिंह रविंद्र भारती शिवनाथ सिंह वीर बहादुर सिंह डॉक्टर तरुण कुलवंत सिंह कपिल देव सिंह श्याम नंदन महतो शिव प्रसाद सिंह सुनैना देवी माधुरी अग्रवाल महेश प्रसाद दीना शाह हीरा शाह आदि लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

बिहार सरकार के कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों का इलाज सीजीएचएस स्कीम से हुआ शुरू

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पारस एचएमआई की ओर से पांच और छह अप्रैल को होटल मौर्या में मेगा कार्डियक कंटीन्यू मेडिकल एजुकेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें पारस एचएमआरआई के अलावा अन्य राज्यों से आए कई डॉक्टर शामिल हुए। पहली बार बिहार आए पारस हेल्थ के कार्डियक साइंसेस के चेयरमैन डॉ. एचके बाली ने इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी पर व्याख्यान दिया। इनके अलावा पारस एचएमआरआई के कार्डियोलॉजी विभाग के नये मुख्य निदेशक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. नीरज कुमार, गुरुग्राम से आए पेडियाट्रिक कार्डियोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. दीपक ठाकुर ने भी हृदय रोग के इलाज में हुए नवीनतम तकनीक और विकास पर अपने विचार साझा किए। दो दिनों तक चले इस सीएमई प्रोग्राम में सौ से अधिक हृदय रोग विशेषज्ञ शामिल हुए। इस अवसर पर पारस हेल्थ के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. सुहास आराध्येने बताया कि पारस एचएमआरआई कार्डियक साइंस में एक अलग पहचान बना चुका है और इसी को ध्यान में रखते हुए कार्डियक प्रोग्राम सभी अस्पताल में लागू किया जा रहा है।

हृदय रोग विज्ञान में एक नया आयाम हमलोग स्थापित करने जा रहे हैं। पारस वन हेल्थ कार्डियक साइंसेस मेडिकल प्रोग्राम को भारत के हर पारस एचएमआरआई में समान रूप से विकसित किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि पारस एचएमआरआई में अब बिहार सरकार के सभी कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों का इलाज सीजीएचएस यानी सेंट्रल गर्वमेंट हेल्थ स्कीम से शुरू हो गया है। यह इलाज उऋ्रठ्र ठअइल्ल कैश दर पर होगा। बिहार के सभी सरकारी कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों को इससे लाभ होगा। पारस में बहुत ही किफायती दर पर उनका विश्वस्तरीय इलाज होगा। कार्यक्रम में शामिल पारस हेल्थ के कार्डियक साइंस के चेयरमैन डॉ. एचके बाली ने कहा कि विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम हृदय रोग के मरीजों का बेहतर इलाज कर रही है। यही कारण है कि पारस एचएमआरआई के प्रति मरीजों का विश्वास और बढ़ा है। कम खर्च में विश्वस्तरीय सुविधा यहां मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही है। बिहार में पारस एचएमआरआई अस्पताल हृदय रोगियों के इलाज के लिए सबसे बेहतर अस्पताल साबित हो रहा है। साथ ही अन्य कार्डियक डॉक्टरों की टीम भी इसमें शामिल हुई और कार्डियक साइंस के क्षेत्र में हुए अत्याधुनिक विकास और प्रगति पर विचार साझा किए। सीएमई कार्यक्रम में पटना पारस एचएमआरआई की पांच सदस्यीय कार्डियोलॉजिस्ट की टीम डॉ. नीरज कुमार के नेतृत्व में शामिल हुई। इनमें डॉ. निशांत त्रिपाठी, डॉ. अशोक, डॉ. कमलेश, डॉ. श्रवण प्रमुख थे। इसके अलावा तीन सीटीवीएस सर्जन डॉ. अरविंद गोयल, डॉ. धीरज सांडिल्य एवं डॉ. आदित्य भी इसमें शामिल हुए। वहीं, देश के अन्य पारस से आए हृदय रोग विशेषज्ञों ने भी इस क्षेत्र में हुए अत्याधुनिक प्रयोग और हृदय रोग के इलाज में हुए विकास पर अपने-अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए।

देवरी स्टेशन पर रूकेगी जबलपुर-सिंगरौली इंटरसिटी एक्सप्रेस

पटना। पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 11651/11652 जबलपुर-सिंगरौली-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का जबलपुर मंडल के देवरी स्टेशन पर दिनांक 07 अप्रैल से प्रायोगिक तौर पर अगले 06 माह के लिए ठहराव प्रदान किया गया है। गाड़ी संख्या 11651 जबलपुर-सिंगरौली इंटरसिटी एक्सप्रेस दिनांक 07 अप्रैल से 15.31 बजे देवरी स्टेशन पहुंचेगी तथा यहां से 15.32 बजे प्रस्थान करेगी। इसी तरह वापसी में गाड़ी संख्या 11652 सिंगरौली-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस 10.55 बजे देवरी पहुंचकर यहां से 10.56 बजे प्रस्थान करेगी।

हनुमान जयंती पर विशेष पूजा अर्चना व अखंड कीर्तन

पटना। कलयुग के देवता एवं भगवान श्री राम के दूत राम भक्त हनुमान जी महाराज के प्रकट उत्सव पर पंचमुखी हनुमान मंदिर राजबंशी नगर विशेष पूजा अर्चना की गई और भगवान से सर्वजन कल्याण की कामना की गई। इस मौके पर मंदिर के मुख्य पुजारी संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि भगवान के प्रकटोत्सव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई और भगवान को भोग लगाया गया तथा उन्हें नया वस्त्र अर्पित किया गया। इस मौके पर मंदिर परिसर में विशेष विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद 24 घंटे का अखंड कीर्तन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। आज के विशेष पूजन के मौके पर बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने मंदिरा कर भगवान हनुमान जी की पूजा अर्चना की और बिहार और देश के कल्याण के लिए भगवान से प्रार्थना की।

दिव्यांगजन एवं महिला रेल यात्रियों के आरक्षित कोच में यात्रा करने वाले 746 लोगों पर हुई कार्रवाई

पटना । रेल सुरक्षा बल और रेलवे के अग्रिम पंक्ति के कर्मचारी महिला रेलयात्रियों की सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे तत्पर रहते हुए महिलाओं को सुरक्षित रेल यात्रा सुनिश्चित कराने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं । इसी कड़ी में पूर्व मध्य रेल द्वारा रेल मदद एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर महिला रेल यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े प्राप्त प्रत्येक मामलों को काफी गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है । सोशल मीडिया पर प्राप्त शिकायतों के आलोक में आरपीएफ द्वारा महिला रेल यात्रियों के लिए आरक्षित कोच में यात्रा करने वाले पुरूष यात्रियों, दिव्यांगजन के लिए आरक्षित कोच में यात्रा करने वालों तथा ट्रांसजेंडरों की धर-पकड़ के लिए दिनांक 03 से 05 अप्रैल तक 03 दिनों का एक विशेष अभियान चलाया गया । पूर्व मध्य रेल के रेल सुरक्षा बल द्वारा तीन दिनों तक चलाए गए इस विशेष अभियान में रेलवे एक्ट 162 के तहत महिला यात्रियों के लिए आरक्षित कोच में यात्रा करते हुए 221 पुरूष यात्रियों को पकड़ा गया । इसी तरह रेलवे एक्ट 155 के तहत दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित कोच में अनधिकृत रूप से यात्रा करते हुए 504 लोगों को पकड़ा गया । इस दौरान 21 ट्रांसजेंडरों को भी हिरासत में लिया गया । हिरासत में लिए गए लोगों के विरूद्ध रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की गयी । पूर्व मध्य रेल द्वारा यह अभियान आगे भी जारी रहेगा । उक्त जानकारी पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विरेंद्र कुमार द्वारा दी गई है।

निषाद राज की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहकारी संघ की ओर से गुरूवार को मीन भवन सभागार में निषाद राज गुह की जयंती बड़े श्रद्धा व उत्साहपूर्वक मनाई गई। निषाद राज गुह के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। राष्ट्रीय व बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहकारी संघ के सदस्यों ने कहा की निषादों के अराध्य देव भगवान निषाद राज गुह भगवान श्री राम के बाल सखा होने के कारण दोनों के बीच प्रेम भाव ऐसा था कि दोनों एक दूसरे का सम्मान करते थे। मौके पर मुख्य अतिथि और बिहार विधान परिषद् के सदस्य हरि सहनी ने कहा महर्षि वशिष्ठ के आश्रम में रहकर भगवान श्रीराम और निषादों के अराध्य निषाद राज गुह ने शिक्षा और संस्कार प्राप्त की। प्रभु श्रीराम, भगवान निषाद राज गुह के परम मित्र थे। श्री राम के सखा होने के कारण त्रेतायुग के सम्पूर्ण समाज में निषाद समाज की विशेष प्रतिष्ठा थी। यही कारण हैं की निषाद राज गुह रामराज और रामायण के खास पात्र रहे। जिसके बारे में विस्तार से वर्णन रामायण के अयोध्या कांड में किया गया है। मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रयाग सहनी ने कहा कि अपने राज्याभिषेक के कुछ वर्ष बाद भगवान श्रीराम ने अश्वमेघ यज्ञ करवाया था, जिसमें उन्होंने चारों दिशाओं के राजाओं को आमंत्रित किया था। भगवान श्रीराम वह सब करते रहे हैं, जैसा निषाद राज कल्पना करते थे। उनके श्रम और भक्ति को पूरा मान-सम्मान देते रहे और निषाद राज रामराज के प्रथम नागरिक बन जाते हैं। जब 14 वर्ष के वनवास के लिए भगवान श्रीराम निषाद राज गुह के राज्य में पहुंचते हैं, तो चित्रकुट जाने के क्रम में यमुना पार करने के लिए निषाद राज ने बांस की एक नाव बनाकर श्रीराम को सहयोग कर मित्रता की मिशाल कायम की थी। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक ऋषिकेश कश्यप ने बताया की भगवान श्रीराम पर आने वाले किसी संकट से जूझने को निषाद राज गुह हमेशा तत्पर रहे। उन्होंने प्रभु श्रीराम को अपना आराध्य माना और अपना जीवन एवं अपना सर्वस्व उन्हें समर्पित कर दिया। एक समय वनवास के क्रम में प्रभु श्रीराम पर खतरे की शंका मात्र से निषादों के आराध्य देव निषाद राज गुह अपने समाज और सेना को तैयार कर प्रभु राम की सुरक्षा में मर मिटने को तैयार हो गए थे और अयोध्या की सेना के सामने डट गए थे। वन में अपने भाई से मिलने जा रहे, अयोध्या सम्राट भरत की सेना को देख उन्हे संदेह हो गया था, कि उनके प्रभु राम के सामने सुरक्षा का संकट है। निषाद राज गुह को त्रेतायुग में जो सम्मान व गौरव प्राप्त था, आज वही सम्मान और गौरव प्राप्त करने हेतु संघर्ष की आवश्यकता है। समाज को आत्म सम्मान की सुरक्षा तभी मिलेगी, जब हम अपने आराध्य देव निषाद राज गुह को पुनः कलयुग में सम्मानित होते देखेंगे। उचिम सम्मान और समाज को गौरव दिलाने हेतु अंतिम क्षण तक हम संघर्ष करेंगे। हमें निषादों के गौरवशाली इतिहास पर नाज है, उनकी प्रेरणा और सामाजिक एकता से ही हमें सम्मान-प्रतिष्ठा मिलेगी। कार्यक्रम में अभिलाष कुमार, नीरज कुमार, धमेन्द्र सहनी, मदन कुमार, ब्रजेन्द्र नाथ सिन्हा, नरेश सहनी, अजेन्द्र कुमार, दिनेश सहनी (मंत्री), लाल बाबू सहनी (सरपंच), दिलीप सहनी (पूर्व अध्यक्ष), अरूण सहनी, वरूण सहनी, रामदेव महतो, रविन्द्र कुमार, रविकांत कुमार, प्रमोद कुमार रजक, रौशन कुमार, मुनाव्वर अली, अभिलाषा सिंह, गुड्डी बेगम, प्रियंका कुमारी, सिमरन, देवेन्द्र कुमार, श्रीमती कृष्णा देवी, उपाध्यक्ष, बिहार निषाद संघ एवं मीडिया प्रभारी जय शंकर उपस्थित थे।

खगोलविद आर्यभट्ट की जयंती के पर उन्हें लोजपा रा . ने किया नमन

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने महान गणितज्ञ एवं खगोलविद आर्यभट्ट की जयंती के अवसर पर उन्हें नमन किया है। इस मौके पर पटना के श्रीकृष्णापुरी स्थित पार्टी प्रदेश कार्यालय में लोजपा (रा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्री चिराग ने कहा कि ऐसे महान विभूति को किसी जात, धर्म, संप्रदाय और ना ही किसी राष्ट्र की परिधि में बांधा जा सकता है। महान खगोलविद् एवं गणितज्ञ आर्यभट्ट जी ने पूरे विश्व के कल्याण में अपनी महती भूमिका निभाई है, जिसे कतई भुलाया नहीं जा सकता। आज उनके जयंती के अवसर पर हम उन्हें कोटि-कोटि नमन करते हैं। बिहार के इस महान विभूति ने विश्व को एक नया राह दिखाई जिसके लिए बिहार के महान विभूति को पूरे विश्व में जाना जाता है।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री राजू तिवारी ने कहा कि यह हम सभी बिहारियों के लिए गौरव की बात है कि आर्यभट्ट जैसे गणितज्ञ और खगोलविद् ने बिहार की धरती पर जन्म लिया। उन्होंने दुनिया को जो कुछ भी दिया उसकी व्याख्या करना आसान नहीं। उनके प्रयासों द्वारा ही खगोल विज्ञान को गणित से अलग किया जा सका। उन्होंने ही दशमलव प्रणाली का विकास किया और सूर्य से विविध ग्रहों की दूरी के बारे में बताया। खगोल और गणितशास्त्र- इन दोनों क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के स्मरणार्थ भारत के प्रथम उपग्रह का नाम आर्यभट्ट रखा गया था।

इस मौके पर पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता राजेश भट्ट ने जहां बिहार सरकार से आर्यभट्ट के सम्मान में बिहार विधानसभा परिसर में उनकी आदमकद प्रतिमा लगाने वहीं केंद्र सरकार से दानापुर रेलवे स्टेशन का नाम आर्यभट्ट के नाम पर करने की मांग की । पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने बताया कि इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय श्री राजू तिवारी, राष्ट्रीय महासचिव डॉ सत्यानंद शर्मा, प्रधान महासचिव संजय पासवान, संगठन मंत्री रविन्द्र सिंह, राष्ट्रीय महासचिव डॉ शाहनवाज अहमद कैफी, युवा के राष्ट्रीय महासचिव अनिल पासवान, पार्टी के कोषाध्यक्ष सुरेंद्र विवेक, प्रदेश उपाध्यक्ष अशरफ अंसारी, अमर कुशवाहा, गबरु सिंह, विष्णु पासवान, इं रमेश कुमार, संजय सिंह, वेद प्रकाश पांडे, जितेंद्र यादव, विनीत सिंह, संजय चौधरी, कमलेश कुमार, अमित कुमार रानू, डॉ अजय, संजय चौधरी, हर्ष चोपड़ा,कमलेश कुमार अमरीश, डी के पाल, राजीव राय और विकास राय मौजूद थे !

बिहार विधानपरिषद में भाजपा के सबसे बड़ी पार्टी बनने पर सम्राट चौधरी ने कार्यकर्ताओं को दी बधाई

पटना। बिहार विधान परिषद के पांच सीटों पर हुए चुनाव में दो सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी के विजय होने पर भाजपा विधान परिषद में सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। भाजपा ने गया शिक्षक और स्नातक क्षेत्र पर अपना कब्जा जमाया है, जिससे भाजपा विधान परिषद में सबसे बड़ी पार्टी बन गई। बिहार विधान परिषद में भाजपा के सबसे बड़े दल बनने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि मतदाताओं ने भाजपा पर विश्वास जताकर भाजपा के कार्यों पर मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के कुशल नेतृत्त्व में भाजपा बिहार विधान प्ररिषद में सबसे बड़े दल के रूप में स्थापित हो गई है। विधान परिषद में सबसे बड़ी पार्टी बनने से उत्साहित विधान परिषद में विपक्ष के नेता चौधरी ने भाजपा कार्यकताओं को बधाई देते हुए कहा कि कार्यकताओं के मेहनत के बिना यह संभव नहीं था।

केंद्रीय मंत्री पारस छह दिवसीय दौरे पर पहुंचे पटना

पटना। केन्द्रीय मंत्री पारस छह दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को पटना आ रहे हैं। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस छह दिवसीय दौरे पर कल दिनांक 07 अप्रैल पूर्वाहन 10.00 बजे पटना आ रहे हैं। प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि श्री पारस पटना पहुँचनें के उपरांत राज्य कार्यालय में प्रेस मीडिया को संबोधित करेगें तत्पश्चात सड़क मार्ग होते हुए अपने संसदीय क्षेत्र हाजीपुर के स्थानीय कार्यक्रम में शामिल लेगें जिसमें महनार स्थित विशुनपुर चमराहा में वीर शिरोमणी बाबा चैहरमल जी के मूर्ति का अनावरण करेगें उसके उपरांत संसदीय क्षेत्र महनार टारा चैड़ी, फरीदपुर, राजापाकर में वीर शिरोमणी बाबा चैहरमल जी की जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेगें।

रालोजपा कार्यालय में मनायी गई बाबा चैहरमल की जयन्ती

पटना। महाबली बाबा चैहरमल की जयन्ती राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी कार्यालय में धूमधाम से मनाई गई। प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि बाबा चैहरमल के तैल्य चित्र पर पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र यादव, महिला प्रदेश अध्यक्ष डॉ स्मिता शर्मा, कल्पना शर्मा, राधाकान्त पासवान, अमरेश पाठक, मनीष त्यागी, सौलत राही, सौलत राही, दलित सेना के प्रदेश महासचिव कृष्णा पासवान, नवीन कुमार गुप्ता, नीरज सिंह, गोपाल सिंह, गौरव पोद्दार, सूरज पासवान, पंकज दांगी, अंकित दूबे, खुर्शीद अनवर, आशमीन खातून सहित तमाम लोगों ने बाबा चैहरमल जी को माला पहनाकर भावभीनीं श्रद्धाजंली दी। इस अवसर पर युवा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि महाबली बाबा चैहरमल सामाजिक न्याय के प्रयेद्ध थे इन्होनें सामंती विचार धारा की लड़ाई हमेशा लड़ते रहे, बाबा शिरोमणी साम्प्रदायिक सौहार्द के प्रतीक थे।

रामनवमी में हुई सुनियोजित हिंसा : दीपंकर

- बोलें - जनसंहार और कॉर्पोरेट लूट के गुजरात मॉडल को देश पर थोपना चाहती है भाजपा
- भाकपा - माले की दो दिवसीय राज्य कमिटी की बैठक जमुई में शुरू

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

रामनवमी मनाने के नाम पर बिहार में हुए तोड़-फोड़ और हिंसा का सुनियोजित अभियान चलाया गया, जो बेहद चिंताजनक है। इसके खिलाफ सामाजिक और राजनीतिक धरातल पर हमें काम करना है और भाजपा की साजिश को विफल करना है। हमे और अधिक सतर्कता व दृढ़ता के साथ फासीवादी ताकतों का मुकाबला करना होगा. उक्त बातें आज जमुई में आयोजित भाकपा - माले की राज्य कमेटी की बैठक में पार्टी के महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य ने कही।

माले महासचिव ने कहा कि बिहारशरीफ को सांप्रदायिक उन्माद-उत्पात के लिए बेहद सोच समझकर चुना गया। 100 साल पुराने ऐतिहासिक मदरसे को जला कर राख कर दिया गया। यह एक पहचान गिराने की कोशिश है।

यह मदरसा शिक्षाविद बीबी सोगरा द्वारा अपने पति मौलवी अब्दुल अजीज की याद में स्थापित किया गया था, जिन्होंने औपनिवेशिक सरकार की नौकरी छोड़कर 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लिया था। यह बेहद चिंताजनक है।

ये घटनाएं राज्य के सांप्रदायिक सद्भाव की विरासत और बिहार के हर एक शुभचिंतक को सचेत करने के रूप में सामने आई हैं। इस हिंसा के कुछ ही घंटों के भीतर अमित शाह द्वारा भाजपा के लिए जनादेश का निर्लज्जतापूर्ण आह्वान संघ-भाजपा के चुनावी गेम प्लान को एकदम से स्पष्ट कर देता है। उन्होंने शांति की अपील करने की बजाए सांप्रदायिक उन्माद की घटनाओं को वोट की राजनीति से जोड़ दिया। कहा कि गुजरात मॉडल जनसंहार पर आधारित मॉडल है। आज देश को बिहार मॉडल की जरूरत है। यह मॉडल देश को गुजरात होने से बचाएगा। बिहार मॉडल सामंती-साम्प्रदायिक हमलों को झेलते हुए जनान्दोलनों का मॉडल है।

बैठक में यह बात उभरकर सामने आयी कि उन्मादी घटनाओं के पीछे भाजपा की गहरी साजिश है। 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने बिहार में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की राजनीति शुरू कर दी ह।. रामनवमी के जुलूस को दंगा जुलूस में बदल दिया गया है. 10 से 12 साल के बच्चों के हाथों में हथियार थमाकर मुसलमानों के खिलाफ आपत्तिजनक बयानबाजी करवाई जा रही है।

बैठक मे भाजपा द्वारा बिहार मॉडल को बदनाम करने के प्रयासों को नाकाम करने पर बातचीत हुई। इसके अलावा पटना में आयोजित 11 वें महाधिवेशन के सफल कार्यक्रम पर भी बातचीत हुई। फासीवाद को हराने के लिए भाकपा - माले को वैचारिक - राजनीतिक स्तर को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। हम सभी हताहत परिवारों को तत्काल मुआवजा देने, मदरसे के पुनर्निर्माण की मांग करते हैं।14 अप्रैल को इस आलोक में पूरे राज्य में कार्यक्रम होंगे।

डॉ अम्बेदकर की मूर्ति पर माल्यार्पण, संविधान - लोकतंत्र को बचाने का लिया गया संकल्प

का दीपंकर भट्टाचार्य, स्वदेश भट्टाचार्य सहित राज्य सचिव कुनाल, अमर, राजाराम सिंह, मीना तिवारी, पार्टी के सभी विधायकों ने जमुई आगमन पर डॉ. अम्बेदकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और फासीवाद के खिलाफ संविधान और लोकतन्त्र बचाने का संकल्प लिया।

बैठक मे पार्टी के सभी जिला सचिव और संयोजक उपस्थित हैं। बैठक कल तक चलेगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता के डी यादव, आर एन ठाकुर, इंद्रजीत चौरसिया आदि की अध्यक्षता में बैठक चल रहीं है।

सार्वजनिक सूचना

मैं, कुमारी रोजी, पत्नी - संतोष कुमार, बाहरी धवलपुरा, पो.ओ.- बेगमपुर, पटना सिटी, पटना बिहार (800009), ने अपना नाम शपथपत्र संख्या - 1766/28.03. 2023 द्वारा कुमारी रोजी से बदलकर रोजी मेहता कर लिया है।

उत्तर मध्य रेल के रूमा-चंदारी रेलखंड के मध्य थर्ड लाईन की कमीशनिंग के मद्देनजर किया जाना है एनआई कार्य

रूमा-चंदारी के मध्य थर्ड लाईन की कमीशनिंग हेतु ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

उत्तर मध्य रेल के रूमा-चंदारी रेलखंड के मध्य थर्ड लाईन की कमीशनिंग के मद्देनजर एनआई कार्य किया जाना है जिसके फलस्वरूप पूर्व मध्य रेल की ट्रेनों के परिचालन में निम्नानुसार बदलाव किया गया है: मार्ग परिवर्तन 12 अप्रैल अप्रैल को हावड़ा से खुलने वाली 12307 हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग प्रयागराज छिवकी-मनिकपुर जं.-वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी) आगरा कैंट-अछनेरा के रास्ते जाएगी । 12 अप्रैल को सियालदह से खुलने वाली 12987 सियालदह-अजमेर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग प्रयागराज छिवकी-मनिकपुर जं.-वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी) आगरा कैंट-अछनेरा के रास्ते जाएगी । 12 अप्रैल को बीकानेर से खुलने वाली 22308 बीकानेर-हावड़ा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अछनेरा-आगरा कैंट-वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी)-मनिकपुर जं.-प्रयागराज छिवकी के रास्ते जाएगी ।पुनर्निर्धारित कर चलायी जाने वाली ट्रेनें: 12 अप्रैल को अलीपुरद्वार जं. से खुलने वाली 15483 अलीपुरद्वार जं.-दिल्ली एक्सप्रेस अलीपुरद्वार जं. से 150 मिनट पुनर्निर्धारित कर खुलेगी ।

12 अप्रैल को टाटा से खुलने वाली 18101 टाटा-जम्मूतवी एक्सप्रेस टाटा से 150 मिनट पुनर्निर्धारित कर खुलेगी । 12 अप्रैल को हावड़ा से खुलने वाली 12311 हावड़ा-कालका एक्सप्रेस हावड़ा से 120 मिनट पुनर्निर्धारित कर खुलेगी । 12 अप्रैल को पुरी से खुलने वाली 12819 पुरी-आनंद विहार टर्मिनस एक्सप्रेस भुवनेश्वर से 60 मिनट पुनर्निर्धारित कर खुलेगी । 13 अप्रैल को आनंद विहार टर्मिनस से खुलने वाली 12816 आनंद विहार टर्मिनस-पुरी एक्सप्रेस आनंद विहार टर्मिनस से 90 मिनट पुनर्निर्धारित कर खुलेगी । 13 अप्रैल को आनंद विहार टर्मिनस से खुलने वाली 12506 आनंद विहार टर्मिनस-कामाख्या एक्सप्रेस आनंद विहार टर्मिनस से 90 मिनट पुनर्निर्धारित कर खुलेगी । 13 अप

संक्षिप्त खबरें

सेविका के निधन पर शोकसभा

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत नरहन पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 353 की सेविका ममता कुमारी के निधन 6 अप्रैल गुरुवार को हो गई। उनके निधन पर बिहार राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ की ओर से एक शोक सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता संघ के जिला संयोजक संगीता कुमारी कर रही थी। मौके पर सेविका प्रतिभा कुमारी, माया प्रकाश, अनिता कुमारी, नीलम कुमारी, ममता सैनी, रेणू कुमारी, कुमारी बिंदु, गायत्री कुमारी, सरिता कुमारी एवं ग्रामीण शंभू रजक, मनोज कुमार पासवान, संजय कुमार साहनी, रामबाबू राय, क्रांति कुमार, राजेश कुमार, अनिल कुमार आदि उपस्थित थे।

दो लीटर देसी शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मिजार्पुर गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 2 लीटर देसी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान मिजार्पुर गांव निवासी रामखेलावन दास के पुत्र राजू कुमार के रूप में हुई है। वहीं थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

एक लीटर देसी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

शिवाजीनगर, समस्तीपुर। शिवाजीनगर प्रखंड अंतर्गत हथौडी थाना क्षेत्र के भटौरा गांव से हथौडी पुलिस ने गुप्त सूचना मिलने पर एक लीटर देसी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी कारोबारी की पहचान डेनिकॉर्न गांव थाना बहेरी जिला दरभंगा निवासी लाला मंडल पिता मुक्ति मंडल के रूप में हुई है। थाना अध्यक्ष विशाल कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मौके पर थाना अध्यक्ष विशाल कुमार सिंह, एसआई रमेश कुमार, सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

ड्यूटी के दौरान चौकीदार की मोटरसाइकिल चोरी, दर्ज करायी प्राथमिकी

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर स्थित दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के नीचे से बैंक में ड्यूटी कर रहे चौकीदार की मोटरसाइकिल 29 मार्च को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। इस संबंध में महषी वार्ड 3 निवासी चौकीदार राम सागर पासवान ने विभूतिपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। जिसमें पीड़ित ने बताया गया कि 29 मार्च को दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के नीचे से मेरी हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल पंजीयन संख्या बीआर 33 एएफ 0681 अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई।

शराब पीने के आरोप में सरपंच गिरफ्तार

समस्तीपुर। समस्तीपुर जिले के सरायरंजन थाना क्षेत्र के जितवारपुर कुम्हिरा पंचायत के सरपंच धनेश्वर राय को पुलिस ने शराब पीने के आरोप में गुरुवार की शाम गिरफ्तार कर लिया। सरायरंजन थाना अध्यक्ष रविकांत कुमार के द्वारा मामले की पुष्टि की गई है। बताया गया है कि आरोपी सरपंच को न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा। वहीं, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मामले को रफा-दफा करवाने का प्रयास किया जा रहा है।

मारपीट की प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के सुरौली वार्ड 3 निवासी प्रहलाद पोद्दार ने मारपीट की प्राथमिकी दर्ज करवाई है। जिसमें पड़ोस के हैं विनोद पोद्दार, राधे पोद्दार, शिव कुमार पोद्दार, विभा देवी, विनीता देवी, रवि कुमार, दिलीप कुमार को नामजद किया है। दर्ज प्राथमिकी के माध्यम से पीड़ित ने बताया कि विनोद पोद्दार मेरे घर के आगे कचरा फेंक दिया। जिसे मेरी भाभी साफ कर रही थी। जिस पर वह लोग 29 मार्च को बेवजह गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर लाठी डंडा, लोहे की खंती,भाला लेकर आया और मारपीट कर जख्मी कर दिया। तथा भाभी के गले से सोने का चैन छीन लिया। तथा मुकदमा करने पर जान मारने की धमकी दी।

डीआईयू टीम के अथक प्रयास से हुआ भोला टॉकीज डकैती मामले का उद्भेदन, तीन अपराधी गिरफ्तार

- डीआईयू शाखा प्रभारी विक्रम आचार्य व उनकी टीम ने आखिरकार 4 महीने बाद कांड का किया खुलासा
- लूट की रकम के दो लाख रुपए, दो पिस्तौल व एक देशी कट्टा एवं छह जिंदा कारतूस बरामद
- गिरफ्तार अपराधी एक पटना और एक छपरा जिला व एक असम राज्य के रहने वाला, पूर्व से रहा है आपराधिक इतिहास

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर पुलिस ने आखिरकार चार महीने बाद 6 अप्रैल को बहुचर्चित भोला टॉकीज डकैती मामले का उद्भेदन कर ही दिया। पुलिस ने इस मामले में तीन अपराधियों को दो पिस्तौल, एक देशी कट्टा, छह जिंदा कारतूस व लूट की रकम दो लाख रुपए एवं तीन मोबाइल तथा एक चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान छपरा जिले के दिघवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत आमी निवासी और स्वर्गीय रामचंद्र राय के पुत्र श्याम राय, पटना जिले के फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र अंतर्गत नवादा निवासी और स्वर्गीय कृष्णा राय के पुत्र दीपू कुमार एवं असम राज्य के गोलाघाट जिला अंतर्गत गोलाघाट थाना क्षेत्र के निवासी स्वर्गीय बादल तांती के पुत्र आयुष तांती के रूप में बतायी गई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अपराधी पटना समेत कई अन्य जिलों में पूर्व में भी कई मामलों में जेल जा चुके हैं। बता दें कि पिछले वर्ष 5 दिसंबर की रात्रि शहर के पॉश एरिया स्थित भोला टॉकीज प्रांगण में स्थित टॉकीज की संचालिका मधुलिका सिंह के यहां लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक अपराधियों ने डकैती की बड़ी वारदात को अंजाम देकर शहर में सनसनी फैला दी थी। उस समय समस्तीपुर जिले के पुलिस कप्तान हृदयकांत थे और घटना के करीब एक महीने बाद समस्तीपुर जिले में एसपी के रूप में आईपीएस विनय तिवारी की पोस्टिंग की गई थी। उसके बाद से ही समस्तीपुर एसपी भोला टॉकीज डकैती कांड और हीरा ज्वेलर्स लूट कांड के उद्भेदन को अपनी प्राथमिकता सूची में सबसे ऊपर रखे हुए थे। उसी का नतीजा है कि देर से ही सही पुलिस ने आखिरकार लूट की रकम के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। इस कांड के उद्भेदन के लिए समस्तीपुर एसपी के द्वारा सदर डीएसपी मो० सेहबान हबीब फखरी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया था। बता दें कि इस कांड के उद्भेदन में समस्तीपुर डीआईयू टीम की खास भूमिका रही। तेजतर्रार पुलिस इंस्पेक्टर व डीआईयू शाखा प्रभारी विक्रम आचार्य व उनकी टीम ने तकनीकी अनुसंधान व गठित विशेष टीम को मिली आसूचना के आधार पर इस कांड में संलिप्त तीन अपराधियों को लूट की रकम व हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तारी समस्तीपुर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बस पड़ाव से ही की गई है। पुलिस के अनुसार इस डकैती कांड को अंजाम देने में श्याम राय, दीपू कुमार, आयूष तांती, अहमद रजा उर्फ पल्सर, चांद, मो० दुलारे एवं मो० मासूम तथा मो० एकरामूल व अन्य अपराधी शामिल थे। बताया गया कि इन लोगों ने घटना से एक दिन पूर्व रेकी भी की थी और घटना को अंजाम देने के बाद मथुरापुर ओपी क्षेत्र के शेखोपुर स्थित किराए के मकान में उन लोगों ने डकैती के माल का बंटवारा किया था। पुलिस के द्वारा की गई विस्तृत पूछताछ में गिरफ्तार अपराधियों ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में गृहभेदन व डकैती के प्रयास की घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की है। वहीं, पूछताछ में इस घटना में संलिप्त अन्य अपराधियों की भी शिनाख्त कर ली गई है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए समस्तीपुर नगर थानाध्यक्ष चंद्रकांत गौरी को समस्तीपुर एसपी के द्वारा एक महीने का समय दिया गया है। वहीं, समस्तीपुर एसपी ने कहा कि कांड के सफल उद्भेदन करने वाले पुलिस पदाधिकारियों व पुलिसकर्मियों को रिवॉर्ड दिया जाएगा।

आरयूएस आईटी सॉल्यूशंस का हुआ उद्घाटन

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर पंचायत के समर्था ग्राम स्थित बनघरा टोले में आरयूएस आईटी सॉल्यूशंस का उद्घाटन कर्नल ओमप्रकाश सेवानिवृत्त इंडियन आर्मी ऑफिसर ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए उन्होंने बताया आज छात्रों के लिए आईटी सॉल्यूशंस आवश्यक है। निजी क्षेत्र की कंपनियां आईटी सेक्टर से प्राप्त डिग्रियों की महत्ता दे रही है। इस अवसर पर संस्थान के निर्देशक शिवम कुमार ने आईटी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि दुनिया की सारी कंपनियां आईटी सेक्टर भरी पड़ी है। समय के साथ-साथ इसकी काफी उपयोगिता है। कंप्यूटर संस्थान पहुंचने से बच्चों को सहज और सरल डिग्री हो पाएगा। जिसके लिए बच्चों को शहर जाकर काफी पैसे खर्च करने होते हैं और वहीं डिग्रियां मिलती हैं। निदेशक ने बताया हमारे संस्थान के द्वारा बच्चों को बेसिक कंप्यूटर डीसीए, एडीसीए, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, सीसीसी, हार्डवेयर सॉफ्टवेयर, नेट बैंकिंग आदि की डिग्रियां लेने में बच्चों को बहुत कम लागत लगेंगे और कुशलता के साथ इस कार्य को कर पाएंगे। गरीब बच्चों पर भी ख्याल रखा जाएगा। इस अवसर पर पूर्व मुखिया लक्ष्मण देव सिंह, राम शेखर सिंह, रामकुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, शिक्षक विवेकानंद, आलोक कुमार अधिवक्ताओं ने इसकी महत्ता पर चर्चा की निकट भविष्य में यह संस्थान इस क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

उत्तरी भाजपा मंडल शिवाजीनगर ने हर्षोल्लास के साथ मनाया भाजपा का 43वां स्थापना दिवस

प्रात : किरण संवाददाता

शिवाजीनगर, समस्तीपुर। शिवाजीनगर प्रखंड के उतरी मंडल द्वारा किसान मोर्चा के अध्यक्ष उमेश कुमार के आवासीय परिसर में भारतीय जनता पार्टी का 43वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में जेपी स्वतंत्रता सेनानियों एवं संघ कालीन, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता को सम्मानित किया। और दो दिवसीय भाजपा की स्थापना के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष राहुल चौधरी, मंडल महामंत्री संतोष कुमार, आईटी सेल सह समिति सदस्य सरोज कुमार, संजय कुमार पासवान, रंजीत जी, युवा मोर्चा के विजय कुमार बिट्टू रतन कुमार, प्रेम कुमारी देवी, वीरेंद्र कुमार, मंडल उपाध्यक्ष किरण बेदी झा, पिंटू कुमार रजक, अजय लाल मुखिया सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

भीषण गर्मी के कारण पेयजल संकट उत्पन्न, वाटर लेवल नीचे जाने के कारण चापाकल से नहीं निकल रहा पानी

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड क्षेत्र में भीषण गर्मी के बावजूद पानी की समस्या गहराने लगा है। दिन प्रतिदिन वाटर लेवल नीचे जाने के कारण चापाकल से पानी निकलना बंद हो गया है। जिससे लोगों के बीच पानी की संकट बढ़ता ही जा रहा है। चापाकल से पानी निकलना बंद होने का एक प्रमुख कारण सिंचाई के लिए लगा गहरा बोरिंग एवं समरसेबल भी है। भीषण गर्मी के कारण फसल की सिंचाई के लिए पानी की अत्यधिक आवश्यकता पड़ रही है। वहीं लोगों को पीने की जल की समस्या बढ़ती जा रही है। सरकारी चापाकल व निजी चापाकल से पानी नहीं के बराबर निकल रहा है। और पानी के बिना जीवन जीना मुश्किल है। पशु पक्षी से लेकर मानव पानी की तलाश में किसी तरह अपना जीवन यापन कर रहे हैं। रही बात मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत नल जल योजना की तो प्रखंड क्षेत्र के कई नल जल कई दिनों से बंद है। किसी की बिजली बिल की समस्या है तो कहीं पर मोटर जली हुई है। वहीं जेई ने बताया कि विभूतिपुर प्रखंड क्षेत्र में सरकारी तौर पर कुल 518 चापाकल है। जिसमें कुछ इंडिया मार्का, तो कुछ सिंगुर हेड वाले हैं। 518 चापाकल में 225 चापाकल खराब है। जिसमें से 57 का मरम्मत पीएचडी विभाग के चलंत दल के द्वारा किया गया है। बाकी के मरम्मत की प्रक्रिया जारी है।

ब्लैकमेल करने एवं छिनतई की प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

काम करने के दौरान महिला का फोटो खींचकर 2 साल बाद एडिटिंग कर अश्लील बनाते हुए पहले पैसा ठगा, फिर शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास, असफल होने पर दुबारा बलात्कार का प्रयास किया। पुनः और सफल होने पर उक्त महिला के पति के साथ पिस्तौल के बल पर मारपीट करते हुए नगद एवं सोने का चेन छीन लिया। घटना को लेकर सिंघिया बुजुर्ग उत्तर वार्ड 9 निवासी अमर साहनी ने प्राथमिकी दर्ज करवाई है। जिसने पीड़ित ने बताया कि सिंघिया घाट के अजय कुमार शर्मा 2 वर्ष पूर्व मेरे घर पर लकड़ी का काम किया था। उसी दौरान मेरी पत्नी का फोटो खींच लिया। तथा 2 साल बाद फोटो एडिट कर अश्लील वीडियो बना कर मेरी पत्नी से पैसा ठगने लगा। मेरी पत्नी ब्यूटी पार्लर चलाती है। फिर ब्यूटी पार्लर में घुसकर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया मना करने पर गल्ले से पैसा लेकर चला गया। पुनः 25 मार्च को नशे के हालत में ब्यूटी पार्लर में घुसकर मेरी पत्नी के साथ बलात्कार का प्रयास किया। शोर मचाने के बाद भाग गया। 31 मार्च को रात्रि के समय मैं होटल बंद कर घर आ रहा था। तभी अजय शर्मा दो दोस्तों के साथ पूर्व से घात लगाए बैठा था। जब मैं वहां पहुंचा तो मुझे घेर कर कमर से पिस्तौल निकालकर कनपटी में सटाकर गले से सोने का चेन एवं बिक्री का 20 हजार रुपए ले लिया। तथा पिस्तौल के बट से सीने पर मारा। राहगीर को आकर देख वे लोग वहां से भाग गया।

उप विकास आयुक्त सह जिला जल एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष ने बीडीओ से मांगा स्पष्टीकरण

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

आधार अद्यतन एवं प्रोत्साहन राशि का भुगतान लंबित रखने को लेकर उप विकास आयुक्त सह जिला जल एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष ने विभूतिपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा है। स्पष्टीकरण पत्र के माध्यम से बताया कि 31 मार्च को लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान की समीक्षा एमआईएस के आधार पर किया गया। जिसमें पाया गया कि विभूतिपुर में 14 मार्च से 31 मार्च तक इस योजना अंतर्गत कोई कार्य नहीं किया गया। जबकि प्रोत्साहन राशि भुगतान हेतु 118 डेटा लंबित है। तथा आधार अद्यतन हेतु प्रखंड समन्वयक के स्तर पर 496 डेटा लंबित है। डाटा लंबित होने के कारण कई शिकायतें मिल रही हैं। साथ ही जिला लॉगइन आईडी का उपयोग करते हुए अनाधिकृत व्यक्ति के मोबाइल पर जियो टैग हेतु डेटा एलोकेट करने की शिकायत मिली है। लेकिन कोई साथ प्रस्तुत नहीं किया गया था। जिला सलाहकार एमआईएस द्वारा एक पत्र उपलब्ध कराया गया जिसमें स्पष्ट वर्णन किया गया था। साक्ष्य के साथ प्रतिवेदन की मांग किया है। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान का क्रियान्वयन की समीक्षा की जा रही है। लेकिन कार्य में लापरवाही के कारण जिला की रैंकिंग प्रभावित हो रहा है। पत्र प्राप्ति के साथ ही लंबित डेटा को नियमानुसार अद्यतन करते हुए जांच उपरांत लाभार्थी को प्रोत्साहन राशि भुगतान करना सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए डेटा लंबित रखने का कारण सहित स्पष्टीकरण का मांग किया है।

ऑनलाइन जॉब के नाम पर पैसा की ठगी, प्राथमिकी दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के खास टभका दक्षिण नरवन निवासी तुलसी ईश्वर के पुत्र अजय कुमार ने ऑनलाइन जॉब के नाम पर ठगी का प्राथमिकी दर्ज करवाया है। पीड़ित ने बताया कि 26 फरवरी को मेरे मोबाइल पर ऑनलाइन जॉब का मैसेज आया। यूट्यूब वीडियो के माध्यम से कुछ जॉब के बारे में बताया तथा मेरे खाते पर दो सौ दस रुपए दिया। फिर 90 रुपए दिया उसके बाद एक हजार लिया एवं बारह सौ दस रुपए दिया। यह सिलसिला चलता रहा। तथा मेरा ऑनलाइन ट्रेडिंग एक अकाउंट बनाया जिस पर मेरा सारा डिटेल उपलब्ध था। धीरे-धीरे करके मुझसे चार लाख 25 हजार 83 रुपए ले लिया तथा पुनः दो लाख सात हजार 552 रुपए मांग रहा है। जिसकी शिकायत साइबर क्राइम टोल फ्री नंबर पर भी मैंने किया। पीड़ित ने पूरे विवरण के साथ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है।

उद्देश्य पूर्ण शिक्षा से मिलती है जीवन में सफलता, मेधावी छात्र सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

मोरवा, प्रात : किरण संवाददाता

उद्देश्य पूर्ण शिक्षा से ही जीवन में सफलता प्राप्त होती है। उक्त बातें कहीं मेधावी छात्र सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने। प्रखंड के बनवीरा पंचायत भवन परिसर में मुखिया संघ अध्यक्ष नारायण शर्मा की अध्यक्षता और वरुण कुमार सिंह के संचालन में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वहीं सहयोग चैरिटेबल ट्रस्ट एवं मुखिया संघ के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए अभय कुमार सिंह ने मैट्रिक परीक्षा में उत्तम अंकों से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को जीवन में सफल होने की प्रेरणा दी। ओपी अध्यक्ष पवन कुमार ने जीवन में सफल होने के लिए लक्ष्य निर्धारित करने की आवश्यकता पर बल दिया। अभय कुमार सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष नारायण शर्मा, वरुण कुमार सिंह एवं नवीन कुमार सिंह ने गरीब छात्र-छात्राओं को हर संभव सहयोग सहायता देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर तृप्ति कुमारी, श्रद्धा झा, स्वाति कुमारी, विवेक कुमार, अनामिका कुमारी सहित क्षेत्र के बीस से अधिक छात्र-छात्राओं को डायरी, कलम, डिक्शनरी और मिठाई देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले छात्र छात्राओं ने जीवन में अपने लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने का संकल्प लिया। समारोह में चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक नवीन कुमार सिंह, बिहार प्रभारी गुंजन कुमार, पूर्व पंसस प्रमोद कुमार राय, मुखिया रानी कुमारी, पूर्व मुखिया विजय झा, सरपंच हरेंद्र पंडित, विनय कुमार सिंह, आशुतोष कुमार, निशांत गौरव, अमित कुमार सिंह, संतोष कुमार, राकेश कुमार झा, विमल कुमार ने समारोह को सम्बोधित किया। मौके पर सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं के अभिभावक, शिक्षक एवं ग्रामीण मौजूद थे।

बीजेपी का 43वां स्थापना दिवस मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

उजियारपुर, समस्तीपुर। उजियारपुर पूर्वी मंडल अंतर्गत चैता दक्षिणी शक्ति केंद्र के टोला बस्तरी के डॉ० विकास कुमार पटेल बूथ अध्यक्ष के निजी आवास पर भाजपा का 43वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अमृत कुमार चौधरी जिला परिषद सदस्य एवं मंच संचालन मंडल के महामंत्री मदन कुमार पांडेय ने किया। वहीं कार्यक्रम की शुरूआत पार्टी का कमल चिन्ह निशान ध्वज के झंडोत्तोलन करके किया गया। मौके पर सुजय कुमार पांडेय, रामबाबू राय, स्थानीय पंचायत समिति सदस्य अमित चौरसिया, महेश ठाकुर, प्रियरंजन यादव, राहुल राज, अश्विनी कुमार, नीतीश कुमार, अर्जुन राम, पलटन राय, नरेश राय, बिंदेश्वर मिश्र, श्याम कुमार राम, दिलीप कुमार राम, मुकेश राय, अरुण मिश्र, पवन मिश्र श्याम कुमार राम, आदि दर्जनों कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित हुए।

श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

उजियारपुर, प्रात : किरण संवाददाता

उजियारपुर प्रखंड के लोहागीर पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिवरामपुर सह उच्च माध्यमिक विद्यालय लोहागीर में ताजपुर रतनपुर प्रखंड समस्तीपुर के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार राय के असामयिक निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। वहीं इस विद्यालय में उनके योगदान को याद किया गया। वे पिछले सात साल से कैंसर से पीड़ित थे, उनके ही अथक प्रयास से 2004 में प्राथमिक विद्यालय शिवरामपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिवरामपुर बना था और 2023 में इन्टर हुआ उनके असामयिक निधन से स्कूल ही नहीं लोहागीर ग्रामवासी भी दुखी हैं। मौके पर पूर्व मुखिया उमेश राय, सरपंच निरंजन कुमार, मुखिया प्रभात कुमार सुमन, पंचायत समिति सदस्य चंदन कुमार व विजय कुमार नीरज, शिक्षक सत्यनारायण सहनी, वार्ड सदस्य संघ उजियारपुर के पूर्व अध्यक्ष अरुण कुमार सुमन ने भी दुःख जताया है। वहीं प्रधानाध्यापक गंगाराम पासवान, शिक्षक रंजीत कुमार, चंदन कुमार, सुनील कुमार, रामलाल सिंह, कुमार अमित प्रभाकर, भरत कुमार महतो, रेणु कुमारी, कविता कुमारी, अनिता कुमारी के अलावें सैकड़ों छात्र व छात्राएं मौजूद थे।

भाजपा के स्थापना दिवस पर सिंघिया में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

सिंघिया, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर गुरुवार को सिंघिया में महिला मोर्चा की अध्यक्ष बेबी सिंह के आवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय कुंवर के द्वारा किया। कार्यक्रम की शुरूआत में पार्टी का झंडोत्तोलन के उपरांत कार्यकताओं द्वारा गगनभेदी नारे, जिसमें भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी अमर रहे, पंडित दीनदयाल उपाध्याय अमर रहे, अटल बिहारी वाजपेयी अमर रहे के साथ स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सिंघिया दक्षिण मंडल के मंडल अध्यक्ष संजय कुंवर ने संबोधित करते हुए कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। उसमें सभी पुराने वरिष्ठ कार्यकताओं का योगदान महत्वपूर्ण है। आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश का पुराना वैभव वापस लाने के लिए कटिबद्ध हैं और विश्व में शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में भारत को स्थापित करने में सफल हुए हैं, उन्होंने दलित, वंचित अतिपिछड़ा किसान मजदुर के उत्थान के साथ साथ देश के जनमानस को भी कश्मीर से धारा 370 हटाकर तथा वाराणसी में बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर अयोध्या में राम मंदिर निर्माण करा कर भारतीय जनमानस को विश्वास दिलाया है की आने वाले समय में भारत फिर से विश्व गुरु बन के रहेगा। इसके साथ ही अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में पुनः प्रधानमंत्री के पद पर मोदी को लाने का संकल्प लिया गया। भाजपा के 44वें स्थापना दिवस के अवसर पर झंडोतोलन किया गया इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संजय कुंवर झंडोतोलन किया साथ में अशोक चौधरी, अमरनाथ सिंह, बेबी देवी, मुरारी सिंह, प्रकाशचंद्र झा, अंकित सिंह बिट्टू, सर्वेश्वर सिंह, सुमित, विद्यानंद राय, वैद्यनाथ गिरी, बिनोद सिंह, मनोज चौधरी, चंदन गुप्ता, सुनील सिंह, महावीर साहू, रामकुमार सिंह मौजूद रहे।

शिवाजीनगर के बिशनपुर में आग लगने से कई घर जलकर हुई राख, लाखों रुपयों की क्षति

शिवाजीनगर, प्रात : किरण संवाददाता

शिवाजीनगर प्रखंड के जाखड़ धर्मपुर पंचायत के बिशनपुर में गुरुवार को अगलगी की घटना में करीब 5 घर जलकर राख हो गए। खाना बनाने के दौरान चूल्हे की चिंगारी से आग लगने की बात बताई जा रही है। जिससे लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई। मिली जानकारी के अनुसार जाखड़ धर्मपुर पंचायत के बिशनपुर के वार्ड नंबर 5 में अगलगी से करीब 5 घर जलकर बर्बाद हो गए। अगलगी की घटना में रामाशीष यादव, भोला यादव, रामकुमार यादव, नीतीश कुमार यादव, राजकुमार यादव, आदि के घर में रखा पैसा, सोना, चांदी, कपड़ा, फर्नीचर, गेहूं, चावल, आलू, प्याज व खाने-पीने का समान एवं मवेशी चारा के लिए रखा भूसा सहित पूरा सामान जलकर राख हो गया। अगलगी की घटना सुबह करीब 8 बजे की है। खाना बनाने के दौरान घर से धुआं उठने के बाद गांव के लोगों में अफरा-तफरी मच गया। जब तक लोग वहा दौड़ कर आते तब तक सभी कि घर धू-धू कर जलने लगा। ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिजनों को सीओ प्रिया आर्यनी ने तत्काल मिलने वाली सहायता के तहत प्लास्टिक शीट दिया। और आगे सरकारी नियम अनुसार सहायता राशि देने का दिया आश्वासन। मौके पर सीआई कपिल देव झा, मुखिया रेखा देवी, समिति सदस्य शंभू बैठा, पैक्स अध्यक्ष विजय यादव महेश साहू, विभास कुमार, अर्जुन यादव, वीरेंद्र महतो, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

दहेज उत्पीड़न के दो आरोपितो को छत्तीसगढ़ से किया गिरफ्तार

गोपालगंज। दहेज उत्पीड़न के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को थावे थाने की पुलिस ने छत्तीसगढ के भिलाई से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी सीवान जिले के जीबी नगर थाने के सतवार गांव के राजेश गुप्ता और ज्ञांति देवी बताए गए है। गिरफ्तार आरोपियो पर थावे थाने में दहेज उत्पीडन को लेकर कांड संख्या 71/21 दर्ज था। इस मामले में न्यायालय के द्वारा गैरजमानतीय वारंट निर्गत किया गया था। न्यायालय के द्वारा गैरजमानतीय वारंट निर्गत किए जाने के बाद हरकत में आयी पुलिस ने छत्तीसगढ के भिलाई स्थित मरौदा टैंक सिविक सेंटर में छापेमारी कर फरार चल रहे दोनो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से दोनो को जेल भेज दिया गया।

गोपालगंज में 34 शराबी और 14 तस्कर गिरफ्तार

गोपालगंज। उत्पाद विभाग की टीम ने शराब के नशे में 34 और शराब के धंधे में संलिप्त 14 तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्करों व शराबियों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उत्पाद अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि उत्पाद विभाग की टीम ने बुधवार की रात्री जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान एक तरफ जहां 14 तस्करों को गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरी तरफ यूपी से शराब की पार्टी कर आने वाले लोगों की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान ब्रेथ एलेनाइजर मशीन से लोगों की चेकिंग की गई। जिसमें करीब 34 लोग शराब के नशे में धुत पाए गए। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उत्पाद विभाग की इस कारवाई के बाद शराब तस्करों व शराब पीने वालों के बीच हडकंप मचा हुआ है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि यह कार्रवाई लगातार जिले भर में जारी रहेगी।

धूमधाम से मनी हनुमान जयंती, गूंजे जयकारे

गोपालगंज। जिले भर में हनुमान मंदिरों पर हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई है। कई जगह सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। भजन कीर्तन से पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर जिले के विभिन्न मंदिरों में हनुमान पूजा की धूम रही। सुबह से ही लोग मंदिरों में आराधना के लिए पहुंचने लगे। बेनबनवा स्थित हनुमान मंदिर में सुंदर कांड का पाठ कर खुशहाल जीवन की कामना की गई। मंदिर के मुख्य पुजारी ने कहा कि हनुमान जी का नित्य स्मरण करने वाले के सामने कभी भी संकट नही आता है उनके साथ हमेशा प्रभु का एहसास होता है। वही शहर के मौनिया चैक स्थित हनुमान मंदिर में सुबह से ही भक्तों की कतार लग गयी। इस दौरान श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण भी किया गया।

जादोपुर में शराब के साथ बाइक सवार दो तस्कर गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के जादोपुर थाने की पुलिस ने 3 कार्टन देशी शराब के साथ बाइक सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार किए गए आरोपितो को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष विक्रम कुमार ने बताया कि जादोपुर पुलिस की एक टीम ने बाइक सवार दो लोगों को रोक कर जब उसकी जांच पड़ताल की तो उनके पास से 3 कार्टन शराब जब्त की गई। जिसके बाद पुलिस ने बाइक सवार दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। वही पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर छिपाकर रखी गयी 22 कार्टन देशी शराब को बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि किसी भी हाल में शराब का कारोबार नही होने दिया जाएगा।

हत्याकांड समेत 48 आरोपित गिरफ्तार, भेजे गये जेल

गोपालगंज। गोपालगंज पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर हत्या के एक आरोपित समेत 48 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में हत्या के एक, हत्या के प्रयास के चार, शराब कांड के मामले में 25, एससी एसटी कांड में एक तथा 17 वारंटी शामिल है। इसके साथ ही पुलिस ने सात बाइक के साथ 424 लीटर देशी व 138.16 लीटर विदेशी शराब को जप्त किया है। इस दौरान पुलिस के द्वारा 98 वारंट के मामलो का निष्पादन भी किया गया है। अभियान के दौरान दो मामलों में इस्तेहार चस्पा किया गया। जबकि दो कुर्की के मामलों का भी पुलिस के द्वारा निष्पादन किया गया। वही वाहन जांच के दौरान पुलिस ने 4500 रुपएं जुमार्ने के रूप में वसूल किया है।

कलेक्ट्रेट में लगा जनता दरबार, परिवादियों ने लगाया गुहार

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

कलेक्ट्रेट में डीएम डॉ. नवल किशोर चैधरी के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। डीएम ने विभिन्न गांवो से आये फरियादियों की समस्या सुनी और उसके निष्पादन को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देश भी दिया गया।

वही डीडीसी अभिषेक रंजन के द्वारा आये हुए सभी फरियादियों से अपने कार्यालय कक्ष में मिलकर उनके आवेदनों पर संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को त्वरित निपटारा करने के आवश्यक निर्देश दिया गया। फरियादियों में निक्की गुप्ता, वार्ड नंबर एक गोपालगंज, पूजा कुमारी कासिम समइल प्रखंड हथुआ ,संगीता देवी मंगलपुर प्रखंड बैकुंठपुर, बउक दास मठिया डोमन पुर प्रखंड भोरे ,राधिका देवी पुरानी चैक वार्ड नंबर 17 प्रखंड गोपालगंज ,रेखा कुमारी रूपनचक प्रखंड हथुआ, मानकी देवी कहला प्रखंड बरौली, प्रेमशीला देवी हरपुर टेंगराई प्रखंड गोपालगंज, गणेश शर्मा शिवराजपुर प्रखंड कुचायकोट ,रमेश भगत शाहपुर पकड़ियार प्रखंड कुचायकोट ,शमशुल हक मौजे एकडेरवा प्रखंड गोपालगंज ,प्रमोद कुमार शर्मा पकड़ी प्रखंड कुचायकोट आदि थे।

लोकतंत्र का गला घोंटते हुए राहुल गांधी को बनाया गया निशाना: गुंजन

गांव-गांव जाकर राहुल गांधी की नीतियों से कराया जायेगा अवगत, लोकतंत्र बचाने के लिए 17 को कांग्रेस करेगी कलेक्ट्रेट का घेराव

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के उचकागांव प्रखंड के जमसड़ बाजार में प्रखंड अध्यक्ष नईम खान की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी ने जय भारत सत्याग्रह के तहत धरना प्रदर्शन किया।

जिसमें प्रदेश, जिले व प्रखंड के काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस पार्टी के युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह जिला प्रभारी गुंजन पटेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का देश के आजादी की लड़ाई से लेकर देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान रहा है। कांग्रेस पार्टी देश के गरीब, पिछड़े व वंचितों के लिए नीतियां बनाती है और उसके अनुसार कार्य करती है। परंतु केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार देश को बांटने और गिरवी रखने की नीति पर कार्य करती है। देश के संसाधनों को पूंजिपतियों के पास गिरवी रख रही राहुल गांधी ने केंद्र सरकार की गलत नीतियों के विरुद्ध संसद भवन में केंद्र सरकार से सवाल किया कि केंद्र सरकार के जो पूंजीपति मित्र हैं उनका लगाया गया 20 हजार करोड रुपये किसके हैं। उन्होंने संसद भवन में मांग किया था कि जेसीपी का गठन हो और ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमिटी का गठन कर अडानी के तेजी से कमाने के रहस्य की जांच की जाए।

उन्होंने संसद भवन में सवाल किया था कि अडानी का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से क्या संबंध है। जिसका फायदा उठाते हुए देश से लेकर विदेश तक कोई भी कांट्रेक्ट उन्ही को मिल रहा है। इसी पोल खुलने के डर से विपक्ष को डराने और दबाने के लिए प्रधानमंत्री के इशारे पर देश में पहली बार किसी नेता पर मानहानि का मुकदमा किया गया और देश में विपक्ष के सबसे बड़े नेता को न्यायालय से दो वर्ष की सजा सुनाने के बाद उनकी 24 घंटे के अंदर संसद सदस्यता समाप्त कर दी गई।

कांग्रेस ने इसे चैलेंज के रूप में लिया है। अब कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश से लेकर प्रखंड प्रखंड, पंचायत व गांव गांव जाकर राहुल गांधी की नीतियों को देश के लोगों को अवगत कराएंगे और लोकतंत्र को बचाने के लिए 17 अप्रैल को कलेक्ट्रेट का घेराव करेंगे। कार्यक्रम को कांग्रेस के जिलाध्यक्ष इफ्तेखार हैदर, राजकुमारी गुप्ता, ताहिर हुसैन, जटाशंकर सिंह, नागेंद्र तिवारी, मोहन सिंह, रामकुमार मांझी, सुरेंद्र कुमार, सुरेश सिंह सहित कई पार्टी कार्यकताओं ने सभा को संबोधित किया।

एसपी ने किया थाने का निरीक्षण, कानून व्यवस्था पर विशेष चौकसी का निर्देश

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बुधवार की देर रात बैकुंठपुर थाना व क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए लंबित मामलो की समीक्षा की गयी। एसपी ने कहा कि आरोपी शराब कारोबारी का नाम थाने के दागी पंजी में दर्ज कर उस पर कठोर कार्रवाई करें। वहीं स्थानीय स्तर पर अवैध शराब निर्माण की सूचना थाने तक पहुंचाने की जिम्मेवारी चैकीदारों की होगी। अगर चैकीदार इसमें विफल होते है और उनके क्षेत्र में छापेमारी के दौरान शराब पकड़ी जाती है तो वैसे चैकीदार नपेंगे। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि आपराधिक घटनाओं पर रोकथाम के लिए सघन छापेमारी अभियान चलाया जाएगा। वहीं दियारा क्षेत्र में विशेष चैकसी रखने का निर्देश दिया। ताकि गंडक पार से आने वाले अपराधियों को पकड़ा जा सके। वहीं लंबित संवेदनशील मामलों पर तेज गति से कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी का निर्देश दिया। वही एसपी ने जनता दरबार के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। मौके पर सदर एसडीपीओ संजीव कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी साक्षी राय, थानाध्यक्ष धनंजय कुमार राय सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

गोपालगंज में भारतीय जनता पार्टी का मनाया गया 43 वां स्थापना दिवस

जिलाध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण, सुना गया पीएम का संबोधन

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

शहर के चैनपट्टी स्थित भाजपा के जिला कार्यालय में गुरूवार को पार्टी का 43 वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान पार्टी के संस्थापक सदस्यों को याद कर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इस मौके पर पार्टी कार्यालय के भवन पर झंडात्तोलन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शामिल पार्टी के कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष संदीप गिरी उर्फ मंटु गिरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज देश ही नहीं विश्व की सबसे बड़ी कार्यकताओं की पार्टी बन गई है। जिला कार्यालय पर कार्यकताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन भी ऑनलाइन सुना गया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि पार्टी का स्थापना दिवस सप्ताह 04 अप्रैल से प्रत्येक बूथ पर मनाया जा रहा है जो 14 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान प्रत्येक बूथ अध्यक्ष एवं पार्टी नेताओं कार्यकताओं के यहां पार्टी का झंडोत्तोलन किया जा रहा है। बूथ अध्यक्ष के दरवाजे पर में प्लेट लगाने एवं पुराने भाजपा के कार्यकताओं को सम्मानित करने का भी अभियान चल रहा है। इसके पूर्व पार्टी के स्थापना दिवस पर पार्टी के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय व अटल बिहारी वाजपेयी की चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, दुर्गा राय, अनिकेत सिंह गोलू, चन्द्रमोहन पाण्डेय, लखन तिवारी, जयहिन्द प्रसाद, सुदामा मांझी, राजेश सहनी सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हथुआ व गोपालगंज नगर निकाय चुनाव का मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशित

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

हथुआ व गोपालगंज नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रारुप मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। मतदाता सूची प्रारुप का प्रकाशन नगर निकाय चुनाव के निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ के द्वारा किया गया है। गोपालगंज नगर निकाय चुनाव के निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ डॉ. प्रदीप कुमार, व हथुआ नगर पंचायत के निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ राकेश कुमार के द्वारा मतदाता सूची प्रारुप का प्रकाशन किया गया है। जिसमें गोपालगंज नगर परिषद के वार्ड संख्या 11 व हथुआ नगर पंचायत के वार्ड एक से लेकर 11 तक के मतदाता सूची प्रारुप का प्रकाशन किया गया है। मतदाता सूची प्रारुप का प्रकाशन निवार्ची पदाधिकारी के द्वारा ढोल बजवाकर व सूचना चिपकाकर प्रारुप का प्रकाशन किया गया। जहां मतदाता सूची प्रारुप का प्रकाशन किया गया, उनमें डीएम कार्यालय, नगर पंचायत कार्यालय, बीडीओ, सीओ कार्यालय, नगर थाना व प्रधान डाकघर के सूचना पट्ट पर प्रकाशित किया गया। जिसमें हथुआ नगर पंचायत के वार्ड एक से लेकर वार्ड 11 तक के मतदाता सूची प्रारूप शामिल है। जिस प्रारूप पर आगामी 18 अप्रैल तक दावा आपति दर्ज करायी जायेगी। दावा आपति दर्ज कराये जाने को लेकर निवार्ची पदाधिकारी के द्वारा रिवाइजिंग पदाधिकारी नामित किया गया है। जिनके यहां दावा आपति दर्ज करायी जायेगी। जिस दावा आपति के निराकरण के बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन निवार्ची पदाधिकारी के द्वारा किया जायेगा।

कुचायकोट में भाजपा ने समारोह पूर्वक मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के कुचायकोट प्रखंड के सासामुसा मंडल के काला मटिहनिया, दुर्ग मटिहनिया, तिवारी मटिहनिया, रामपुर माधो, बखरी, बंगाल खाड़, खजूरी, सासामुसा, सिरसिया, बनतैल सहित विभिन्न बूथों पर भाजपा कार्यकताओं के द्वारा पार्टी का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष चंदन तिवारी ने बताया कि पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय सप्ताह के अंतर्गत 4 अप्रैल से 14 अप्रैल तक भाजपा के विभिन्न कार्यक्रम सभी बूथों पर किया जाना है। भारतीय जनता पार्टी की स्थापना आज ही के दिन 6 अप्रैल 1980 को की गई थी। आज भारतीय जनता पार्टी के स्थापना के 43 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। इसी अवसर पर आज सभी बूथों पर बूथ अध्यक्षों के घर पर पार्टी का झंडा फहराया गया। इसके पश्चात पार्टी के निदेर्शानुसार पार्टी कार्यकताओं के द्वारा सभी बूथों पर ज्योतिबा बाई फुले की जयंती एवं भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती भी मनाई जाएगी।

आग की चपेट में आने से गाय और बछड़ा की मौत, लाखों की संपत्ति राख

अग्निपीड़ितों के पास पहुँची सीओ बोली मिलेगी आर्थिक मदद

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के फुलवरिया थाना क्षेत्र के देवान परसा टोला गपही गांव में गुरुवार की दोपहर अचानक आग लग जाने से एक घर जलकर खाक हो गया। अगलगी के कारण गांव में अफरा-तफरी का माहौल व्याप्त हो गया। अगलगी की सूचना मिलते ही गांव के ग्रामीण आग पर काबू पाने के लिए पानी की बौछारें करने लगे, लेकिन तेज पछुआ हवा के कारण आग की लपटें इतनी तेज थी कि ग्रामीण नजदीक से पानी फेंकने में असफल रहे। अगलगी की सूचना ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए श्रीपुर ओपी अध्यक्ष अशोक कुमार फायर ब्रिगेड की गाड़ी के साथ पहुंचे। जहां आग पर काबू पाने के लिए प्रयास करने लगे। परंतु पूस की झोपड़ी में लगी आग पर काबू पाने में असमर्थ रहे। इतने में स्थानीय ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। तब तक घर जलकर राख हो गया। आगलगी की सूचना पर सीओ खुशबू खातून पहुंचकर अग्नि पीड़ित को आर्थिक मदद दिलाने की बात कही। अग्नि पीड़ित देवान परसा टोला गपही गांव के निवासी स्वर्गीय फिरंगी यादव का पुत्र सुरेश यादव है। अग्नि पीड़ित ने बताया कि अगलगी में गाय और उसकी बछड़ा के अलावे गेहूं, धान, साइकिल, मवेशियों का चारा, बर्तन, कपड़ा सहित अन्य सारी सामग्रियां जलकर राख हो गई। उधर अगलगी के कारण गांव में अफरा-तफरी का माहौल व्याप्त गया। अग्नि पीड़ित ने बताया कि आग कैसे लगी। इसकी जानकारी नहीं है। फिलहाल अग्नि पीड़ित परिवार खुले आसमान में जीने को विवश है।

विद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाया जलवा

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के मीरगंज शहर के गीता ज्ञानालय विद्यालय के 8वें वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने जमकर अपना जलवा दिखाया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में साहित्यकार सर्वेश तिवारी श्रीमुख, विद्यालय के निदेशक विजय सिंह, मां गीता एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के सचिव अशोक सिंह, रवि प्रकाशमणि त्रिपाठी, छोटू बाबा ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। इसके बाद विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर श्रोताओं का दिल जीत लिया। बच्चों की प्रस्तुति और दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों के मुख से वाह वाह की आवाज सहित तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों में जोश भर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर विजय सिंह ने अपना वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि एसडीएम राकेश कुमार, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी भूदेव सिंह राणा, मीरगंज नगर परिषद के उपाध्यक्ष धनंजय यादव, ग्रीन मैन डॉ सत्य प्रकाश, संजय राय आदि को विद्यालय के तरफ से पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने पूरी मनोयोग से शिक्षा, पर्यावरण, राष्ट्र प्रेम, दहेज प्रभा आदि पर आधारित कार्यक्रम को प्रस्तुत किया। छात्रों ने सोशल मीडिया की गिरफ्त में हम पर आधारित कार्यक्रम को प्रस्तुत कर सबकी आंखे खोल दी। इस अवसर पर एसडीएम राकेश कुमार ने बच्चों, अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि नैतिक शिक्षा पर बल देने की आवश्यकता है। आज शिक्षा में बेहतर सुधार हुआ है लेकिन नैतिक शिक्षा में हारास हुआ है। नैतिक शिक्षा में सुधार तभी आएगी जब समाज और परिवार एक साथ तालमेल बैठकर खुद को पहले सुधरेंगे। बच्चों का भविष्य तभी सुधरेगा जब हम शिक्षा के साथ साथ नैतिक शिक्षा पर बल देंगे। वहीं पर्यावरण मित्र डॉ सत्य प्रकाश ने विद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम पर पौधरोपण करने को प्रेरित किया।

फुलवरिया पुलिस ने शराब के साथ तस्कर सहित पांच को किया गिरफ्तार

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के फुलवरिया थाने की पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार की देर शाम क्षेत्र के माड़ीपुर बाजार में छापेमारी कर 6 बोतल देसी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।

इसके अलावा बथुआ बाजार में शराब के नशे में मटर गस्ती कर रहे चार शराबियों को गिरफ्तार कर लिया। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अब्दुल मजीद ने बताया कि गिरफ्तार शराब तस्कर माड़ीपुर गांव निवासी विजय राजभर का पुत्र दुर्गेश कुमार राजभर तथा चार पियक्कड़ों में बथुआ बाजार निवासी नईम आलम का पुत्र मोहम्मद असलम उसी गांव का मुहर महतो का पुत्र विपिन चैहान माड़ीपुर गांव के निवासी जय मंगल बैठक का पुत्र कमलेश्वर बैठा तथा साहेब छपरा गांव के निवासी स्वर्गीय किसनाथ साह का पुत्र मुन्ना साह के रूप में पहचान की गई। पुलिस ने गिरफ्तार सभी के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद गुरुवार को पुलिस अभिरक्षा के बीच न्यायिक हिरासत गोपालगंज भेज दिया गया है।

थावे बाजार से बाइक चोरी

गोपालगंज । जिले के थावे थाना क्षेत्र में पुलिस के लाख प्रयास के बावजूद वाहन चोरी की घटनाएं रूकने का नाम नही ले रही है। थावे मंदिर व बाजार के आसपास सक्रिय वाहन चोर गिरोह के सदस्य आय दिन वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है। इसी क्रम में थावे बाजार से एक बाइक की चोरी कर ली गई। यह घटना 23 मार्च की बताई जा रही है। बताया जाता है कि उचकागांव थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुर गांव के सुनील कुमार अपने पिता के साथ बाइक से थावे सेंट्रल बैंक से पैसा निकालने आए हुए थे। बैंक के बाहर बाइक लगाकार बैंक में पैसा निकालने गए इसी दौरान उनकी बाइक चोरी कर ली गयी।

शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से आफाक अहमद की जीत एनडीए व महागठबंधन के लिए सबक

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा । सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से उप चुनाव में प्रशांत किशोर के जन सुराज समर्थित प्रत्याशी की जीत और महागठबंधन की हार सत्ताधारी दल के नेताओं के लिए एक सबक भी है। महागठबंधन की सरकार में जिला में आठ-आठ विधायक और 2 मंत्री होने के बाद भी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से अपने प्रत्याशी को नहीं जीता पाना दुर्भाग्यपूर्ण है, और एनडीए गठबंधन के लिए भी यह एक सबक है। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 5 जिलों में सारण, सिवान, गोपालगंज, पूर्वी चंपारण एवं पश्चिमी चंपारण शामिल है। इन 5 जिलों में लगभग दस हजार शिक्षक मतदाता हैं। इतने कम मतदाता होने के बावजूद एनडीए एवं महागठबंधन दोनों ही अपने-अपने प्रत्याशियों को जिताने में असफल रहे। बतादें कि आफाक अहमद पश्चिम चंपारण के बेतिया शहर के रहने वाले हैं। वे जिले के आमना उर्दू हाई स्कूल में 35 वर्षों तक सेवा देने के बाद वीआरएस लेकर सेवानिवृत हुए थे। सामाजिक और राजनीतिक जीवन में सक्रिय रहने वाले आफाक अहमद ने बिहार में प्रशांत किशोर द्वारा शुरू किए गए जन सुराज अभियान में शुरूआती दिनों से अपना कंधा लगाया और प्रशांत किशोर की सोच और विजन के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं। आफाक अहमद की इस जीत पर जन सुराज अभियान में खुशी की लहर है, वहीं दूसरे राजनीतिक दलों के लिए आफाक अहमद की जीत एक झटके के समान है। बिहार की राजनीति में प्रशांत किशोर की एंट्री पर कई तरह के सवाल पूछे जा रहे थे। विधान परिषद के इस चुनाव में मिली जीत के बाद जन सुराज अभियान और प्रशांत किशोर के बारे राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में निर्दलीय व जन सुराज समर्थित प्रत्याशी की जीत ने एनडीए व महागठबंधन दोनों दलों को नेताओं के लिए किसी झटके से कम नहीं है।

सारण स्नातक निर्वाचन से डा वीरेंद्र नरायण यादव को दूसरी बार जीत पर खुशी की लहर

छपरा। बनियापुर मे सारण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से डा वीरेंद्र नरायण यादव की दूसरी बार जीत पर कार्यकर्ताओ मे जबरदस्त खुशी का माहौल देखा गया ।जहा डा वीरेंद्र नरायण यादव के जीत पर आतिशबाजी के साथ खूब मिठाईया बाटी गयी ।जहा जनाधिकारी पार्टी के जिलाध्यक्ष सह धवरी पंचायत के मुखिया पति,धवरी पैक्स अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव ने डा विरेन्द्'नरायण यादव अपने समर्थको के बिच मिठाइयो बाटते खुशी मनाते डा वीरेंद्र नरायण यादव को बुके भेट करते उन्हे मुबारकबाद दिया। इधर बनियापुर मे जद यु प्रखंड अध्यक्ष शिव नरायण पटेल के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओ के बींच मिठाईया खिलाई गयी वही खुशिया मनाई गयी ।मौके पर डा फिरोज शम्स प्रवेज नन्हें करीम अंसारी सहित अन्य शामिल थे।

बाबू जमुनहां में लगी आग लाखो की सम्पति जल कर राख

गोपालगंज। जिले के पंचदेवरी प्रखंड के बाबू जमुनहां में अचानक आग लगने से लाखों की सम्पति जलकर राख हो गई। बताया जाता है कि बाबू जमुनहा गांव निवासी जगरनाथ सिंह के परिवार के सदस्य गुरुवार को खाना बनाकर गेंहू काटने गए थे। इसी बीच घर की आवासीय झोपड़ी में अचानक आग लग गई। देखते देखते आग ने उनके आवासीय झोपड़ी को अपने चपेट में ले लिया। आग की लपटों को देख ग्रामीण जब पहुंचे आग बैजनाथ सिंह के बखार को भी अपने चपेट में ले चुका था। ग्रामीणों के काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आगलगी की इस घटना में जगरनाथ सिंह के घर में रखे नगद, चैकी, अलमारी, साइकिल, गहना, अनाज, बर्तन सहित लाखो की संपत्ति जलकर राख हो गई।

शादी की नियत से किशोरी का अपहरण

गोपालगंज। जिले के भोरे थाना क्षेत्र के भरपटिया गांव से एक किशोरी का शादी की नियत से अपहरण कर लिया गया। मामले को लेकर अपहृत किशोरी के पिता के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताया जाता है गांव निवासी चंद्रबली राजभर की 16 वर्षीय पुत्री नेहा कुमारी अपने घर से 4 बजे सुबह में शौच के लिए निकली थी। इसके बाद वह घर नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। इस दौरान घर से 50000 रूपया भी गायब मिला।

जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में प्राथमिकी दर्ज

गोपालगंज। जिले के भोरे थाना क्षेत्र के शुक्ल डूमर गांव में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हो गई। जिसमें आधा दर्जन लोगों ने मिलकर तीन लोगों को बुरी तरह मारपीट कर जख्मी कर दिया। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल गोपालगंज में किया गया।

जहां एक घायल महिला के बयान पर स्थानीय थाने में सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताया जाता है कि शुक्ल डूमर के सुरेंद्र पाल की पत्नी सरस्वती देवी अपने दरवाजे पर बैठी थी कि डूमर नरेंद्र गांव के धनंजय सिंह, रंजन सिंह, संजय सिंह, प्रमोद सिंह, काशी सिंह सहित सात लोग अपने हाथ पर लाठी-डंडों व धारदार हथियार लेकर आए और गाली गलौज करने लगे।

सम्पादकीय

शिक्षा से खेलती राजनीति

प्रसन्नता का विषय यह कि विधानसभा में बहस अब गली-कूचे और हैंडपंप से कहीं आगे निकलकर विश्वविद्यालय के स्तर की हो गई है। विधानसभा सत्र में भर्तियों की जांच ने शिमला और मंडी विश्वविद्यालयों के कान पकड़े, तो कहीं अपने औचित्य की जमीन से फिसल रहे केंद्रीय विश्वविद्यालय के जदरांगल कैंपस पर भी बात हुई। अगर माननीयों को लगता है कि विश्वविद्यालयों में भर्ती प्रक्रिया के मानदंड दरकिनार करके कुछ लोगों की नियुक्तियां हुई हैं, तो इन संदर्भों को पूरी तरह खंगालने की जरूरत है। सरकार से छानबीन इसलिए भी आपेक्षित है क्योंकि विश्वविद्यालयों ने खुद को चंद व्यक्तियों के समूहों या विचारधाराओं के चबूतरों के रूप में परिवर्तित करना शुरू किया है, जबकि शैक्षणिक उपलब्धियों के खालीपन ने हिमाचल की उच्च शिक्षा को गहरी खाई की तरफ धकेलने का भी काम किया है। आरोपों से घिरे विश्वविद्यालय अगर अपने शैक्षणिक परिचय से मोहताज हैं, तो हम किस अस्तित्व की बात करते हैं। विडंबना यह कि जिस तेजी से मंडी विश्वविद्यालय का उदय हुआ, उसी रफ्तार से इसकी आरंभिक परतों में ही दोषारोपण होने लगा है। राजनीति पहले भी विश्वविद्यालयों से खेलती रही है और अब भी ऐसे विषय ढूंढे जा रहे हैं, जिनके आधार पर शैक्षणिक परिसर सत्ता और विपक्ष को मुकाबिल कर रहे। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आशंका प्रकट की है कि जिस तरह जांच के दायरे खड़े किए जा रहे हैं, उनसे मंडी विश्वविद्यालय की नींव को खतरा है। ऐसे में सवाल यह कि डिनोटिफिकेशन की गाज में यह विश्वविद्यालय भी आ जाएगा।

हमें नहीं लगता कि इतने बड़े कदम के लिए अभी स्पष्ट साक्ष्य सामने आए हैं, फिर भी शिक्षा में उचित-अनुचित व वांछित-अवांछित का फैसला होना ही चाहिए। हिमाचल में पिछले दो दशकों से शिक्षा के प्रसार में केवल राजनीति के तहखाने देखे गए और यह एक तरह का सदाबहार सियासी चरित्र बन गया कि नेताओं ने अपनी इच्छा की मूछें किसी न किसी स्कूल, कालेज, इंजीनियरिंग-मेडिकल कालेज या अब विश्वविद्यालयों से चस्पां कर दीं। नतीजतन कई अनावश्यक संस्थान तो खुल गए, लेकिन शिक्षा कहीं पिछड़ गई। उदाहरण के लिए जब से तकनीकी विश्वविद्यालय खुला, इंजीनियरिंग की पढ़ाई और एमबीए के पाठ्यक्रम निरर्थक हो गए। बेशक शिमला और मंडी के बीच विश्वविद्यालयों का विभाजन हो गया, लेकिन समानांतर पाठ्यक्रमों के विभाजन से अंतर यही आया कि शिक्षा की एक भौगोलिक रेखा कायम हो गई। आश्चर्य यह कि जयराम सरकार ने एक नए विश्वविद्यालय की उत्पत्ति करते हुए यह गौर नहीं किया कि चालीस सालों से धर्मशाला में चल रहे शिमला विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र की वरिष्ठता का सही इस्तेमाल कैसे किया जाए। इस अध्ययन केंद्र ने कई वकील, जज, स्कूल-कालेज व विश्वविद्यालय स्तर के शिक्षाविद तथा कारपोरेट जगत के लिए प्रतिभाएं पैदा की हैं, लेकिन राजनीति के खेल में इसके अस्तित्व पर कोई बहस नहीं। आश्चर्य यह कि चंद मेडिकल कालेजों के ऊपर भी एक मेडिकल यूनिवर्सिटी का सियासी आविष्कार हो जाता है, लेकिन देश के दस टॉप आयुर्वेदिक कालेजों में शुमार पपरोला कालेज के अस्तित्व को सुधारने का अवसर ही नहीं मिलता। पिछले चौदह सालों में केंद्रीय विश्वविद्यालय के अस्तित्व ने जितनी राजनीति पैदा की, उसी का असर है कि इस संस्थान ने शिक्षा को लेकर विचार विमर्श करना ही छोड़ दिया, वरना यहां भी आईआईटी मंडी की तरह शोध व शोधार्थियों पर चर्चा होती। सियासत होना बुरी बात नहीं, लेकिन जहां शिक्षा के पर्यावरण, वातावरण व अनुकूलन को दरकिनार करके, संस्थानों के रंग रौगन पर ही चर्चा हो, वहां शिक्षार्थी भी पेंटर ही साबित होंगे। विधानसभा में चर्चा तो इस बात को लेकर की जानी चाहिए कि हिमाचल से संबंधी शोध में कौन सा विश्वविद्यालय तीसमार खां साबित हो रहा है। पिछले एक साल की अवधि में हुए सेमिनारों के विषय देख लिए जाएं कि उच्च शिक्षा में कितनी संवेदना और अभिव्यक्ति का साहस बचा है। एमबीए के हजारों स्नातकोत्तर पैदा करने वाला हिमाचल बताए कि इनका भविष्य किस रेत पर खड़ा है।

जलाओ दिमाग की बत्ती

पीके खुराना

जनसामान्य में पीजीआई के नाम से प्रसिद्ध चंडीगढ़ स्थित चिकित्सा शिक्षा एवं शोध के स्नातकोत्तर संस्थान पोस्टग्रैजुएट इंस्टीट्यूट ऑव मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च से जुड़े तीन अलग-अलग अध्ययनों ने मेरे दिमाग की बत्ती जलाई है और मुझे उम्मीद है कि ये अध्ययन कुछ और लोगों के दिमाग की बत्ती भी जला सकते हैं। हास्य की दुनिया के बेताज बादशाह रहे स्वर्गीय जसपाल भट्टी ने अपने प्रसिद्ध कार्यक्रम उलटा-पुलटा के एक शो में आधुनिक जीवन की विकृति को चित्रित करते हुए बताया था कि आज के बच्चे खेल के नाम पर कंप्यूटर गेम्स या प्ले स्टेशन गेम्स में खोये रहते हैं और इस कारण शारीरिक गतिविधियों और व्यायाम से उनका नाता टूट गया है जिसके कारण उन्हें छोटी उम्र में ही स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। आज लगभग हर घर में केबल टेलिविज सुविधा उपलब्ध है, यानी हर रोज, चौबीसों घंटे टीवी के किसी न किसी चैनल पर कोई न कोई मनोरंजक अथवा मनपसंद कार्यक्रम आ ही रहा होता है। हर कोई टीवी का दीवाना है। छोटे बच्चे कार्टून कार्यक्रमों में मस्त हो जाते हैं। मां-बाप इसे बड़ी सुविधा मानते हैं क्योंकि कार्टून शो में खोये बच्चे को कुछ भी और कितना भी खिलाना आसान होता है, बच्चा टीवी में व्यस्त हो जाता है और घर से बाहर नहीं जाता, शरारतें नहीं करता, फालतू की जिद नहीं करता। संपन्न आधुनिक शहरी घरों में बच्चों के लिए प्ले स्टेशन पोर्टेबल (पीएसपी) भी उपलब्ध हैं और बच्चे इनमें खोये रहते हैं। मां-बाप सोचते हैं कि बच्चा कार्टून ही तो देख रहा है, लेकिन वे उससे होने वाले दिमागी प्रभाव को नहीं समझ पाते। कार्टून शो में सीन बदलने की गति यानि फ्लिकरिंग इतनी तेज होती है कि कई बार बच्चे का दिमाग उसे पकड़ नहीं पाता और वह कन्फ्यूज हो जाता है। इससे बच्चे को उलटी होने जैसा महसूस हो सकता है।

सीन बदलने के कारण रोशनी की तीव्रता तेजी से घटती-बढ़ती है, जिसे फ्लैशिंग कहते हैं। इससे भी बच्चों की आंखों पर गहरा नकारात्मक प्रभाव पड़ता है जिसे फोटोफोबिया कहा जाता है। लगातार कार्टून देखने वाले अथवा प्ले स्टेशन पर खेलने वाले बच्चे अक्सर इसीलिए बाद में थकान महसूस करते हैं और उन्हें मिरगी की शिकायत हो सकती है। सन 2012 में पीजीआई में पीडियाट्रिक मेडिसिन की प्रोफेसर डा. प्रतिभा सिंघी तथा पीजीआई के ही स्कूल ऑव पब्लिक हेल्थ के डा. सोनू गोयल ने शहर के दो दर्जन से अधिक स्कूलों में हुए एक सर्वेक्षण के परिणामों की पुष्टि करते हुए बताया कि बच्चों द्वारा लंबे समय तक कार्टून देखना अथवा प्ले स्टेशन पर खेलना उनकी सेहत के लिए खतरनाक है। अल्जाइमर एक ऐसी बीमारी है जिससे ग्रस्त व्यक्ति रोजमर्रा की साधारण चीजों को भी भूलने लगता है, मसलन अलमारी खोलनी हो तो फ्रिज खोलकर खड़े हो जाएं, बात करते समय भूल जाएं कि बातचीत का विषय क्या था, अपनी कोई बात समझाने के लिए किसी विशिष्ट घटना का जिक्र शुरू कर दें और यह भूल जाएं कि उस उदाहरण से समझाना क्या चाहते थे, हाथ में पकड़ी या गोद में पड़ी किसी चीज को इधर-उधर ढूंढ़ें। डिमेंशिया यानी दिमाग के तंतुओं के मरने के कारण होने वाली बीमारी अल्जाइमर से बचने के लिए तथा स्मरण शक्ति के विकास के लिए आयुर्वेद ब्रह्मी बूटी के प्रयोग की सिफारिश करता है। पीजीआई में न्यूरोलाजी विभाग के तत्कालीन प्रोफेसर व मुखिया डा. सुदेश प्रभाकर के अनुसार चूहों पर किए प्रयोगों से डाक्टरों ने पाया था कि भूलने की बीमारी के इलाज के लिए ब्रह्मी बूटी सचमुच लाभदायक है और उन्होंने भूलने की बीमारी से ग्रस्त मरीजों पर ब्रह्मी बूटी के क्लीनिकल प्रयोग किए। इसके तहत डिमेंशिया से पीड़ित सौ मरीजों का चयन किया गया।

इनमें से 50 को परंपरागत एलोपैथी दवाएं दी गईं और बाकी 50 को ब्रह्मी से बनी दवाएं। फर्क यह है कि ब्रह्मी से बनी दवाओं की गुणवत्ता और पैकिंग आदि का जिम्मा पीजीआई के ही फामाकोलाजी विभाग को दिया गया, जहां मान्य अंतरराष्ट्रीय मानकों का भी ध्यान रखा गया ताकि दवा के परिणाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेश किए जा सकें। इस परियोजना की देखरेख कर रही टीम में पीजीआई के न्यूरोलाजी विभाग के डाक्टरों के अलावा एक आयुवेर्दाचार्य को भी शामिल किया गया था।

परिणामस्वरूप ब्राह्मी बूटी ने अपना असर दिखाया और मरीजों की हालत में काफी सुधार पाया गया। दिल्ली में रह रहीं डा. पूनम नायर ने चंडीगढ़ योग सभा के तत्वावधान में पीजीआई के साथ मिलकर विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त मरीजों को योगासनों से इलाज की पद्धति का अध्ययन किया ही, साथ ही उन्होंने पीजीआई में कार्यरत नर्सों को भी योगासन के माध्यम से अपने कार्य में दक्षता लाने की शिक्षा दी। यह अध्ययन चिंता, तनाव और उदासी से ग्रस्त मरीजों, उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) से ग्रस्त मरीजों और काम के दबाव से ग्रस्त नर्सों पर आधारित था। मरीजों को तीन समूहों में बांटा गया, पहले समूह को परंपरागत एलोपैथिक दवाइयां दी गईं, दूसरे समूह को यौगिक क्रियाओं, योगासनों, यौगिक प्राणायाम और योग मुद्राओं और काउंसलिंग की यौगिक चिकित्सा दी गई और तीसरे समूह को शवासन, प्राणायाम, खुशी और सफलता की स्थिति में स्वयं की कल्पना करने, अपने इष्ट भगवान के ध्यान आदि से यौगिक विश्राम से संबंधित क्रियाएं करवाई गईं। डाक्टरों और नर्सों का जीवन बहुत कठिन होता है और लगातार रोगियों के संपर्क में रहने के कारण उनका अपना स्वास्थ्य हमेशा खतरे में रहता है। काम का दबाव उन्हें चिड़चिड़ा बना देता है और वे तनावग्रस्त हो सकते हैं।

हाथी परियोजना के तीस वर्ष

जैव-विविधता संरक्षण एक जटिल प्रयास होता है, क्योंकि जैविक समुदाय अपने पर्यावरण से गहरे रूप से जुड़े रहते हैं। कुछ महत्वपूर्ण प्रजातियों का संरक्षण तथा कुछ आवश्यक तथ्यों पर आधारित दृष्टिकोण, चुनौती का मुकाबला करने में सहायता कर सकता है। विश्व स्तर पर लुप्तप्राय एशियाई हाथी (एलीफस मैक्सिमस) का भारत में संरक्षण इसका एक उदाहरण है। भारत में हाथियों और लोगों के बीच का संबंध गहरा है और दुनिया में विशिष्ट है। भारत में हाथियों की समृद्धि के प्रतीक के रूप में पूजा की जाती है। वे सांस्कृतिक प्रतीक हैं और हमारे धर्म, कला, साहित्य और लोककथाओं के हिस्से हैं। भारतीय महाकाव्य हाथियों के संदर्भों से भरे पड़े हैं। यह भी माना जाता है कि महाभारत को भगवान गणेश ने अपने एक टूटे हुए दांत से लिखा था। 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद से, हाथियों की आबादी का रुझान, अन्य देशों के विपरीत, अपेक्षाकृत स्थिर रहा है। भारत में वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 जैसे मजबूत कानून हैं, जो हाथियों को उच्चतम कानूनी संरक्षण प्रदान करते हैं, चाहे वे जंगल में हों या मानव देखभाल के तहत हों।

श्री भूपेंद्र यादव,

केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री

यह पूरी तरह से स्पष्ट है कि जलवायु परिवर्तन का सामना करने के लिए जैव-विविधता संरक्षण, सर्वोत्तम रणनीतियों में से एक है। जैव-विविधता संरक्षण एक जटिल प्रयास होता है, क्योंकि जैविक समुदाय अपने पर्यावरण से गहरे रूप से जुड़े रहते हैं। कुछ महत्वपूर्ण प्रजातियों का संरक्षण तथा कुछ आवश्यक तथ्यों पर आधारित दृष्टिकोण, चुनौती का मुकाबला करने में सहायता कर सकता है। विश्व स्तर पर लुप्तप्राय एशियाई हाथी (एलीफस मैक्सिमस) का भारत में संरक्षण इसका एक उदाहरण है। भारत में हाथियों और लोगों के बीच का संबंध गहरा है और दुनिया में विशिष्ट है। भारत में हाथियों की समृद्धि के प्रतीक के रूप में पूजा की जाती है। वे सांस्कृतिक प्रतीक हैं और हमारे धर्म, कला, साहित्य और लोककथाओं के हिस्से हैं। भारतीय महाकाव्य हाथियों के संदर्भों से भरे पड़े हैं। यह भी माना जाता है कि महाभारत को भगवान गणेश ने अपने एक टूटे हुए दांत से लिखा था।

1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद से, हाथियों की आबादी का रुझान, अन्य देशों के विपरीत, अपेक्षाकृत स्थिर रहा है। भारत में वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 जैसे मजबूत कानून हैं, जो हाथियों को उच्चतम कानूनी संरक्षण प्रदान करते हैं, चाहे वे जंगल में हों या मानव देखभाल के तहत हों। वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980, हाथियों के निवास-स्थानों को नुकसान और निवास-स्थानों के क्षेत्रफल में कमी लाने से बचाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले 9 वर्षों के कार्यकाल में, भारत ने मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और नेतृत्व के समर्थन से हाथियों के संरक्षण के लिए एक सक्षम संस्थागत व्यवस्था का निर्माण किया है। सामूहिक रूप से, हाथी भारत के कुल भूभाग के लगभग 5% क्षेत्र में पाए जाते हैं। हाथियों की वर्तमान सीमा-क्षेत्र में संरक्षित क्षेत्र और बहु-उपयोग वाले वनों के अन्य रूप शामिल हैं। वे वन क्षेत्रों के बीच आने-जाने के लिए मानव-निवास वाले क्षेत्रों का भी उपयोग करते हैं। हाथीदांत का अवैध शिकार, जो अफ्रीकी हाथियों के संरक्षण के लिए सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है, भारत में नियंत्रण में है। हालांकि, 1970 और 1980 के दशक में ऐसा नहीं था, जब अवैध हाथी दांत के अंतरराष्ट्रीय अवैध बाजार के लालच में अवैध शिकार के कारण, हमने कई हाथियों को खो दिया था। इन हत्याओं ने हाथियों के संरक्षण के समक्ष एक गंभीर खतरा पैदा कर दिया था और राज्यों तथा केंद्र के बीच सक्रिय समन्वय में, संरक्षण को पुनर्जीवित करने के लिए मिशन-मोड में काम करने की आवश्यकता थी। इस बात को स्वीकार करने के फलस्वरूप, 1992 में महत्वाकांक्षी हाथी परियोजना का शुभारंभ हुआ, जो बाघ परियोजना के अनुरूप था और जिसके तहत बाघों को आबादी को पतन के कगार से वापस लाने में सफलता मिली थी।

हाथी परियोजना, एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जो हाथियों के संरक्षण और कल्याण के लिए तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करती है। हाथी आरक्षित क्षेत्र, हाथी परियोजना के तहत मौलिक प्रबंधन इकाई हैं। वर्तमान में, पूरे भारत में 80,778 वर्ग किमी में फैले 33 हाथी आरक्षित क्षेत्र हैं। वर्ष 2022 में भारत में हाथी परियोजना के 30 वर्ष पूरे हुए हैं। हाथी परियोजना ने हाथी संरक्षण के प्रयासों को गति दी है। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थानों पर पिछले दो वर्षों के दौरान दो नए हाथी आरक्षित क्षेत्र बनाए गए हैं। दुधवा और उत्तर प्रदेश के आसपास के क्षेत्रों में अधिसूचित तराई हाथी आरक्षित क्षेत्र का उद्देश्य, भारत और नेपाल के बीच सीमा-पार के हाथियों के प्रबंधन में लंबे समय से चल रही समस्याओं का समाधान करना है। तमिलनाडु के दक्षिणी-पश्चिमी घाट के पहाड़ों में अगस्तियारमलाई हाथी आरक्षित क्षेत्र, पेरियार और अगस्तियारमलाई के बीच संपर्क बहाल करने की दिशा में गति प्रदान करेगा। हाथियों के संरक्षण और मानव-हाथी संघर्ष को कम करने के लिए, गलियारों के महत्व को स्वीकार करते हुए, हाथी परियोजना के अंतर्गत पूरे भारत में, चिन्हित किये गए हाथी गलियारों के लिए, भूभाग सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कुछ महत्वपूर्ण हाथी गलियारों, जैसे उत्तराखंड में चिल्ला-मोतीचूर गलियारे, केरल में तिरुनेली-कुदरकोट गलियारे और कुछ अन्य को सफलतापूर्वक बहाल कर दिया गया है। पहली बार, ओडिशा में एक महत्वपूर्ण गलियारे को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के तहत एक संरक्षण आरक्षित क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया गया था।

ट्रेन से हाथियों की टक्कर के मुद्दे को हल करने के लिए रेलवे तथा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की बैठकें निरंतर हो रही हैं। समस्या के समाधान के लिए दोनों मंत्रालय, राज्य के वन विभागों और अनुसंधान संस्थानों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

भारत में हाथियों के संरक्षण की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण चुनौती है - मानव-हाथी संघर्ष। सरकार इस समस्या के गंभीरता को स्वीकार करती है और संघर्षों को कम करने के लिए लोगों के साथ खड़ी है। वन्य-जीवों के कारण होने वाले फसल नुकसान को शामिल करने के लिए, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसी नई पहलों का विस्तार किया गया है, ताकि प्रभावित किसानों को समय पर मुआवजे का भुगतान किया जा सके। संघर्ष के प्रति प्रतिक्रिया अवधि में और समय पर अनुग्रह राशि के भुगतान में, सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं।

भारत तेजी से विकास कर रहा है और आर्थिक प्रगति कर रहा है, ऐसे में समय की मांग है कि प्रकृति-संस्कृति संबंधों को बनाए रखा जाये। हमारी पौराणिक कथाएं, कला, धर्म और विरासत प्रकृति के साथ एकता के सद्गुणों पर जोर देती हैं। हाथी संरक्षण संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और असम वन विभाग भारत में हाथी परियोजना के 30 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में गज उत्सव मनाएंगे। गज उत्सव, इस शानदार प्रजाति के संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का सामूहिक रूप से संकल्प लेने का एक मंच होगा।

डॉक्टर और दवाइयों की कमी से जूझता देश का स्वास्थ्य

देश में ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा कर्मचारियों, बुनियादी ढांचे और अंतिम मील कनेक्टिविटी की भारी कमी है। 78 फीसदी डॉक्टर शहरी भारत (30 फीसदी की जनसंख्या) की सेवा करते हैं। सेवाओं की आपूर्ति में भारी कमी (निजी/सार्वजनिक क्षेत्र में मानव संसाधन, अस्पताल और नैदानिक केंद्र) व राज्यों के बीच और भीतर घोर असमान उपलब्धता से बदतर हो गए हैं। उदाहरण के लिए, तमिलनाडु जैसे एक अच्छी स्थिति वाले राज्य में भी सरकारी सुविधाओं में चिकित्सा और गैर-चिकित्सा पेशेवरों की 30 फीसदी से अधिक कमी है। 61 फीसदी पीएचसी में सिर्फ एक डॉक्टर है, जबकि लगभग 7 फीसदी बिना किसी के काम कर रहे हैं 33 फीसदी पीएचसी में लैब टेक्नीशियन नहीं है, और 20 फीसदी में फार्मासिस्ट नहीं है। कई राज्यों में सभी सरकारी डॉक्टरों के लगभग 50 फीसदी पद खाली पड़े हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र पर भारत का खर्च 2013-14 में सकल घरेलू उत्पाद के 1.2 प्रतिशत से बढ़कर 2017-18 में 4 प्रतिशत हो गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 ने इसे सकल घरेलू उत्पाद का 2 .5 फीसदी करने का लक्ष्य रखा था।

डॉ सत्यवान सौरभ

लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

विश्व स्वास्थ्य दिवस, 7 अप्रैल, स्वास्थ्य समस्या या विशेष ध्यान देने योग्य मुद्दे पर विश्व का ध्यान केंद्रित करने का अवसर प्रदान करता है। देश में ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा कर्मचारियों, बुनियादी ढांचे और अंतिम मील कनेक्टिविटी की भारी कमी है। 78 फीसदी डॉक्टर शहरी भारत (30 फीसदी की जनसंख्या) की सेवा करते हैं। सेवाओं की आपूर्ति में भारी कमी (निजी/सार्वजनिक क्षेत्र में मानव संसाधन, अस्पताल और नैदानिक केंद्र) व राज्यों के बीच और भीतर घोर असमान उपलब्धता से बदतर हो गए हैं। उदाहरण के लिए, तमिलनाडु जैसे एक अच्छी स्थिति वाले राज्य में भी सरकारी सुविधाओं में चिकित्सा और गैर-चिकित्सा पेशेवरों की 30 फीसदी से अधिक कमी है। 61 फीसदी पीएचसी में सिर्फ एक डॉक्टर है, जबकि लगभग 7 फीसदी बिना किसी के काम कर रहे हैं 33 फीसदी पीएचसी में लैब टेक्नीशियन नहीं है, और 20 फीसदी में फार्मासिस्ट नहीं है।

कई राज्यों में सभी सरकारी डॉक्टरों के लगभग 50 फीसदी पद खाली पड़े हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र पर भारत का खर्च 2013-14 में सकल घरेलू उत्पाद के 1.2 प्रतिशत से बढ़कर 2017-18 में 4 प्रतिशत हो गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 ने इसे सकल घरेलू उत्पाद का 2.5 फीसदी करने का लक्ष्य रखा था।

स्वास्थ्य बजट में न तो वास्तविक रूप से वृद्धि हुई है और न ही घाटे वाले क्षेत्रों में सार्वजनिक/निजी क्षेत्र को मजबूत करने की कोई नीति है। जबकि आयुष्मान भारत पोर्टेबिलिटी प्रदान करता है, किसी को यह नहीं भूलना चाहिए कि कमी वाले क्षेत्रों में अस्पतालों की स्थापना में समय लगेगा। यह बदले में रोगियों को दक्षिणी राज्यों की ओर आकर्षित कर सकता है, जिनके पास शेष भारत की तुलना में तुलनात्मक रूप से बेहतर स्वास्थ्य ढांचा है। जैसा कि हाल ही में देखा गया है, कोविड-19 जैसी महामारी के दौरान रोगियों का अतिरिक्त भार उठाने के लिए भारत के बुनियादी ढांचे की क्षमता पर संदेह है। सरकार द्वारा प्रचारित एक नीति के रूप में चिकित्सा पर्यटन (विदेशी पर्यटक/मरीज) बढ़ रहा है, और घरेलू रोगी भी, बीमित और गैर-बीमाकृत दोनों।

ग्रामीण भारत में केवल 11 फीसदी उप-केंद्र, 13 फीसदी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 16 फीसदी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों को पूरा करते हैं। प्रत्येक 10, 000 लोगों के लिए केवल एक एलोपैथिक डॉक्टर उपलब्ध है और 90, 000 लोगों के लिए एक सरकारी अस्पताल उपलब्ध है। मासूम और अनपढ़ मरीजों या उनके रिश्तेदारों का शोषण किया जाता है। अधिकांश केंद्र अकुशल या अर्ध-कुशल पैरामेडिकल द्वारा चलाए जाते हैं और ग्रामीण सेटअप में डॉक्टर शायद ही कभी उपलब्ध होते हैं। मरीजों को जब आपात स्थिति में तृतीयक देखभाल अस्पताल में भेजा जाता है जहां वे अधिक भ्रमित हो जाते हैं और स्वास्थ्य कार्यकताओं और बिचौलियों के एक समूह द्वारा आसानी से धोखा खा जाते हैं। बुनियादी दवाओं की अनुपलब्धता भारत की ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा की एक सतत समस्या है। कई ग्रामीण अस्पतालों में नर्सों की संख्या जरूरत से काफी कम है.

देश के चरमराते सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे को देखते हुए, अधिकांश रोगी निजी क्लीनिकों और अस्पतालों में जाने को मजबूर हैं। पीएचसी (22 फीसदी) और उप-स्वास्थ्य केंद्रों (20 फीसदी) की कमी है, जबकि केवल 7 फीसदी उप-स्वास्थ्य केंद्र और 12 फीसदी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों (आईपीएचएस) के मानदंडों को पूरा करते हैं। उत्तरी राज्यों में शायद ही कोई उप-केंद्र है और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व्यावहारिक रूप से अस्तित्वहीन हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से पहले मील की कनेक्टिविटी टूट गई है। उदाहरण के लिए, उत्तर प्रदेश में प्रत्येक 28 गांवों के लिए एक पीएचसी है। भारत में लगभग 70 प्रतिशत स्वास्थ्य सेवाएं निजी क्षेत्रों द्वारा प्रदान की जाती हैं। यदि आर्थिक बाधाओं या अन्य कारकों के कारण निजी स्वास्थ्य सेवा चरमरा जाती है, तो भारत की संपूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रणाली चरमरा सकती है। कुल स्वास्थ्य व्यय का 70 प्रतिशत से अधिक निजी क्षेत्र द्वारा किया जाता है। हालांकि, टियर-2 और टीयर-3 शहरों में निजी अस्पतालों की पर्याप्त उपस्थिति नहीं है और टीयर-1 शहरों में सुपर स्पेशलाइजेशन की ओर रुझान है। सार्वजनिक और निजी अस्पतालों के बीच समान अवसर का अभाव एक प्रमुख चिंता का विषय रहा है क्योंकि सार्वजनिक अस्पतालों को बजटीय सहायता मिलती रहेगी। यह निजी क्षेत्रों को सरकारी योजना में सक्रिय रूप से भाग लेने से रोकेगा।

रोगी स्वास्थ्य व्यय का एक बड़ा हिस्सा वहन करते हैं, जो कि कुल स्वास्थ्य व्यय का 61 प्रतिशत है। यहां तक कि गरीब भी निजी स्वास्थ्य सेवा का विकल्प चुनने को मजबूर हैं, और इसलिए, अपनी जेब से भुगतान करते हैं। नतीजतन, अनुमानित 63 मिलियन लोग सालाना स्वास्थ्य व्यय के कारण गरीबी में गिर जाते हैं। भूगोल, सामाजिक-आर्थिक स्थिति और अन्य लोगों के बीच आय समूहों जैसे कई कारकों के कारण स्वास्थ्य क्षेत्र में असमानता मौजूद है। श्रीलंका, थाईलैंड और चीन जैसे देशों की तुलना में, जो लगभग समान स्तरों पर शुरू हुए, भारत स्वास्थ्य देखभाल परिणामों पर साथियों से पीछे है।

भारत दुनिया में सबसे कम प्रति व्यक्ति स्वास्थ्य देखभाल व्यय वाले देशों में से एक है। बीमा में सरकार का योगदान मोटे तौर पर 32 प्रतिशत है, जबकि ब्रिटेन में यह 83.5 प्रतिशत है। भारत में अत्यधिक खर्च इस तथ्य से उपजा है कि 76 प्रतिशत भारतीयों के पास स्वास्थ्य बीमा नहीं है। नकली डॉक्टरः ग्रामीण चिकित्सक (आरएमपी), जो 80 फीसदी बाह्य रोगी देखभाल प्रदान करते हैं, के पास इसके लिए कोई औपचारिक योग्यता नहीं है। लोग नीम-हकीमों के शिकार हो जाते हैं, जिससे अक्सर गंभीर अपंगता और जीवन की हानि होती है।

सरकार ने कई नीतियां और स्वास्थ्य कार्यक्रम शुरू किए हैं लेकिन सफलता आंशिक ही रही है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2002 में स्वास्थ्य पर सरकारी खर्च को 2010 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के दो से तीन प्रतिशत तक बढ़ाने का प्रस्ताव है जो अभी तक नहीं हुआ है।

अब, राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 ने इसे 2025 तक सकल घरेलू उत्पाद के 2.5 प्रतिशत तक ले जाने का प्रस्ताव दिया है। प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल में भारत के प्रमुख कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के साथ समग्र स्थिति निराशाजनक बनी हुई है। स्वास्थ्य बजट में एनएचएम की हिस्सेदारी 2006 में 73 फीसदी से गिरकर 2019 में 50 फीसदी हो गई, क्योंकि राज्यों द्वारा स्वास्थ्य खर्च में एक समान और पर्याप्त वृद्धि नहीं की गई थी। बेहतर स्वास्थ्य के लिए बहुत सारे निर्धारक हैं जैसे बेहतर पेयजल आपूर्ति और स्वच्छता; महिलाओं और लड़कियों के लिए बेहतर पोषण परिणाम, स्वास्थ्य और शिक्षा; बेहतर वायु गुणवत्ता और सुरक्षित सड़कें जो स्वास्थ्य मंत्रालय के दायरे से बाहर हैं।

चीन की गीदड़ भभकी पर क्यों परेशान हों

डॉ. रमेश ठाकुर

चीन ने अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न जगहों का नाम बदलने का एक ऐसा शिफूगा छोड़ा है जिसमें ना आवाज है और न चिंगारियां। फिलहाल यह पहली मर्तबा नहीं हुआ है जब उसने इन जगहों के नाम बदलने की कोशिश की हो। पूर्व में भी वह ऐसी ओछी हरकतें कर भारत को उकसाने का काम किया। उसकी इस गीदड़ भभकी को ज्यादा गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। पर, सतर्कता बरतनी बेहद जरूरी है। दुश्मन चाहे, कमजोर हो या ताकतवर, हल्के में नहीं लेना चाहिए। केंद्र की खुफिया एजेंसियों और अरुणाचल प्रदेश की लोकल इंटेलिजेंस को पैनी निगरानी उन क्षेत्रों पर रखनी होगी, जिनका नाम बदलने का जिक्र किया है। सैन्य पहरा भी जरूरी है क्योंकि यही वो भाग है जिसपर दुश्मन की कई दर्शकों से नजर है। चीन ने अपने सरकारी अखबार के जरिए जो ये विवादित बात कही है, उसके परिणाम दूरगामी भी हो सकते हैं। क्योंकि इस बार उनकी बाकायदा मीटिंग में नाम तय किए गए हैं। जैसे विपक्ष सालों से आरोप लगाता आया है कि चीन अरुणाचल प्रदेश के कई हिस्सों में घुस गया है। आज से दो वर्ष पूर्व यानी दिसंबर-2021 में भी चीन ने अरुणाचल के विभिन्न जगहों के नाम बदले का कोरा झूठ बोला था। तब हमारे विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था कि चाइना ऐसा करके हमें दिव्य भ्रमित करना चाहता है। अपनी नापाक हरकतों से हमारी नजरें हटाना चाहता था। सोचने वाली बात है, हमसे हजारों किलोमीटर दूर पर बैठे लोग पहले से तय हमारे स्थानों के नाम बदलने की बात करता है। इससे उनके दिमाग का दिवालियापन ही कहा जाएगा। ऐसे तो हमारी सरकार भी दिल्ली में बैठकर शंघाई का नाम संघर्ष नगर रख देगी, तो क्या उससे उसका नाम संघर्ष नगर हो जाएगा। नाम तो नहीं बदलेगा। पर, उपहास जरूर उड़ेगा, जैसा इस वक्त चीन का उड़ रहा है। नाम बदलने का नया विवाद दरअसल है क्या? इसे आसान थ्योरी में अगर समझें, तो इसे चीन की नापाक चाल ही कहेंगे। उसने एक बार फिर अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताकर करीब हमारे 11 अधिकृत स्थानों को अपना नाम दिया है। इसके लिए बाकायदा बीते रविवार को चीनी कैबिनेट की स्टेट काउंसिल मीटिंग आयोजित हुई जिसमें ये सभी प्रस्ताव पारित हुए। अरुणाचल प्रदेश के 11 स्थ

संक्षिप्त खबरें

मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान अगले 4दिनो में 39डिग्री तक होगा अधिकतम तापमान

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, डा0राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा, एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से 07 से 11 अप्रैल तक के लिए मौसम पूवार्नुमान जारी किया गया है। पूवार्नुमान की अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में आसमान में हल्के से मध्यम बादल आ सकते है। हलाकि मौसम के शुष्क बने रहने का अनुमान है।इस अवधि मेंलगभग 2-3डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी हो सकती है जिसके चलते दिन का तापमान 35 से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान 19 से 22 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है। पूवार्नुमानित अवधि सतही हवा की रफ्तार थोड़ी ज्यादा रहने की सम्भावना है। हवा की दिशा पछिया रहने का अनुमान है।

भक्ति भाव हर्षोल्लास के साथ हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया।

मधुबनी/जयनगर के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रामभक्त संकट मोचक वीर हनुमान जी का जन्मोत्सव मंदिरों में भक्ति भाव विशेष पूजा पाठ के साथ हर्षोल्लास धूम धाम के साथ प्रभु हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया गया। जन्मोत्सव को लेकर महावीर हनुमान और राम जानकी मंदिरों समेत अन्य मंदिरों को भव्यता से सजाया गया हैं। मंदिरों में स्थापित हनुमान जी प्रतिमा की विधि विधान मंत्रोच्चारण के साथ विशेष पूजा पाठ की गई। सुबह से ही मंदिरों में हनुमानजी की पूजा अर्चना कर दर्शन कर प्रसाद चढ़ाने को लेकर श्रद्धालुभक्त जनो की लंबी कतार देखी गई। जन्मोत्सव को लेकर क्षेत्र के कई मंदिरों में समेत अन्य जगहों पर अष्टयाम विभिन्न कीर्तन मंडलियों के द्वारा भजन कीर्तन संगीतमय जागरण झांकिया हनुमान चालीसा का पाठ भंडारा समेत अन्य धर्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वही यूनियन टोल स्थित मनोकामना हनुमान मंदिर परिसर में श्री हनुमंत कथा महायज्ञ और कथा प्रवचन समेत अन्य धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम को लेकर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। जन्मोत्सव को लेकर क्षेत्र में धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल हो गया हैं।

ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों का मैट्रिक परीक्षा में रहा बेहतर प्रदर्शन

मधुबनी/हरलाखी प्रखंड के कमतौल में सरस्वती शिशु विधा मंदिर के बच्चो ने मैट्रिक परीझा में बेहतर अंक लाकर कृतमान स्थापित किया है। वही मैट्रिक में उत्तीर्ण किये गए छात्र छात्राओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन भि किया गया। जहां प्राचार्य वीरेंद्र यादव के अध्यक्षता में सफल छात्र छात्राओ को सम्मान किया गया। जिसमे रूबी कुमारी 444 अंक, इसी तरह शिवानी कुमारी 431, सोनू कुमार 418, संजू कुमारी 401, रोशनी कुमारी 381, सुजीत कुमार 367, विकास कुमार 357, माला कुमारी 356, आरती कुमारी 332, सिंधु कुमारी 350, रौशन कुमार 344, सुमित कुमार 337, सुभाष कुमार 335, नेहा कुमारी 322, अंजली कुमारी 317, चांदनी कुमारी 314, विशाल कुमार 313, राजेश कुमार 313, चंदन कुमार 306, जय प्रकाश 300 अंक लाकर मान बढ़ाया है। मौके पर प्राचार्य वीरेंद्र यादव, शिक्षक सरोज कुमार यादव, ब्रह्मदेव यादव, अभिभावक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पुलिस ने आधा दर्जन अंतर जिला बाइक चोर को दस बाइक के साथ किया गिरफ्तार

बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मॉल, हॉस्पिटल के पास से बाइक की चोरी करने के बाद मर्डर करने और शराब बेचने वाले अपराधियों को करता था सप्लाई

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। अंतर जिला बाइक चोरी करने वाले एक बड़े गैंग को पुलिस ने आधा दर्जन अपराधियों को दस चोरी के बाइक के साथ गिरफ्तार किया। इसकी जानकारी एसपी योगेंद्र कुमार ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि बेगूसराय की पुलिस ने 25 विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर चोरी के दस बाइक को जप्त किया है। इस बाइक चोर का मास्टरमाइंड अमर कुमार है। जिसका घर मुंगेर जिला है। लेकिन यह कुछ दिन पहले जेल से छूटने के बाद बलिया क्षेत्र में रहकर बाइक चोरी का गैंग चलाता था। ये लोग बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मॉल, हॉस्पिटल के पास से बाइक की चोरी करने के बाद व्हाट्सएप के जरिए इस बाइक को अपराधी, किसी का मर्डर करने, शराब बेचने में या चोरी करने के लिए जो करता था। उसके हाथों में ये चोरी की सभी बाइक को बेचते थे। एसपी ने बताया कि आसपास के आधा दर्जन जिलों में जाकर ये सभी बाइक की चोरी करते थे। अमर कुमार के ऊपर तीन मामले दर्ज हैं। इस पर लूट, आर्म्स एक्ट और गोली चलाने के मामले दर्ज हैं।

यह अभी बेल पर छूटा हुआ है और श्रवण कुमार जो इनका सगा भाई है इस पर भी आपराधिक आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं।अमर, श्रवण, विशाल और राजा यह चारो अपराधियों के ऊपर पहले से मामले दर्ज हैं।इनकी गिरफ्तारी होने के बाद आसपास के जिलों में चोरी की बाइक से मर्डर, डकैती, चोरी, लूट समेत कई अन्य आपराधिक मामलो पर जिले की पुलिस ने विराम लगायी है। सभी को पुरस्कृत किया जाएगा। एसपी योगेंद्र कुमार ने दूसरी घटना के बारे में बताया कि दो दिन पहले मटिहानी थाना क्षेत्र के सिहमा में एक किसान राजू सिंह की गोली मारकर अपराधियों ने जख्मी कर दिया था। उसमें से एक अपराधी अवधेश कुमार को मटिहानी थानाध्यक्ष विवेक भारती व अन्य पुलिस कर्मियों ने मिलकर उसे एक देसी कट्टा और दो कारतूस के साथ धर दबोचा। दूसरे अपराधी की भी पुलिस बहुत जल्द गिरफ्तार कर लेगी।वहीं तीसरी घटना के बारे में एसपी ने बताया कि खोदावंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खोदावंदपुर की पुलिस ने एक गश्ती के दौरान दो व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में देखा। उसे जब रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से दो देसी कट्टा और दो बाइक जप्त हुआ। जिसमें एक चोरी का बाइक है। उसने अपने अपराध को कबूल कर लिया। वह किसी बड़ी घटना को अंजाम देनेवाला था।

बाबा साहेब के विचारों पर चलने का लिया संकल्प- चेयरमैन

प्रात : किरण संवाददाता

बरौनी, बेगूसराय। जदयू परिवार द्वारा बरौनी प्रखण्ड एवं नगर परिषद बीहट क्षेत्र अन्तर्गत भीम चौपाल आयोजित कर लोगों को बाबा साहेब के संकल्पों व विचारों से अवगत कराया गया। जहां हर कोई ने बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के विचारों पर चलने का संकल्प लिया। बाबासाहेब राष्ट्र को नई दिशा दिए हैं जरुरत है उस दिशा को लेकर लोगों तक पहुंचाने की। उक्त बातें बरौनी प्रखण्ड क्षेत्र अन्तर्गत सबौरा गांव एवं नगर परिषद बीहट क्षेत्र अन्तर्गत जैमरा गांव में आयोजित भीम चौपाल को संबोधित करते हुए चेयरमैन बीता देवी ने व्यक्त किया। वहीं भीम चौपाल की अध्यक्षता बरौनी प्रखण्ड जदयू अध्यक्ष शंभू कुमार सिंह ने की।आयोजित चौपाल को पूर्व विधानपार्षद सह जदय प्रदेश महासचिव भूमिपाल राय, प्रमोद पासवान, सुनील कुमार, रामानन्द यादव आदि वक्ताओं ने भी संबोधित कर अपना विचार व्यक्त किया। मौके पर रामवृक्ष पासवान, लोचन साह, मो मोद्दैसर, मो दिलशाद, पंकज कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण एवं नगर वासी उपस्थित थे। वहीं इस दौरान जय भीम जय नीतीश कुमार की नारे भी लगाए गए। सभी ने नीतीश कुमार के इस प्रयास की काफी सराहना की कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को समाज व राष्ट्र के विकास की मुख्यधारा में शामिल कर उन्हें सम्मानित करते हुए प्रथम पंक्ति में ला रहे हैं।

स्कूल की कुव्यवस्था के खिलाफ अभाविप के कार्यकताओं ने किया प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। ग्रीष्मकालीन होने के कारण विद्यालयों में शिक्षण कार्य सुबह 6:30 से शुरू है, लेकिन कई विद्यालयों में 7:30 तक ना शिक्षक पहुंचते हैं ना स्कूल का गेट खुलता है। गुरुवार की सुबह इसी तरह कुछ स्कूलों को नहीं खुलने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने धरना देने और प्रदर्शन करने का काम किया। बखरी अनुमंडल कार्यालय से महज कुछ ही दूर स्थित उच्च विद्यालय शकरपुरा में सुबह 7:30 बजे तक विद्यालय का ताला नहीं खुलने से नाराज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने कुव्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन किया। आंदोलन कर रहे विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने विद्यालय परिसर में जमकर नारेबाजी की। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनीष कुमार एवं पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रिंस सिंह परमार ने कहा कि प्रधानाध्यापक की मनमानी के कारण विद्यालय में अराजकता का माहौल उत्पन्न होता है। सरकार के लाख निर्देश के बावजूद समय का अनुपालन नहीं हो रहा है। समय से विद्यालय नहीं खुलने के कारण छात्र-छात्रा विद्यालय से लौट जा रहे हैं। जिससे शिक्षा व्यवस्था का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। नगर मंत्री अनुभव आनंद ने कहा कि उच्च विद्यालय शकरपुरा भ्रष्टाचार का केंद्र बन गया है। शिक्षकों में गुटबाजी चरम पर है। पठन-पाठन व्यवस्था पूर्णत ठप पड़ी हुई है। शिक्षक लेट से आते हैं और हाजिरी बनाकर विद्यालय से निकल जाते हैं। सुबह 6:30 बजे विद्यालय खुलने का समय होने के बाद भी आठ बजे तक विद्यालय खुलता नहीं है। प्रधानाध्यापक से जवाब मांगने पर गोलमटोल जवाब दिया जाता है। अभाविप कार्यकताओं ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनियमितता की जांच करते हुए संवेदनहीन प्रधानाध्यापक को निर्लंबित कर कार्रवाई करने की मांग की है। मौके पर नगर सह मंत्री रविन्द्र कुमार, जिला एसएफडी प्रमुख, दिलखुश कुमार, प्रिन्स जयसवाल, दीपक कुमार, समोद कुमार, पुष्कर, विपिन, अखिलेश, रूपेश, अमन, पांडव, मिथलेश, पिंटू, आशीष आदि उपस्थित थे।

पंजाबी यूनिवर्सिटी बचाओ आंदोलन के समर्थन में एआईडीएसओ ने मनाया एकजुटता दिवस

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला का कर्ज माफ कर अनुदान बढ़ाने की मांग को लेकर छात्रों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के पंजाबी यूनिवर्सिटी बचाओ आंदोलन के समर्थन में एआईडीएसओ की ऑल इंडिया कमेटी की ओर से आज एकजुटता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एलएस कॉलेज परिसर से एक जुलूस बीआरए बिहार विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन तक निकाला गया। जुलूस में शामिल कार्यकर्ता- यूनिवर्सिटी के कर्ज को माफ करो और अनुदान बढ़ाओ, स्थायी तौर पर पर्याप्त संख्या में शैक्षिणिक और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति करो, फीस बढ़ोतरी पर रोक लगाओ, पंजाबी यूनिवर्सिटी बचाओ मोर्चा का संघर्ष जिंदाबाद आदि रोषपूर्ण नारे लगा रहे थे। विश्वविद्यालय परिसर में उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए एआईडीएसओ के बिहार राज्य सचिव विजय कुमार ने कहा कि पंजाबी यूनिवर्सिटी में अनुदान की जगह लोन के खिलाफ वहां के छात्र, शिक्षक एवं कर्मचारी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम चला रहे हैं। आंदोलन के समर्थन में एआईडीएसओ की ओर से आज देश भर में एकजुटता दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि यह घटना केवल पंजाबी यूनिवर्सिटी का मामला नहीं है। सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार देशभर के तमाम विश्वविद्यालयों में धीरे-धीरे अनुदान को खत्म कर लोन देना और फिर उसे फीस के मामले स्वायत्त बनाने छात्र विरोधी योजना है। शिक्षण संस्थान फंड जुटाने के लिए व्यापक पैमाने पर फीस वृद्धि करेंगे। जिससे आम छात्र उच्च शिक्षा से बाहर हो जाएंगे। इस अवसर पर एआईडीएसओ के जिला अध्यक्ष शिव कुमार ने सरकार से पंजाबी यूनिवर्सिटी बचाओ मोर्चाह्व की मांगों को पूरा करने एवं छात्रों तथा शिक्षा प्रेमी लोगों से सार्वजनिक शिक्षा को बचाने के लिए नई शिक्षा नीति 2020 के खिलाफ मजबूत आंदोलन खड़ा करने की अपील किया। कार्यक्रम में एआईडीएसओ के जिला सचिव राजन कुमार जिला कमेटी सदस्य निशांत कुमार, उत्पल कुमार, बबली, अफसाना खातून, अंजली कुमारी, मंतोष कुमार, प्रभंस कुमार एवं संदीप कुमार आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

तरापट्टी में गुलाब विष्णु पब्लिक स्कूल का उद्घाटन हुआ।

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी/खजौली प्रखंड़ क्षेत्र के तरापट्टी खजौली गांव स्थित गुरुवार को गुलाब विष्णु पब्लिक स्कूल (सी.बी.एस. ई.) पेटेंट स्कूल का शुभारंभ किया गया.इस विद्यालय के शुभारंभ को लेकर विद्यालय भवन में पंडित तरुण झा सहित अन्य पंडितों ने पूजा पाठ,होम जाप करके विद्यालय को शुभारंम्भ किया गया.इस विद्यालय शुभारंम्भ के अवसर पर गुलाब विष्णु पब्लिक स्कूल के चेयरमैन रविंद्र सिंह द्वारा नर्सरी से आठवीं वर्ग के छात्र, छात्राओं को पुस्तक एव वास्ता देकर पठन पाठन शुरू करवाया गया.गुलाब विष्णु पब्लिक स्कूल के चेयरमैन ने कहा कि यह पब्लिक स्कूल पूर्णतः सी.बी.एस. ई.पेटेंट पर आधारित है.उन्होंने कहा कि इस पब्लिक स्कूल में छात्र,छात्राओं को पठन पाठन को लेकर अनुभवी शिक्षक,उच्च गुणवक्ता वाले शिक्षकों से पठन पाठन की व्यवस्था, स्कूल में अनुभवी शिक्षकों द्वारा कंप्यूटयूर लैब की शिक्षा,स्कूल में कैंटीन की व्यवस्था ,इंडोर गेम की सुविधा,खेल मैदान, छात्र,छत्राओं को पठन पाठन की स्वच्छ क्लास रूम की व्यवस्था,म्यूजिक क्लास,संपूर्ण स्कूल कैंपस में सीसीटीवी की सुविधा एव स्कूल में वाहन की व्यवस्था सहित अन्य सुविधा उपलब्ध कराया गया है. विद्यालय के चेयरमैन ने कहा कि सुदूर ग्रामीण इलाके में वच्चो को बेहत्तर शिक्षा को लेकर यह पब्लिक स्कूल का निर्माण कर वच्चों को गुणवक्ता पूर्ण शिक्षा देने का मेरा एक ही उद्देश्य है.उन्होंने कहा कि पहला दिन स्कूल शुभारंम्भ होने पर नर्सरी से आठवीं वर्ग तक मे स्थानीय अभिभावक द्वारा 125 छात्र,छात्राओं नामांकन कराया गया.चैयरमैन रविंद्र सिंह ने बताया कि उसी स्कूल के कैम्पस में गुलाब विष्णु नर्सिंग होम महाविद्यालय में भी नामांकन जारी है.उन्होंने कहा की नर्सिंग महाविद्यालय में अभी तक कुल 10 छात्राएं ने नर्सिंग ट्रेनिग के लिए नामांकन कराया है. उन्होंने कहा कि अभी नर्सिंग महाविद्यालय में नामांकन जारी है. इस विधालय शुभारंम्भ पर छात्र, छात्राएं, अभिभावक,जनप्रतिनिधि,विद्धजीवी वर्ग शामिल थे।

राजस्व संग्रह के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करनेवालों किया गया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

बरौनी, बेगूसराय। नॉर्थ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के डिविजनल कंट्रोल रूम विद्युत आपूर्ति प्रमंडल में बुधवार की शाम राजस्व संग्रह के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मान समारोह वित्तीय वर्ष 2022-23 का आयोजन डिविजनल कंट्रोल रूम विद्युत आपूर्ति प्रमंडल बरौनी के प्रांगण में किया गया। इस मौके पर विद्युत विभाग के कई सीनियर पदाधिकारी के साथ विद्युत कार्यपालक अभियंता रंजन कुमार देव, विष्णुकांत पंडित एसडीओ, संजीव कुमार एसडीओ राजस्व, राहुल कुमार कनीय विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रशाखा बरौनी ग्रामीण, रंजीत कुमार कनिय विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रशाखा बरौनी शहरी समेत कई पदाधिकारी, कर्मी, संवेदक, मानव बल शामिल हुए। इस मौके पर पदाधिकारियों व कर्मियों को बेहतर कार्य करने पर उपहार देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए विद्युत कार्यपालक अभियंता बरौनी रंजन कुमार देव ने कहा कि आने वाले वितिय वर्ष मे और अच्छा कार्य किया जाए। वही क्षेत्र मे काम करने वाले विद्वत कर्मियों को सेफ्टी का सामान दिया गया। कार्यक्रम का संचालन एडीओ उमेश कुमार शर्मा के द्वारा किया गया।

कांड में फरार दो अभियुक्तो को किया गिरफ्तार।

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी/रहिका थाना पुलिस ने अलग-अलग शराब मामले में कांड में फरार चल रहे दो शराब तस्कर को साथ एक वारंटी अभियुक्त को रहिका पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बताते चलें कि लगभग एक माह पूर्व रहिका थाना में शराब मामले में प्राथमिकी दर्ज किया गया था जिसमें शराब तस्कर फरार चल रहा था। प्राथमिकी में नामजद शराब तस्कर सतधारा गांव निवासी श्रीकांत भंडारी के पुत्र राजू भंडारी वही दूसरा प्राथमिकी के नामजद अभियुक्त रामनगर इजरा गांव निवासी वीर जी पासवान के पुत्र रामबाबू पासवान को रहिका पुलिस के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया गया। रहिका थाना अध्यक्ष राज किशोर कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर वाहन गश्ती के दौरान शराब से भरी कलुआही की ओर से आ रही चार चक्का वाहन ब्लू कलर की सुप्रो में शराब की एक बड़ी खेप जा रही थी सूचना के आधार पर थाना चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर वाहन का इंतजार कर रहा था पुलिस की चेकिंग देख शराब तस्कर गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया पुलिस बल के द्वारा शराब तस्कर को खदेड़ा गया लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा वही शराब तस्कर की पहचान राजू भंडारी सतधारा गांव निवासी के रूप में कर ली गई थी। पुलिस के द्वारा ब्लू कलर की महिंद्रा सुप्रो एल वाई चार चक्का गाड़ी रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 32 ढअ6055 को जप्त किया गया था। जप्त गाड़ी को तलाशी लेने लगा तो गाड़ी से देसी नेपाली शराब 1820 बोतल देशी नेपाली वही नेपाली अंग्रेजी शराब 48 बोतल मात्रा18 लीटर किंगफिशर स्टॉग बियर 53 बोतल मात्रा 26.5 लीटर कुल देशी व विदेशी शराब की मात्रा 586 लीटर बरामद कर लिया गया। वहीं थाना के दूसरे कांड के अभियुक्त रामबाबू पासवान के घर से 300 बोतल नेपाली देसी शराब बरामद किया गया था और कांड में फरार चल रहा था उक्त अभियुक्त को पुलिस बल के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया साथ ही न्यायालय द्वारा निर्गत अधिपत्र के आधार पर विनोद महतो पिता रामप्रसाद महतो ग्राम फुहरी को गिरफ्तार कर लिया गया है।दोनो शराब तस्करो के गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी जारी थी गुप्त सूचना के आधार पर दोनों फरार शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया वही न्यायालय द्वारा निर्गत अधिपत्र के आधार पर भी एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार अभियुक्त राजू भंडारी सतधारा गांव निवासी,रामबाबू पासवान रामनगर इजरा वहीं तीसरा वारंटी विनोद महतो तीनों गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में लेने हेतु मधुबनी भेज दिया गया।

हनुमान जयंती के अवसर पर 151 कन्याओं ने निकाली कलश शोभा यात्रा।

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी/हरलाखी प्रखंड क्षेत्र के रेरियाही गांव में हनुमान जयंती के अवसर पर बजरंग मेला समित रेरियाही के सौजन्य से 151 कन्याओं ने कलश शोभा यात्रा निकाली।इस अवसर पर गांव सहित आसपास के कुंवारी कन्याओं के द्वारा गाजे बाजे के साथ जयकारा लगाते हुए भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली। जिसमें बड़ी संख्या में सभी वर्ग के पुरुष व महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कलश यात्रा पूजा स्थल से शुरू होकर परसा बाजर ब्रह्म स्थान के परिक्रमा करते हुए सिशोलिया पोखर में पवित्र जल कलश में भरकर पुनः पूजा स्थल पर पहुंचे। जहां से पवित्र जल भरकर वापस पूजा स्थल पर पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत सभी कलश को सत्यापित कराया गया। वहीं चार दिवसीय पूजा को लेकर पूरे गांव में भक्तिमय का माहौल कायम हो गया है। इधर कमिटी के अध्यक्ष राम सकल राउत, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार महतो, संस्थापक शंकर कुमार, सचिव अनिल महतो, उप सचिव राजन कुमार महतो, उपाध्यक्ष मोहन महतो, विजय महतो, संतोष कुमार महतो,अमित कुमार, घुर्णन महतो, राम लाल कुमार, जितेन्द्र कुमार, रविन्द्र कुमार समेत अन्य ने बताया कि यह पूजा में समिति के सभी सदस्यों एवं ग्रामीणों के सहयोग से हर वर्ष की जाती है।

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंसूरचक के वार्षिकोत्सव पर सम्मान समारोह आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मंसूरचक, बेगूसराय। प्रखंड के गणपतौल पंचायत अंतर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव परीक्षाफल सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन समिति की सदस्या कौशलिया देवी, पत्रकार संघ के अनुमंडल सचिव आशीष भूषण दत्त झा, पूर्व प्रधानाध्यापक रामाशीष महतो, प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार, एस मलिक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गान, स्वागत भाषण शिक्षा, विद्यालय से बच्चों को जोड़ने पर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। पूर्व प्रधानाध्यापक रामाशीष महतो ने कहा कि छात्रों को पढ़ाई के साथ अपनी संस्कृति को भी नहीं भूलना चाहिए। बड़ों का आदर व छोटों से प्यार करना चाहिए।प्राचार्य संजय कुमार ने कहा कि आज के बच्चे कल के देश का भविष्य हैं। बच्चों को मेहनत कर देश का भविष्य संवारने में अपना योगदान देना चाहिए। कुदंन कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन धर्मेंद्र कुमार व अनल रूनेश ने संयुक्त रूप से किया। प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने वार्षिक परीक्षाफल का छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरण करते हुए कहा कि नवम वर्ग में वार्षिक परीक्षाफल में विद्यालय में उच्च स्तरीय अंक प्राप्त करने वाले दस छात्र-छात्राओं में आर्यन राज 489, प्रज्ञा भूषण 455, प्रेरणा कुमारी 449, नेहा कुमारी 430, वर्षा रानी 429, नाहिया प्रवीण 422, सृष्टि कुमारी 417, सोनू राज 415, अभिषेक कुमार 407, रविन्द्र कुमार रौशन 409 लाने वाले सभी दस छात्र छात्राओं को विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। जो अबतक के लिए अतुलनीय बच्चों के बीच इस तरह की आयोजित की गई। बच्चे अच्छा करते हैं तो हम लोगों का नैतिक कर्तव्य है। परीक्षा देने के बाद बच्चों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद परीक्षाफल जारी होना अहम भूमिका निभाता है, इसलिए हम लोगो को परीक्षा लेने के साथ ही बच्चों के रूचि को भी देखना चाहिए। पत्रकार संघ के अनुमंडल सचिव आशीष भूषण ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में पढ़ाई भारतीय संस्कृति की पहचान है। यहां के बच्चे पढ़ाई के साथ खेलों में भी नाम रोशन कर रहे हैं। मंसूरचक में स्थापित यह विद्यालय जिला और राज्य में पहचान रखने का काम करता है। विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य कौशलिया देवी ने कहा कि यह स्कूल इस क्षेत्र के लिए किसी गौरव से कम नहीं है। उन्होंने वार्षिक परीक्षाफल में छात्राओं के द्वारा बाजी मारी जाने पर भी छात्रों की बेहतर की प्रशंसा की। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता गंगा चौधरी, पप्पू साह, शिक्षिका भारती, अनिता, राखी, शिक्षक आशीष कुमार, अनल रूनेश, संजय कुमार, धर्मेंद्र कुमार, कुंदन कुमार, अजय कुमार, विवेक कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

ब्रह्मबाबा पूजा को लेकर निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा।

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिला के जयनगर शहर में श्री श्री 108 ब्रह्मबाबा पूजा को लेकर ब्रह्मबाबा स्थान वाटर वेज चौक जयनगर से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई।ब्रह्मबाबा मंदिर परिसर से सुबह गाजा बाजा के साथ भव्य कलश व शोभा यात्रा निकाली गई। पुरुष व महिलाओं के हाथों में धार्मिक ध्वज तो कन्या व महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थीं।इस अवसर पर 551 कन्याओं ने कलश यात्रा में भाग ली। मंदिर परिसर से निकली कलश यात्रा वाटर वेज चौक,भेलवा चौक,मेन रोड,महावीर चौक,स्टेशनचौक,पटना गद्दी चौक होते हुए जयनगर शहर में स्थित कमलानदी पर पहुंची। यहां से कलश में जलबोझी की गई। वापस पूजा स्थल पहुंचने पर कलश स्थापित किया गया। इस अवसर पर मन्दिर के सदस्यों ने कहा विगत कई वर्षों से यहाँ अष्टयाम का भी आयोजन किया जाता है।इस वर्ष भी बड़ी ही धूमधाम से मनाया जा रहा है।धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन सभी के मंगल की कामना, सर्व कल्याण , विश्व मे शांति बना रहे हैं,व्यापार में बढ़ोतरी, विश्व मे शांति , मुल्क की तरक्की, आपसी भाई चारा, प्रेम ,सद्भाव, विपदाओं से बचाव को लेकर यह धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा हैं।

पूजा स्थल को भव्यता से सजाया गया जो आकर्षण का केन्द्र बना हुआ हैं।इस मौके पर नगर पंचायत जयनगर के उपमुख्य पार्षद माला देवी, बेल्ही दक्षिणी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मोहन मांझी,दीपक वर्मा,राजकुमार पूर्वे,सुबोध सिंह,अरविंद तिवारी,अजय कापर,जितेंद्र वर्मा,सोनू वर्मा,गोपाल पूर्वे,पप्पू पूर्वे,धीरेंद्र झा,सुनील ठाकुर,रंजीत पूर्वे,राजकुमार यादव,संतोष साह,राहुल कुमार सिंह,बिन्दे गुप्ता,गोविंद पूर्वे,योगेंद्र सिंह सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद थें।

संक्षिप्त खबरें

पूर्व चिकित्सा पदाधिकारी ने किया लक्की रेस्टोरेंट्स का उद्घाटन

संग्रामपुर (मुंगेर)। बुधवार को प्रखंड मुख्यालय के संग्रामपुर बाजार स्थित बैंक ऑफ इंडिया के समीप लक्की रेस्टोरेंट का विधिवत उद्घाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर के पूर्व चिकित्सा प्रभारी डॉ विजय कुमार गुप्ता, डॉ सूरज कुमार, पत्रकार सुनील चतुर्वेदी, समर प्रताप सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के दौरान डॉ श्री गुप्ता ने कहा कि संग्रामपुर जैसे छोटे शहर में रेस्टोरेंट का खुलना समृद्धि का परिचायक है। इसके खुलने से लोग परिवार के साथ आकर अच्छे भोजन का आनंद ले सकते हैं। रेस्टोरेंट के संचालक चंदन कुमार ने कहा कि रेस्टोरेंट में चाइनीज आइटम के साथ भोजन की भी सुविधा है। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को लजीज खाने का स्वाद रेस्टोरेंट में दिया जाएगा। साथ ही रेस्टोरेंट में बर्थडे, शादी सालगिरह, न्यू ईयर पार्टी, मीटिंग एवं कॉन्फेंस आदि कार्यक्रम की भी अच्छी व्यवस्था की गई है। ग्राहक अपने परिवार साथ आकर एंजॉय कर सकते हैं। उन्होनें कहा कि होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध है। लोग फोन पर बुकिंग करवा सकते हैं। वही रेस्टोरेंट के उद्घाटन के दौरान मौके पर संत मैरी इंग्लिश स्कूल के प्राचार्य जींस के एलोसियस, आनंद चौहान, परमानंद गुप्ता, विक्रम कुमार, संतोष कुमार सिंह, शिक्षक राजेश कुमार, सुधांशु कुमार, नीलाभ भगत, आदित्य रंजन, दिवाकर कुमार, गुड्डू सिंह, विराट कुमार, पल्लव कुमार, पवन यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

राहुल गांधी को मनगढंत आरोप लगाने की हो गयी है आदत : माधव सिंह

पूर्णिया। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के वरिष्ठ नेता माधव सिंह ने कहा है कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को तथ्यों से परे और मनगढ़ंत आरोप लगाने की आदत हो गई है। 2019 के लोकसभा चुनाव के पहले राहुल गांधी ने राफेल के नाम पर देश को भ्रमित करने की कोशिश की इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई और राहुल गांधी को मनगढंत आरोपों के लिए बिना शर्त माफी मांगनी पड़ी थी। रालोजपा नेता माधव सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने अपने राजनीतिक लाभ के लिए पूरे पिछड़ा (ओबीसी) समाज का अपमान किया है। गुजरात के सूरत कोर्ट में राहुल गांधी ओबीसी समाज के प्रति उनके आपत्तिजनक बयान के लिए सजा सुनाई है जो नया संगत है इसका रालोजपा स्वागत करती है। स्वागत करने वाले में अति पिछड़ा जिला अध्यक्ष गोपाल मंडल, कैलाश गुप्ता, बद्री मेहता, मोहम्मद अफाक शामिल है।

43वें स्थापना दिवस पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष ने सभी कार्यकताओं को दिया बधाई

पूर्णिया। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अंगद मंडल ने भाजपा के 43वें 'स्थापना दिवस' पर सभी कार्यकताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिया है। उन्होंने इस मौके पर विभिन्न तरीके के समाजसेवा संबंधी कार्य किये। जिला उपाध्यक्ष अंगद मंडल ने अपने त्याग, श्रम व निःस्वार्थ सेवा से विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाने वाले कार्यकताओं को नमन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंत्योदय व सेवा के संकल्प से श्रेष्ठ भारत निर्माण के लिए हम सभी समर्पित हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा भारत के वैभव को विश्व में पुनर्स्थापित करने के साथ देश के हर वर्ग और क्षेत्र के लोगों की आकांक्षाओं की पूर्ति का एक माध्यम बनी है। सेवा ही संगठन को चरितार्थ करते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े प्रत्येक व्यक्ति के उत्थान के लिए भाजपा के हर एक कार्यकर्ता प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि आज भाजपा विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में स्थापित हो चुकी है यह हर एक कार्यकताओं के अथक प्रयास का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प जन कल्याण से जग कल्याण है।

कंडी ग्राम में जगजीवन राम की जयंती मनाई गई

गया। नगर प्रखंड के ग्राम कंडी जय भीम क्लब में भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री स्वतंत्रा सेनानी जगजीवन राम की जयंती मगध प्रमंडल दलित साहित्य अकादमी के अध्यक्ष एवं जदयू नेता डॉ0 जितेंद्र कुमार की अध्यक्षता में उनके तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि कर मनाई गई है। इस अवसर पर जितेंद्र कुमार ने कहा कि बाबू जगजीवन राम भारत के तीस वर्षों तक विभिन्न मंत्रालयों में रहकर देश एवं राज्य के विकास में अग्रणी भूमिका निभाने वाला रहे हैं। बाबू जगजीवन राम का ही देन है कि गया जिला में मिलिट्री कैंट की स्थापना एवं रेलवे के कार्यों में काफी काम किए हैं। 1971 भारत-पाक युद्ध में भारत को सफलता दिलाने का काम किया है।

आरडी एंड डीजे कॉलेज मुंगेर में बुनियादी सुविधाओं के घोर अभाव को लेकर जिला राजद ने प्रमंडलीय आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। पूर्व बिहार के कैंब्रिज के रूप में विख्यात स्थानीय आर डी एण्ड डीजे कालेज मुंगेर में बुनियादी सुविधाओं के घोर अभाव है। इन्हीं समस्याओं को लेकर जिला राजद मुंगेर का एक प्रतिनिधि मंडल जिला राजद मुंगेर के अध्यक्ष डॉक्टर देवकीनंदन सिंह के नेतृत्व में प्रमंडलीय आयुक्त मुंगेर को स्मार पत्र शोप कर आरडी एंड डीजे कॉलेज में व्याप्त बुनियादी अभावों को शीघ्र दूर कर शैक्षणिक वातावरण बहाल करने की मांग की है।

प्रतिनिधि मंडल ने अपने स्मार पत्र में कहा है कि कभी यह महाविद्यालय अपने कर्म योगी तथा विद्वान आचार्यों की तपस्या एवं मेहनत के बल पर शिक्षा के क्षेत्र में नए शिखर को प्राप्त किया हैं बिहार के जाने-माने कॉलेजों में इनकी गिनती होती थी इस महाविद्यालय के प्राचार्य पद को आचार्य कपिल, डॉक्टर उमेश्वर प्रसाद वर्मा, दामोदर महतो जैसे अपने अपने क्षेत्र में ख्याति प्राप्त विद्वानों ने सुशोभित किया हैं । प्रोफेसर गिराजानंद सिंह प्रोफेसर रामजतन ठाकुर डॉक्टर परमेश्वरी प्रसाद सिन्हा जैसे विद्वान आचार्यों ने कॉलेज के शैक्षणिक वातावरण को और अधिक अनुकूल बनाया, लेकिन 125 वर्ष गुजरने के बाद भी इस महाविद्यालय के विभिन्न विभागों में अध्यापकों की घोर कमी हैं। ऐतिहासिक जाकिर हुसैन छात्रावास सहित अन्य छात्रावास जर्जर स्थिति में है। कॉलेज का पूर्वी भाग का दीवार पूर्णरूपेण ध्वस्त हो चुका है। कॉलेज के मैदान में कभी भागलपुर विश्वविद्यालय का सभी प्रकार का खेल कूद प्रतियोगिता आयोजित होती थी जो चारदीवारी के अभाव में आज बंद पड़ हुआ है अतः चारदीवारी करा कर खेलकूद प्रतियोगिता कराया जा सकता है। कॉलेज का बॉयज कॉमन रूम पूरी तरह ध्वस्त है कभी इस कॉमन रूम में खेलने वाले छात्र का राष्ट्रीय स्तर पर पहचान था अतः इसका नव निर्माण कराकर इसे फिर से चालू किया जाए। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष के अलावे नरेश सिंह यादव प्रोफेसर विनय कुमार सुमन धर्मेंद्र सिंह मोहम्मद राजू मोहम्मद कौसर फैयाज शामिल थे।

एनक्वास को लेकर राज्यस्तरीय टीम ने बनमनखी अस्पताल का किया दौरा

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया । राज्य के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा मिशन क्वालिटी के अंतर्गत बिहार के 16 जिला मुख्यालयों सहित अनुमंडलीय अस्पताल को चयनित किया गया है। इन सभी जिला अस्पतालों एवं अनुमंडलीय अस्पतालों को कायाकल्प योजना के बाद लक्ष्य कार्यक्रम के तहत प्रमाणीकरण होने के बाद राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्वास) को लेकर राज्य स्तरीय टीम का दौरा दो सदस्यीय टीम के द्वारा किया गया। टीम के सदस्यों ने अस्पताल के सभी नौ विभागों को नोडल अधिकारियों और उसके साथ सभी स्टाफ नर्स को एनक्वास को लेकर समीक्षा की गई है। इस अवसर पर जिला सलाहकार गुणवत्ता यकीन पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार शर्मा, अनुमंडलीय अस्पताल बनमनखी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रिंस कुमार सुमन, अस्पताल प्रबंधक अभिषेक आनंद, राज्य स्वास्थ्य समिति की ओर से आई टीम के सदस्य डॉ नमित कुमार एवं यूनिसेफ की डॉ नलिनी के त्रिपाठी, यूनिसेफ के शिव शेखर आनंद और केयर इंडिया के डॉ सनोज कुमार यादव सहित स्थानीय अस्पताल के सभी जीएनएम एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

स्थानीय अस्पताल में सभी तरह की सुविधाएं मुहैया कराना पहली प्राथमिकता : सिविल सर्जन

सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी ने बताया कि शिशु मातृ मृत्यु दर को कम करने के साथ ही नियमित टीकाकरण, चिकित्सीय परामर्श, दवा के साथ ही शांत एवं स्वच्छ वातावरण का होना बहुत ज्यादा जरूरी होता है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को कई अन्य सहयोगी संस्थाओं द्वारा सहयोग भी किया जाता है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पताल में आने वाले सभी तरह के मरीजों को दी जाने वाली सुख सुविधाओं को धरातल पर उतारने के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयास करता रहता है। राज्य स्तरीय टीम के द्वारा बनमनखी अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो सदस्यीय टीम के द्वारा अपने तीन दिवसीय दौरे में मॉडल टीकाकरण कॉर्नर, स्वच्छता, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, हॉस्पिटल इंफेक्शन, मरीजों के साथ बेहतर व्यवहार, स्वच्छ व शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, परिसर की साफ-सफाई का इंतजाम, शौचालय की सुविधा सहित अस्पताल में शांत व स्वच्छ वातावरण के निर्माण को लेकर जांच की गयी है।

राज्यस्तरीय टीम द्वारा बनमनखी अस्पताल का किया गया अवलोकन : डीसीक्यूए

जिला सलाहकार गुणवत्ता यकीन पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि मिशन क्वालिटी को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्य स्तरीय दो सदस्यीय टीम में शामिल डॉ नमित कुमार एवं डॉ नलिनी के त्रिपाठी के नेतृत्व में अनुमंडलीय अस्पताल बनमनखी का गहनतापूर्वक अवलोकन किया गया है। अनुमंडलीय अस्पताल में सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे की तर्ज पर आपातकालीन सेवा, रेफरल एवं एंबुलेंस सहित कई अन्य प्रकार की जांच से संबंधित सुविधाएं और चिकित्सीय परामर्श, नियत समय पर दवाइयों की उपलब्धता पर विशेष ध्यान देने के साथ ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से संबंधित सभी प्रकार की सेवाएं, सर्जरी, आथोर्पेडिक विभाग के प्रमुख सर्जरी शुरू करना तथा ओपीडी को सुचारू रूप से कार्य करना सुनिश्चित किया गया है।

भाजपा जिला कार्यकर्ताओं ने मनाया पार्टी का 43वां स्थापना दिवस

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया । भारतीय जनता पार्टी पूर्णियां द्वारा पार्टी का 43 वां स्थापना दिवस पर वनभाग स्थित जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष राकेश कुमार के नेतृत्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि तथा अनन्त लाल यादव, दिलीप कुमार दीपक एवं जिलाध्यक्ष राकेश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से पार्टी का झंडा लगाकर मनाया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि आज भाजपा के 43 वां स्थापना दिवस के अवसर पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बहुमूल्य मार्गदर्शन को सभी कार्यकताओं ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्राप्त किया जो हम कार्यकताओं को जनता की सेवा करने के लिए प्रेरित करेगा। आज बूथ स्तर पर पार्टी कार्यकर्ता स्थापना दिवस को मना रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सम्बोधन को सुनकर पार्टी कार्यकताओं के मनोबल को गति मिली है। प्रधानमंत्री द्वारा कहे गए वाक्य प्रेरक है कि भाजपा वो पार्टी है जिसके लिए राष्ट्र सदा सर्वोपरि रहा है। एक भारत-श्रेष्ठ भारत जिसकी आस्था का मूलमंत्र रहा है। जब जनसंघ का जन्म हुआ था तो हमारे पास न ज्यादा सियासी अनुभव था, न साधन थे, न संसाधन थे लेकिन हमारे पास मातृभूमि के प्रति भक्ति और लोकतंत्र की शक्ति थी। जिला मीडिया प्रभारी सुमित प्रकाश ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी द्वारा जनसंघ काल के अभिभावक, संस्थापक सदस्यों की स्मृतिशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें स्व. सुधीर चौधरी, रामानंद प्रसाद, हीरानन्द जेठानी के परिजनों सहित रामनारायण यादव, जनार्दन पासवान, अनन्तलाल यादव, सकलदीप राजपाल, दिलीप कुमार दीपक, संजय चौधरी, प्रो कमल किशोर सिंह समान देवतुल्य कार्यकताओं को सम्मानित भी किया। सबो ने अपने अपने विचारों को भी रखा। प्रवक्ता दिलीप कुमार दीपक जनसंघ काल के दौर को याद करते हुए भावुक हो गए और अपने त्रिदेव गुरुजन सुधीर चौधरी, रामानंद प्रसाद, हीरानन्द जेठानी के साथ बिताए पलो को कार्यकर्ताओ से साझा किया। इसके उपरांत कार्यालय प्रांगण में दीवार लेखन करके माननीय अध्यक्ष जी ने देवतुल्य सभी कार्यकर्तागण को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि 6 अप्रैल 2023 से 14 अप्रैल डॉ भीमराव आंबेडकर की तक एक विशेष सप्ताह सेवा सप्ताह के रूप मे मनाने का कार्य किया जाएगा। स्थापना दिवस पर जिला के सभी बूथ, शक्तिकेन्द्र, मंडल स्तर पर पार्टी का झंडा लगाने एवं प्रधानमंत्री के सम्बोधन को सुनने का कार्य किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राकेश कुमार, प्रो के के सिंह, दिलीप कुमार दीपक राजेश यादव, डॉ संजीव सिंह, मिथलेश रॉय, संजीव सिंह, विजय मांझी, क्रांति देवी, मनोज सिंह सीनियर, राजीव रॉय, अंगद मंडल, अनन्त भारती, अरुण रॉय पुलक, पंकज कुमारी, तौफीक आलम, ज्ञानेन्दू शेखर, सन्तोष चौरसिया, अर्चना साह, परितोष भारती, संजय पोद्दार, सुजीत सिन्हा, विनय सिन्हा, विनय साह, अनिल ठाकुर, सरिता रॉय, ललन सिंह, अनुपम झा, मीनाक्षी सिन्हा, वीना सूद, सोनिका पाहुजा, अभ्यम लाल, अमृत चौरसिया, अमित कुमार, रितेश सिंह, प्रकाश दास इत्यादि उपस्थित थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी सुमित प्रकाश ने दी।

महागठबंधन प्रत्याशी की जीत पर युवा राजद के जिला अध्यक्ष नवीन यादव ने जताया हर्ष

पूर्णिया । कोशी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से महागठबंधन प्रत्याशी वर्त्तमान विधान पार्षद संजीव कुमार सिंह की शानदार जीत पर युवा राजद के जिला अध्यक्ष नवीन यादव ने हर्ष प्रकट किया है। युवा जिला अध्यक्ष नवीन यादव ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए इस शानदार जीत पर विधान पार्षद को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया है। उन्होंने कहा कि संजीव कुमार सिंह शिक्षकों की आवाज को उचित फोरम पर दलगत भावनाओं से उपर उठ कर बड़ी संजीदगी से उठाते रहते हैं। यही कारण है कि शिक्षकों ने लगातार चौथी बार उन्हें शानदार सफलता दिलाई है।

श्री सिंह के शिक्षकों के प्रति कृतसंकल्पित समर्पण की भावना वाकई में काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि संजीव सिंह की जीत ने सांप्रदायिक ताकतों के आधार पर अपनी रोटी सेकने वाले लोगों को करारा जवाब दिया है। ये लोग बस उन्माद और समरसता को बिगाड़कर सरकार को बदनाम करने का काम कर रहे हैं। लोगों के विकास और शांति से इनलोगों का दूर दूर तक कोई नाता नहीं है। युवा जिला अध्यक्ष ने कहा कि आज बिहार में महागठबंधन की सरकार में विकास की नयी रफ्तार कायम हो रही है। हर क्षेत्र में विकास दिख रहा है। किसान, बेरोजगार, महिला सहित सभी वर्गों के कल्याण हेतु तेज गति से प्रयास चल रहे हैं। लेकिन कुछ लोगों को यह विकास पच नहीं रहा है। वे पूरी तरह से बौखलाये हुऐ हैं तभी तो आलाकमान का बार बार बिहार दौरा हो रहा है ताकि 2024 में देश से छुट्टी न हो जाये। उन्होंने कहा कि ये लोग अंग्रेजी नीति फूट डालो राज करो के सिद्धांत पर चल रहे हैं। हमारे राष्ट्रीय धरोहर के साथ साथ हमारे महान इतिहास को बदला जा रहा है। यह देश के लिए कहीं से उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों से देश को मुक्ति दिलाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि सही समय पर सही निर्णय लेने के लिये सभी सम्मानित शिक्षकों को भी मैं दिल से बधाई देता हूं। उन्होंने सभी शिक्षकों के प्रति संजीव सिंह को समर्थन देने के लिए आभार जताया।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के नवनिर्मित भवन का किया गया उदघाटन

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया/ केनगर । जिले के चम्पानगर नगर पंचायत प्लस टू उच्चतर माध्यमिक बैधनाथ उच्च विद्यालय जगनी चम्पानगर परिसर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन नगर पंचायत चम्पानगर के मुख्य पार्षद मधु कुमारी और स्थापना के जिला परियोजना पदाधिकारी प्रेम कुमार एवं वार्डेन कुमारी चित्रा चंदन व बैधनाथ उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका आशा कुमारी द्वारा संयुक्त रूप से उद्घाटन फीता काट कर किया गया। उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम के शुभारंभ में अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बैधनाथ उच्च विद्यालय के संगीत की एक शिक्षिका प्रीति कुमारी वर्मा ने स्कूली एक छात्रा के साथ हारमोनियम पर स्वागत गान की प्रस्तुति दी। उल्लेखनीय है की बिहार राज्य शैक्षिक आधार भूत संरचना के तहत प्राक्कलित राशि 1 करोड़ 39 लाख की लागत से बने नव निर्मित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कुल 32 कमरे वाली भवन में नामांकित 28 छात्रा विभिन्न जाति के कोटी से शिक्षा ग्रहण करने हेतु छात्रावास में मौजूद थी। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डेन कुमारी चित्रा चंदन ने बताया की इस शिक्षण संस्थान में 25 अनुसूचित जाति, 25 अनुसूचित जनजाति, 25 अत्यंत पिछड़ा वर्ग, 25 सामान्य सहित कुल 1 सौ छात्रा के रहने की अधिकतम ब्यवस्था विभाग द्वारा निर्धारित है। बताया की एक कमरे में 4 छात्रा ही रहेगी। जिसके छात्रावास के लिए सरकार द्वारा मुफ्त में शिक्षा के साथ विभिन्न मीनू चार्ट के अनुसार नास्ता भोजन की ब्यवस्था मुहैया कराई गई है।

पक्के नाले के निर्माण कार्य में घटिया निर्माण सामग्री के प्रयोग का ग्रामीणों ने किया विरोध

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया/केनगर । बिना योजना बोर्ड लगाये और बिना अभिलेख खोले कृत्यानंद नगर प्रखंड के बनभाग चूनापुर पंचायत के वार्ड संख्या एक में मो कमरुद्दीन के घर से वार्ड संख्या छह शेख सिरमान के घर तक करीब तीन सौ मीटर लंबे पक्के नाले के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के प्रयोग का ग्रामीणों ने विरोध किया है। ग्रामीण जलाल, जमाल, कुद्दुस, फारुख, दिलखुश एवं मो नवाब ने बताया कि पंचायत के मुखिया द्वारा योजना का बोर्ड लगाये बिना नाले का निर्माण पीली ईटें एवं सफेद बालू तथा बहुत ही निम्न स्तर का गिट्टी और सीमेंट से कराया जा रहा है तथा नाले की तली लिंटर से नहीं बल्कि पुराने टुकड़े ईटों से तैयार की जा रही है। जबकि नाले की दोनों बाहरी दीवालों पर प्लास्टर नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि नाले की गहराई 23 इंच और जल निकासी श्रोत की चौड़ाई 13 इंच बनाया जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि मो सिरमान के घर के पास बनाने के साथ ही नाले का प्लास्टर उखड़ गया है। बीपीआरओ सह कार्यपालक पदाधिकारी शेखर कुमार ने बताया कि उन्हें योजना संचालन की जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि घटिया सामग्री से नाला निर्माण करना अनुचित है। बीपीआरओ ने बताया कि योजना बोर्ड बनने में देर लगती है। उन्होंने कहा कि कनीय अभियंता निर्माण स्थल जाकर सभी सामग्रियों की जांच करेंगे।

भारतीय जनता पार्टी के 44 वीं स्थापना दिवस जिला कार्यालय सहित सभी बूथो पर धूम-धाम से मनाया गया

पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, रेणु देवी सहित पूर्व मंत्री, विधायक और नेतागण कार्यक्रम मे हुए शामिल

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भारतीय जनता पार्टी की 44 वीं स्थापना दिवस भोजपुर जिला सभी 32 मंडल अंतर्गत सभी बूथो पर मनाया गया। सभी बूथो और कार्यकताओं के घरो पर पार्टी की झंडा फहराया गया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी अभिभाषण को सभी ने विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से सुना और देखा।

भाजपा स्थापना का मुख्य कार्यक्रम बामपाली स्थित जिला कार्यालय मे जिलाध्यक्ष दुर्गा राज के अध्यक्षता मे किया गया। सर्वप्रथम पार्टी कार्यालय मे पार्टी का झंडातोलन के साथ राष्ट्रीय गान गाया गया। उसके बाद प्रधानमंत्री जी के कार्यकताओं के नाम संबोधन को कार्यालय सभागार मे बड़ा स्क्रीन पर देखा और सुना गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी,पं. दीनदयाल उपाध्याय जी और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि और वंदेमातरम गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ,रेणु देवी,विशिष्ट अतिथि मे पूर्व मंत्री सह आरा विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह,बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह,पूर्व सांसद श्रीमति मीना सिंह,आरा नगर महापौर इंदु देवी सहित मंचासीन निवर्तमान जिलाध्यक्ष प्रेम रंजन चतुवेर्दी, पूर्व जिलाध्यक्ष मिथिलेश कुशवाहा, नरपतगंज विधायक जय प्रकाश यादव,कुढनी के नवनिर्वाचित विधायक केदारनाथ गुप्ता, पूर्व विधायक श्रीमती मुनी देवी, तरारी के पूर्व प्रत्याशी कौशल विद्यार्थी,प्रदेश प्रवक्ता संतोष पाठक,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय सिंह,हरेन्द्र पांडेय,भुवर ओझा, अशोक शर्मा, विशाल सहि,कार्यक्रम संयोजक सूर्यभान सिंह,कार्यक्रम सह संयोजक वंदना राजवंशी, संतोष चंद्रवंशी को अंगवस्त्र और फूल माला के साथ सम्मानित किया गया। इसके अलावा पार्टी के वरिष्ठतम कार्यकर्ता, समाज के अलग-अलग समाजसेवी कार्यकताओं और मीडिया के लोगो को अतिथियों द्वारा अंगवस्त्र और फूल माला से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद राय ने किया। कार्यक्रम के बिषय प्रवेश कराते हुए कार्यक्रम संयोजक सूर्यभान सिंह ने स्थापना दिवस पर किए जा रहे कार्यो जिसमे झंडातोलन, प्रधानमंत्री जी के संबोधन,दिवाल लेखन,स्वास्थ्य शिविर,बूथ सशक्तिकरण आदि सहित सप्ताह पखवाड़ा मनाने की बात कही। बतौर मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमे पार्टी के स्थापना दिवस के दिन उन सभी महिषियो को याद करना चाहिए जो हमे धरातल से आसमान तक पहुचाया।हम मात्र दो से शुरूआत किए थे और आज 300 पार कर सबसे बड़ी पार्टी बन गए। स्वतंत्रता के बाद साम्यवाद और समाजवादी विचारधारा के साथ राष्ट्रवादी विचार धारा का भी उदय हुआ। प्रथम जवाहर लाल नेहरु के सरकार मे उद्योग मंत्री रहे डाँ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ का स्थापना कर देश को राष्ट्रवादी भारत की नींव डाली,जिसे पं.दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी बाजपेयी जी ने सिंचकर एक आकार देने की कोशिश किया।1980 मे भारतीय जनता पार्टी के स्थापना के 15 वर्षो बाद अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व मे सरकार बनी और फिर एक गरीब का बेटा, चाय बेचनेवाला नरेन्द्र मोदी 2014 और 2019 मे देश का प्रधानमंत्री बना।

परीक्षा नियम कायदे से हो रहा है, आप सीबीआई मत बनिए : प्राचार्य

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर। राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हवेली खड़गपुर मुंगेर में पॉलिटेक्निक की परीक्षा का केंद्र बनाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जमुई जिले का एक प्राइवेट पॉलिटेक्निक कॉलेज और एक सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज का परीक्षा केंद्र बनाया गया है।सूत्रों के अनुसार बिहार के एक मंत्री के इशारे पर जमुई जिले के प्राइवेट पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज का लगभग 500 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए हैं।

राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज रमणकाबाद हवेली खड़गपुर मुंगेर के प्राचार्य खुशबू रानी ने बताया कि परीक्षा कदाचार मुक्त और नियम कायदे के मुताबिक हो रहा है जबकि कॉलेज के मुख्य दरवाजे पर कुछ गार्ड के द्वारा परीक्षार्थियों के शरीर चेक करने पर कई परीक्षार्थियों के पास से चिरकुट बरामद हुआ है जबकि इस संबंध में प्राचार्य से पूछे जाने के बाद प्राचार्य खुशबू रानी ने कहा कि परीक्षा नियम कार्य से हो रहा है आप सीबीआई मत बनिए। इस संबंध में सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्राचार्य और बिहार के एक मंत्री के मिलीभगत से ही राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज रमनकावाद हवेली खड़गपुर मुंगेर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जहां से एक मंत्री का कई रिश्तेदार इस परीक्षा केंद्र में परीक्षा दे रहा हैजिसके लिए विशेष व्यवस्था प्राचार्य के द्वारा परीक्षा केंद्र के अंदर किया गया है, जो पॉलिटेक्निक परीक्षा अधिनियम के विरुद्ध है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग बिहार सरकार को इसकी उच्च स्तरीय जांच करानी चाहिए।

निजी वाहन के लिए प्राचार्य ने चालक पद का स्वंय किया सृजित, जांच की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर। राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मुंगेर रमनकावाद हवेली खड़गपुर में प्राचार्य को सरकारी वाहन नहीं होने के बावजूद प्राचार्य द्वारा चालक पद सृजित किए जाने का समाचार मिला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपने निजी वाहन में प्राचार्य ने एक चालक का पद सृजित कर अवैध तरीके से ड्राइवर को रखा है जिसका भुगतान सरकारी तौर पर किया जा रहा है जबकि प्राचार्य को सरकारी गाड़ी है ही नहीं तो निजी वाहन में सरकारी वेतन का भुगतान चालक को किए जाने का क्या औचित्य है। कई राजनीतिज्ञ नेताओं ने सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री से इस आश्य की जांच कराए जाने की मांग की है। जिससे प्रतिवर्ष सरकार के खजाने से 9000 गुणक 12 महीना बराबर 1लाख 08 हजार धनराशि का अपव्यय हो रहा है।

जबकि निजी वाहन में निजी चालक रखने का है सरकारी तौर पर चालक का कोई प्रावधान नहीं है प्राचार्य के द्वारा अपने निजी वाहन में सरकारी पैसे का चालक के माध्यम से दुरुपयोग किया जा रहा है जबकि सरकारी वाहन प्राचार्य को देने का प्रावधान सरकार के द्वारा नहीं किया गया है।

पूर्व चिकित्सा पदाधिकारी ने किया लक्की रेस्टोरेंट्स का उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। बुधवार को प्रखंड मुख्यालय के संग्रामपुर बाजार स्थित बैंक ऑफ इंडिया के समीप लक्की रेस्टोरेंट का विधिवत उद्घाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर के पूर्व चिकित्सा प्रभारी डॉ विजय कुमार गुप्ता, डॉ सूरज कुमार, पत्रकार सुनील चतुर्वेदी, समर प्रताप सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के दौरान डॉ श्री गुप्ता ने कहा कि संग्रामपुर जैसे छोटे शहर में रेस्टोरेंट का खुलना समृद्धि का परिचायक है।

इसके खुलने से लोग परिवार के साथ आकर अच्छे भोजन का आनंद ले सकते हैं। रेस्टोरेंट के संचालक चंदन कुमार ने कहा कि रेस्टोरेंट में चाइनीज आइटम के साथ भोजन की भी सुविधा है। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को लजीज खाने का स्वाद रेस्टोरेंट में दिया जाएगा। साथ ही रेस्टोरेंट में बर्थडे, शादी सालगिरह, न्यू ईयर पार्टी, मीटिंग एवं कॉन्फेंस आदि कार्यक्रम की भी अच्छी व्यवस्था की गई है। ग्राहक अपने परिव

संक्षिप्त खबरें

वादों के निस्तारण में नही आयेगी समस्या

औरंगाबाद। सचिव के द्वारा यह भी बताया गया कि पिछले कई माह से परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश का पद रिक्त है उनके न्यायालय का वाद भी उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित किये जायेगें परन्तु परिवार न्यायालय में लम्बित तलाक के मामलो का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में नहीं किया जायेगा। इसके अतिरिक्त भरण-पोषण, दामपत्य जीवन पुर्नस्थापन वाद इत्यादि उक्त न्यायालय से सम्बन्धित सुलहनीय मामलों के निस्तारण में न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश के पद का रिक्त होना राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से वाद का निस्तारण करने में कोई समस्या नहीं आयेगी।

गया स्नातक सीट से अवधेश नारायण सिंह विजयी घोषित किए गए

गया। स्नातक निर्वाचन सीट पर अवधेश नारायण सिंह का पांचवी बार रहा दबदबा। द्वितीय वरीयता के सातवें चक्र की समाप्ति के बाद अवधेश नारायण सिंह को 23117 मत जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी पुनीत कुमार सिंह को 22624 मत प्राप्त हुए। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार डॉ पुनीत कुमार सिंह को 493 मतों से पराजित किया। कल देर रात से चली आ रही स्नातक के मतों की गिनती समाप्त हो गई। इस सीट पर काफी कड़ा मुकाबला देखा गया। उतार-चढ़ाव के बाद अवधेश नारायण सिंह चुनाव जीत गए हैं। चुनावी रुझान आ गए हैं। आगे की मतगणना अभी जारी है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार कुछ घंटों के बाद जीत का प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री के दीर्घायुके लिए जदयू नेता ने अजमेर शरीफ दरगाह में की चादर पोसी

गया। जदयू नेता डॉ शंकर कुमार चौधरी ने अजमेर शरीफ जाकर ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती दरगाह में चादर पोसी की। चादर पोसी कर डॉ चौधरी ने बिहार में खुशहाली, अमन चैन के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लम्बी उम्र के लिए दुआ किया। उन्होंने ने ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती दरगाह में हाजिरी लगाते हुए बिहार में शांति रहे एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार स्वास्थ्य ठीक रहे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जिस तरह बिहार में विकास कर रहे हैं वैसे निरन्तर विकास को गति मिलते रहे तो वो दिन दूर नहीं जब बिहार विकास के मामले में देश का नम्बर एक राज्य होगा। साथ डॉ चौधरी ने कहा कि हम यह भी दुआ करते हैं कि विरोधियों को सदवुद्धि आये और वह भी हमारे मुख्यमंत्री के साथ मिलकर बिहार के विकास के लिए सोंचे।

अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान से मिले अगिआंव विधायक

गडहनी। अगिआँव विधान सभा के विभिन्न कब्रिस्तानो की घेराबंदी को लेकर अगिआँव विधायक मनोज मंजिल अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जामा खान से मिल ज्ञापन सौंपा। विधायक ने कहा कि अगिआंव विधानसभा के कई कब्रिस्तानों की घेराबंदी अभी तक नहीं हुई है जिससे मामला संवेदनशील बना हुआ है। एक जनप्रतिनिधि होने के नाते अपने क्षेत्र के संवेदनशील कब्रिस्तानों को प्राथमिकता सूची में ऊपर रखकर घेराबन्दी का कार्य कराया जाए तथा प्राथमिकता सूची तय करने में उस क्षेत्र के विधायकों को अधिकार प्रदान किया जाए। उन्होने प्रखंड-गड़हनी के ग्राम-काउप, पड़रिया, सुअरी, मोरसियां, मदुरा, सहँगी, पथार और सिकटी के अलावे प्रखंड-आगिआंव के ग्राम गोड़ीहां, अहिले, छपरापुर और पवना तथा प्रखंड चरपोखरी के ग्राम ठेंघवा, बैदेकोरी, रेपुरा और बजेन, कब्रिस्तान की घेराबंदी कराने को लेकर ज्ञापन सौंपा। विधायक ने कहा कि कल्याण मंत्री ने विश्वास दिलाया है कि इस दिशा में जल्द ही अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

भारतीय जनता पार्टी के 44वें स्थापना दिवस पर झंडोत्तोलन

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। भारतीय जनता पार्टी के 44वें स्थापना दिवस के मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा के अध्यक्षता में जिला कार्यालय में सभी भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को सुना और जिलाध्यक्ष ने जिला कार्यालय में पार्टी ध्वज का झंडोत्तोलन किया। वहीं सांसद सुशील कुमार सिंह राष्ट्रीय कार्यालय नई दिल्ही में उपस्थित होकर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। सांसद ने सभी भाजपा कार्यकताओं को स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दिया सांसद ने कहा कि हम सभी भाजपा कार्यकर्ता के लिए गर्व की बात है कि राष्ट्रवादी विचारधारा के मानने वाले विश्व के सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के कार्यकर्ता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की ओर अग्रसर है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा के नेतृत्व में संगठन मजबूत सशक्त और मजबूत हुआ है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित एवं जन सेवा हेतु संकल्पित और भारत के लोकतंत्र की सच्ची वाहक भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर समस्त कार्यकताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हुँ।

आज स्थापना दिवस के मौके पर पूरे जिले में सभी मंडल, शक्ति केन्द्र एवं बूथ पर पूरे हर्षोउल्लास के साथ कार्यकर्ताओ के द्वारा पार्टी का झंडा फहराकर, वन्दे मातरम एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किए। भाजपा वरीय नेता सुनील सिंह ने दिल्ही स्थित अपने आवास पर पार्टी का झंडा लगाया एवं कहा कि भाजपा वैचारिक धरातल पर अंत्योदय से राष्ट्रोदय के लक्ष्य की ओर बढ़ती जा रही है। विधान पार्षद दिलीप सिंह ने कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ कार्य करती है। भाजपा आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में बिहार में बेहतर प्रदर्शन करेगी और सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगी और 2025 के विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। इस मौके पर मुख्य रूप से विधान पार्षद दिलीप सिंह उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य पुरषोतम सिंह, जिला उपाध्यक्ष सतीश सिंह, भाजपा नेता टुन्ना गुप्ता, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिता सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष कौशल सिंह, पूर्व मुखिया जुलेखा खातुन, गुड़िया सिंह, सुमन अग्रवाल, उषा सिंह, वार्ड पार्षद छोटू चौधरी, भाजपा नेता अवनीश सिंह, जितेन्द्र गुप्ता, अखिलेश कुमार, मधेश्वर कुमार, मनोज प्रमार, दिपक सिंह, अभिषेक सिंह वसु, विकेश सिंह, अमरेन्द्र पांडेय, मनोज सिंह, अनुज सिंह, गुड्डू कुमार, आशुतोष सिंह मोनू, काली कुमार, दीपक कुमार, एवं भाजपा कार्यकर्ता, समाजसेवी लोग उपस्थित रहे।

भारतीय जनता पार्टी का 44वां स्थापना दिवस आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। दाउदनगर में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष संजय मेहता के आवास पर भारतीय जनता पार्टी का 44वां स्थापना दिवस सैकड़ों कार्यकताओं के साथ हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी का झंडातोलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। बैठक की अध्यक्षता दाउदनगर ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष डॉ दिनेश प्रसाद वर्मा ने किया। इस बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में पार्टी के सम्मानित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए श्री मेहता ने कहा कि हमारी पार्टी सबका साथ सबका विश्वास और सब का प्रयास के सिद्धांत पर लोकतंत्र के प्रहरी के रूप में राजनीतिक पार्टी है। उन्होंने कहा की कार्यकर्ता पूर्व नहीं होते हमेशा वे वर्तमान की भूमिका में पार्टी का रीड एवं प्रांण दोनों होते हैं। वही मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी ने कहा कि पार्टी के पुराने एवं वरिष्ठ अभिभावकों का मार्गदर्शन एवं परामर्श के साथ प्राची को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। श्री तिवारी ने कहा कि आप सभी सम्मानित कार्यकताओं के भरोसे ही हमारी पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। आने वाला समय में हम सभी ऊजार्वान प्रयास से इस बार ओबरा विधानसभा में कमल खिलेगा पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता जितेंद्र साव, शमशेर नगर मंडल के मंडल उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष जितेंद्र कुशवाहा, दाऊद नगर मंडल महामंत्री शंभू मेहता, विकास कांसकार, नाथून प्रसाद कसेरा, बैजनाथ कश्यप, नागेंद्र कुमार राम, अनूप दुबे, मिथलेश कुशवाहा मौजूद थे।

आरा आइडल को लेकर हुई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। स्थानीय पकड़ी स्थित म्यूजिक एंड आर्ट पॉइंट के सभागार में आगामी 22 अप्रैल को होने वाले पहले ऑडिशन को लेकर चर्चा हुई। इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में गायन, नृत्य, चित्रकला एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ कलाकार अजय श्रीवास्तव ने की एवं कार्यक्रम के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला। संस्था के निदेशक डॉ0 वेद प्रकाश" सागर" ने बताया कि इस प्रतियोगिता का एकमात्र मकसद बच्चों में छिपी उनकी प्रतिभा को उचित सम्मान दिलाना है। बिहार की धरती ऊजार्वान रही है जिसका अपना एक इतिहास है चाहे वह कला के क्षेत्र में हो साहित्य के क्षेत्र में हो शिक्षा या स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो । कार्यक्रम संयोजक पंकज कुमार सुधांशु ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राज्य भर के निजी एवं सरकारी विद्यालय और कॉलेज के छात्र छात्राओं की जोरदार भागीदारी रहेगी । कार्यक्रम प्रभारी मन्नू राज एवं आयुष पटेल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कला के सभी विभागों को लिया गया है जैसे संगीत ,नृत्य ,चित्रकला एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता। इस प्रतियोगिता में 3 वर्ष से 60 वर्ष तक के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता उम्र के हिसाब से अलग-अलग श्रेणियों में रखा गया है। इस अवसर पर कार्यक्रम कोषाध्यक्ष ऋचा राय , मंच अभिकर्ता राज किशोर पाठक, राकेश कुमार, अवध कुमार सहित कार्यकारिणी के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

एटीएम कार्ड बदलकर चोरों ने चालीस हजार रुपए की कर ली निकासी

मसौढ़ी नगर के प्रखंड कार्यालय के पीछे शांति बिहार कालोनी निवासी सुदर्शन राम के पुत्र के साथ झांसा देकर कुछ बदमाशों ने एटीएम कार्ड उस वक्त बदल लिया। जब वह तारेगना स्टेशन के सामने स्थित एक एटीएम से पैसा निकालने बीते मंगलवार की सुबह आया था। कुछ ही देर बाद जब सुदर्शन राम को इसकी जानकारी हुयी तो उन्होने बैंक में फोन कर खाता को ब्लाक करने का आग्रह किया। इस बीच बैंक से ही उन्हे जानकारी मिली कि जहानाबाद के एक एटीएम से पांच बार में चालीस हजार रुपए की निकासी कर ली गयी है। बाद में उन्होने इस संबंध में अज्ञात बदमाश के खिलाफ मसौढ़ी थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी।

हालांकि एटीएम कार्ड बदले जाने की जानकारी उस वक्त पुत्र को नही हुयी। जब वह एटीएम कार्ड लेकर घर लौटा और कार्ड अपने पिता को दिया तो पिता कार्ड देकर चौंक गये। आरोप है कि कार्ड पर पिन्टु कुमार की जगह रीता कुमारी का नाम अंकित था। उन्होने आरोप लगाया कि उसी वक्त उन्हे अंदेशा हो गया और वे तुरंत बैंक से संपर्क कर खाता ब्लाक करने का अनुरोध किया।

प्ली बारगेनिंग पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार भोजपुर के तत्वाधान में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मिथिलेश कुमार के अध्यक्षता में व्यवहार न्यायालय परिसर, आरा भोजपुर के में प्ली बारगेनिंग पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सचिव महोदय ने बताया कि प्ली बारगेनिंग अभियुक्त जिस पर कम गंभीर अपराध का आरोप है यानी ऐसा अपराध जिसमें सजा 7 साल से या उससे कम हो तथा अभियुक्त पहली बार अपराध किया हो वैसी स्थिति में अपनी गलती स्वीकार कर क्षमा याचना कर सक्षम न्यायालय के मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन कर सकता है। प्ली बारगेनिंग से मुकदमे बाजी पर होने वाले खर्च को कम किया जा सकता है। प्ली बारगेनिंग करने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार भोजपुर में भी आवेदन देने का प्रावधान है प्ली बारगेनिंग आपसी समझौता के आधार पर भी किया जा सकता है इससे दोनों पक्षों आर्थिक मानसिक एवं शारीरिक परेशानी से बच सकते हैं। इस बैठक में पैनल अधिवक्ता कृष्ण गोपाल मिश्रा एवं पारा विधिक स्वयंसेवक मनोज कुमार तथा संजू कुमारी के साथ आमजन भी उपस्थित रहे।

हनुमान जयंती के अवसर पर की गई पूजा अर्चना

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। ओबरा मुख्यालय के देवी मंदिर के पीछे हनुमानगढ़ी स्थित हनुमान मंदिर में भगवान हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाई गई, व्यवस्थापक अशोक पांडेय के नेतृत्व में उपस्थित लोगों ने पूजा अर्चना के उपरांत भगवान हनुमान जी के जीवनी पर प्रकाश डाला ,व्यवस्थापक अशोक पांडेय व डॉक्टर आलोक कुमार ने कहा कि राम भक्त हनुमान का जन्म चैत पूर्णिमा तिथि को हुआ था ,इस मौके पर हम सभी श्रद्धालुगण उनका जन्मोत्सव समारोह मनाते हैं, श्रद्धालु भगवान राम ,सीता और हनुमान का पूजा अर्चना व स्मरण करें क्योंकि कहा जाता है कि इनके स्मरण मात्र से ही सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। साथ ही भय ,संकट ,रोग पल भर में दूर होते हैं ,इनके स्मरण से भक्तों में नकारात्मक भावना दूर हो जाती हैं ,पूजा अर्चना के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया ,इस मौके पर सरयू सिंह, केशव प्रसाद, विनोद प्रसाद, बलिराम सिंह, पुजारी जगदीश सिंह, अभिषेक कुमार, डॉक्टर रामेश्वर प्रसाद सहित कई श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

मोक्षदायिनी को मोक्ष दिलाने क्या फिर कोई भागीरथ आयेगा

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। मैं धुवनन्दा हूँ मैं ही गंगा हूँ. .. .. .. मैं मोक्षदायिनी खुद के मोक्ष की प्रतीक्षा में हूँ.....मुझे मोक्ष दिलवाने क्या फिर कोई भागीरथ आयेगा ? गंगा के पीड़ा का यह संवाद गूंज उठा स्थानीय हर प्रसाद दास जैन स्कूल में। अवसर था शिवादी क्लासिक सेंटर ऑफ आर्ट एंड म्यूजिक द्वारा आयोजित द्वितीय चैत्र महोत्सव सह गंगा उत्सव का। इस समारोह का उद्घाटन वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अध्यक्ष सह कुलसचिव प्रोफेसर रणविजय कुमार , हर प्रसाद दास जैन स्कूल के सचिव श्री ज्योत प्रकाश जैन , हिन्दी विभाग एचडी जैन कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. पुष्पा द्विवेदी , शास्त्रीय गायिका डॉ. जया जैन व वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के सीनेटर संतोष तिवारी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत संरक्षक सुशील कुमार 'देहाती' , रंगकर्मी अशोक मानव , शास्त्रीय गायिका विदुषी विमला देवी , साहित्यकार रंजीत बहादुर माथुर व संगीतकार अरुण सहाय ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. रणविजय कुमार ने कहा कि गंगा कालजयी प्रसंग है जिसकी अस्मिता और आंतरिक पीड़ा को व्यक्त करने में संगीत नृत्य कला ही सक्षम है। भारतीय शास्त्रीय संगीत और गंगा ये दोनों ही भारत वर्ष जैसे तपोधाम पर अमृत के रूप में विद्यमान हैं। इस अवसर पर गुरु आदित्या श्रीवास्तवा एवं समूह ने गंगा एक संकल्प नृत्य नाटिका के माध्यम से गंगा के प्रचंड वेग व धरती पर अवतरण के साथ साथ गंगा में फैल रहीं गंदगी के कारण गंगा की व्यथा को बखूबी प्रदर्शित किया। आदित्या श्रीवास्तव के निर्देशन में लगभग एक दर्जन कथक कलाकारों ने अपनी कला कौशलता से गंगा को कथक शैली में जीवंत किया। बैकुंठलोक से जटाधारी शिव के शीश पर विराजमान होती गंगा के हिमालय से गंगा सागर तक के प्रवाह के साथ साथ गीत -संगीत ,नृत्य व अभिनय के उत्कृष्ट प्रदर्श प्रवाह में दर्शक गोते लगाते नजर आये। गंगा को दूषित करने का अट्टहास करता काल्पनिक पात्र 'कालिमा' आकर्षण का केंद्र रहा। इस पात्र को राजा कुमार ने बखूबी निभाया। गंगा की भूमिका में आदित्या श्रीवास्तव व शिव की भूमिका में अमित कुमार ने भाव भंगिमाओं से दर्शकों को खासा प्रभावित किया। रविशंकर कान्सयकार, शालिनी महाराज , संजना कुमारी , मीनाक्षी पाण्डेय, खुशी कुमारी गुप्ता, स्नेहा पांडेय, सलोनी व मुस्कान ने अपनी मुद्राओं से गंगा के प्रचंड वेग व प्रवाह को जीवंत कर दिया और हर्षिता विक्रम ने सूत्रधार की भूमिका निभाते हुये प्रसंगों को प्रस्तुत किया। इस नृत्य नाटिका का संगीत निर्देशन व काव्य लेखन गुरु बक्शी ने किया वहीं रोहित कुमार ने अपने मधुर स्वरों से संगीत का श्रृंगार किया। आदित्या श्रीवास्तव द्वारा एक संवाद "क्या फिर कोई भागीरथ आयेग" ? इस प्रश्न पर नाटिका का पट्टाक्षेप लोगों को भावुक कर गया। सभी कलाकारों को रंगकर्मी डॉ. स्वयंवरा बक्शी व पत्रकार संजय शाश्वत ने सम्मानित किया। युवा कलाकार अमन कुमार के द्वारा रंगोली व दीप श्रृंखला भी आकर्षण का केंद्र रहा। लोगों ने गंगा के तट जैसा वातावरण महसूस किया। मंच संचालन रौशन कुमार व धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ चिंतक श्री कृष्णा जी ने किया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा जगत से कई गणमान्य, रंगकर्मी , संगीत साधक व प्रबुद्धजन उपस्थित थें।

संदेश ब्लॉक के सीओ का पुतला दहन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। अधिकार पार्टी के तत्वधान में संदेश ब्लॉक के सी ओ का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन का नेतृत्व कर रहे जन अधिकार पार्टी के वीर कुंअर सिंह विश्वविद्यालय अध्यक्ष सुजीत कुशवाहा ने कहा कि संदेश सी ओ द्वारा मोटेसन और परिमार्जन में व्यापक भरस्टाचार किया जाता है। ग्रामीणों को एक वर्ष से अधिक समय तक अपनी जमीन के मोटेसन परिमार्जन के लिए ब्लॉक का चक्कर काटना पड़ता है और सी ओ के बिचौलियों द्वारा अवैध पैसों की उगाही की जाती हैं। पुतला दहन में शामिल डीहरा पंचायत के वर्तमान सरपंच गिरजानंद शाह ने कहा कि ब्लॉक में घोर अफसरशाही हैं, सी ओ के बर्खास्ती तक लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन जारी रहेगा। पुतला दहन में जाप रोहतास के जिला अध्यक्ष विशाल कुशवाहा, कामेश्वर सिंह, मुनिलाल सिंह, भोला सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, हृदयानंद सिंह, कुंदन कुमार, हरिशंकर सिंह, भदई राम, भोला राम, मिथलेश राम, आकाश कुमार, आदि सैकड़ो लोग शामिल हुए।

सब्जी विक्रेताओं से निर्धारित राशि देने की मुख्य पार्षद व उप मुख्य पार्षद ने की अपील

प्रात : किरण संवाददाता

गड़हनी। स्थानीय नगर पंचायत गड़हनी में बाजार बंदोबस्ती होने के बाद सब्जी दुकानदारों से कभी बिस तो कभी दस रुपये की राशि वसूली जा रही थी। इसको ले लगातार शिकायत मिलने के बाद गुरुवार को मुख्य पार्षद प्रतिनिधि तस्लीम आरिफ व उप मुख्य पार्षद सुनय परमार ने सब्जी बाजार में घूम घूम कर सभी बिक्रेताओं से निर्धारित दर दस रुपये ही देने की अपील की। बतादें की नगर पंचायत गड़हनी में एक अप्रैल से बंदोबस्ती की राशि वसूलना शुरू कर दिया गया हैं, इसके बावजूद सब्जी विक्रेताओ ने ठेकेदार पर निर्धारित राशि से ज्यादा वसूलने का आरोप लगाया था, जिस पर पूर्व मुखिया सह मुख्य पार्षद प्रतिनिधि तस्लीम आरिफ उर्फ गुड्डु मियां ने भी ठेकेदारों को कड़ी चेतावनी दी थी कि सभी जनता अपना हैं जो राशि निर्धारित हैं उस से ज्यादा वसूली नही करना हैं। वही बंदोबस्ती लिए ठेकेदारों ने कहा की जो नगर पंचायत का निर्धारित रेट है वही दुकानदारों से लिया जा रहा है। मौके पर कई सामाजिक कार्यकताओं भी मौजूद थे सभी ने एक स्वर से कहा कि जो भी नगर पंचायत द्वारा राशि निर्धारित हैं उस से ज्यादा वसूली न करे।

44 स्थापना दिवस पर लोकसभा चुनाव में 450 पार

गया। भारतीय जनता पार्टी 44 वां स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर गया विधानसभा के अंतर्गत विभिन्न बुथ पर युवा नेता प्रेम सागर विधानसभा प्रभारी अजय कुमार तनी विधानसभा संयोजक संतोष ठाकुर जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता प्रत्येक बूथ अध्यक्ष के घर पर जाकर पार्टी का झंडा फहराया गया शहर के प्रत्येक बुथो के साथ-साथ प्रत्येक मंडल कार्यालय में प्रधानमंत्री का संबोधन एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष का संबोधन सुना गया उत्तरी मंडल एवं मध्य मंडल कार्यालय युवा नेता पार्टी का झंडा फहराते हुए की जो प्रधानमंत्री ने संकल्पित किया 450 के पार 2024 में रखा गया है उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक बूथ पर पन्ना प्रमुख बुथ कमेटी बनाते बुथ जीतो चुनाव जीतो का मंत्र ही लक्ष्य तक पहुंचाएगा इसका परिणाम शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र भाजपा कार्यकताओं का मेहनत का रंग लाया आजा स्थापना दिवस पर समस्त भाजपा नेताओं कार्यकताओं बूथ अध्यक्षों को बधाई शुभकामनाएं। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू ने सभी भाजपा कार्यकताओं के साथ या विधानसभा कार्यालय में उपस्थित होकर कार्यकताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं आज के कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष शंभू यादव ऋषि लोहानी डब्लू राय सुनील कुमार सिन्हा रंजीत कुमार शिवनारायण चंद्रवंशी मनोज कुमार गोपीनाथ प्रसाद गोपीनाथ प्रसाद राजेश कुमार सिंह राजेश चौधरी रंजीत सिंह रवि कुमार सहित प्रत्येक बूथ पर दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित होकर भाजपा कार्यक्रम को सफल बनाया है।

हर घर, हर दिन आयुर्वेद कार्यक्रम में खांसी विषय पर किया गया चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज अस्पताल, पटना, बेगूसराय , दरभंगा, बिहार के पूर्व प्राचार्य एवं पटना ,शेखपुरा ,के पाल मार्केट स्थित अमृत आयुर्वेद का निदेशक सहः मुख्य चिकित्सक वैद्य प्रोफेसर दिनेश्वर प्रसाद, ने हर घर, हर दिन आयुर्वेद कार्यक्रम के तहत खास(खांसी) विषय पर जानकारी दी । कास या खांसी भी एक तरह से मिलता-जुलता रोग है, खांसी पुराना होने पर श्वास रोग में बदलने की संभावना रहती हैं। और सर्दी पुराना होने पर कास(खांसी) के रोग में बदलने की संभावना रहती हैं। कास (खांसी) अक्सर सुखा होता हैं इसमें कभी कभी खांसते खांसते मुंह के माध्यम से कफ निकलने की प्रवृत्ति देखने को मिलती हैं। पर श्वास में अक्सर छाती में घड़घड़ाहट अथवा मुंह से कफ निकलने की प्रवृत्ति नहीं होती हैं। कास में श्वासा या हिक्का नहीं होता हैं, पर श्वास में श्वासाधिकय ज्यादा देखने को मिलता हैं। खांसी रोग में कफ के साथ साथ कभी कभी पित भी बाहर निकलता हैं। आयुर्वेद के अनुसार कास रोग में उदान वायु से सम्बंधित मुख्य विकृति मिलती हैं। जिसमें प्राणवायु का अनुवन्ध भी होता हैं। कास श्वास में एक भिन्नता यह भी होती हैं, की कास रोग के साथ साथ कास एक लक्षण के रूप में भी परिलक्षित होता हैं। श्वास के तरह कास भी पांच प्रकार का होता हैं, यथा वातज कास ,पितज कास, कफज कास, क्षतज कास, एवं क्षयज कास। वातज, क्षतज, एवं क्षयज कास का कारण अतिसंभोग भी माना गया हैं।। कास के अन्य कारणों में धुल, धुआं, प्रदुषण, ज्यादा देर तक व्यायाम, जिम, मेहनत का काम, रुखा सूखा खाना, शीतल एवं वाशी भोजन, रात में दही , दही का बना राईता ,आइसक्रीम इत्यादि का सेवन बार बार उपवास, अधारंणीय वेग को ज्यादा देर तक धारण करना, अधिक गुस्सा अत्यधिक या ज्यादा समय तक बोलना ज्यादा देर तक सोना अत्यधिक भार उठाना शक्ति से अधिक काम करना इत्यादि होता हैं। खांसी रोग होने से पहले भी कुछ लक्षण परिलक्षित होता हैं, जिसे आयुर्वेद में पुर्तरुप कहते हैं। उसमें मुख या गल्ले में खसखसाहट, या सुरसुराहट ,कण्ठ में खुजली, जैसा अनुभव होना, गल्ले में खाना निगलते समय वेदना या परेशानी, गल्ला में लेप जैसा अनुभव होना, शब्द में तोतलापन, या रूकावट, खाना में अरुचि की शिकायत भी मिल सकती हैं। इस सबके अतिरिक्त भी खांसी (कास) कयी प्रकार का देखने को मिलता हैं।

भाजपा वट वृक्ष के रूप जो भाजपा सैकड़ों कार्यकर्ता के कुर्बानी के बदौलत है- अध्यक्ष

गया। भाजपा जिला कार्यालय पं दीनदयाल उपाध्याय नगर रसलपूर में 44 वां स्थापना दिवस विभिन्न सामारोह आयोजित कर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश ऊर्फ चिंटू सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ है।

इस कार्यक्रम की शुरूआत भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश ऊर्फ चिंटू सिंह के द्वारा पार्टी के क्षंडातोलन से हुआ। क्षंडातोलन के बाद पं दीनदयाल उपाध्याय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर राष्ट्रीय गीत उपस्थित कार्यकताओं के साथ हुआ है। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय नई दिल्ली से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी का संबोधन उपस्थित सभी कार्यकताओं ने ध्यान पूर्वक सुना है। उपस्थित पांच पूराने कार्यकर्ता को अंगवस्त्र देकर उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप भाजपा प्रदेश मंत्री अजय यादव ने उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा 43 वर्षो का सफर उतरोतर संगठन के विस्तार से होते रहा है। पं दीनदयाल उपाध्याय के अंतोदय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्र वाद के सिद्धांतों को अपनाकर भाजपा कार्यकर्ता को खड़ा किया गया है। कार्यकर्ता के परिश्रम के बदौलत भाजपा हमेशा सफलता की ओर अग्रसर रही है। 6अप्रैल 1980 की पार्टी के स्थापना के बाद 1984 लोकसभा में भाजपा के दो सांसद चुने गए थे। 1989 में दो से बढ़कर 86 सांसद चुने गए। भाजपा के अच्छे विचार धारा के कारण कार्यकर्ता पार्टी से जुड़ते गए हैं। 1991 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 120लोकसभा सीटें मिली।

डॉ वीरेंद्र नारायण यादव की शानदार जीत महागठबंधन के नेताओं के लिए संजीवनी का काम करेगा

छपरा । सारण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से सीटिंग कैंडिडेट प्रोफेसर डॉ वीरेंद्र नारायण यादव का शानदार जीत हुआ है। यह जीत सूबे के मुखिया नीतीश कुमार के विश्वास और महागठबंधन की एकजुटता की जीत है। विजयी प्रत्याशी डॉ वीरेंद्र यादव ने कहा था कि इस बार जीत का अंतर बढ़ेगा चुकी महागठबंधन मेरे साथ है, और उसी के अनुरूप रिजल्ट भी आया है। सारण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का 36 वर्षो तक प्रतिनिधित्व करने वाले भाजपा के उम्मीदवार डॉक्टर महाचंद्र प्रसाद सिंह की जीत के लिए एनडीए गठबंधन के प्रदेश अध्यक्ष की टीम सहित जिला के विधायक और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं की फौज का प्रयास भी डॉक्टर महाचंद्र को नहीं जीता सके। सारण से डॉ वीरेंद्र यादव की जीत ने महागठबंधन के लिए एक शुभ संकेत है।

इसका असर आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में भी देखने को मिलेगा। डॉ यादव को जीत महागठबंधन के नेताओं कार्यकताओं विधायकों के लिए ऊर्जा प्रदान करने का काम करेगा। महागठबंधन की एकता ने यह सिद्ध कर दिया कि अगर महागठबंधन एकजुट है तो बिहार में एनडीए की दाल गलने वाली नहीं है। जिला प्रशासन के करें सुरक्षा और बेहतर प्रबंधन के बीच स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का मतगणना देर रात्रि तक चली। सारण स्नातक निर्वाचन पर क्षेत्र पर दोबारा शानदार जीत जीत दर्ज करने वाले डॉक्टर यादव की बात की जाए तो यह जीत डॉ वीरेंद्र यादव के कुशलर प्रबंधन की जीत है। पांच जिला का प्रतिन

कर्ज में डूबे अनिल अंबानी को फिर मिली राहत, 420 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी का है मामला

मुंबई, एजेंसी। भारी कर्ज में डूबे कारोबारी अनिल अंबानी को बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक बार फिर राहत दी है। इनकम टैक्स विभाग द्वारा काला धन अधिनियम के तहत अनिल अंबानी को भेजे गए कारण बताओ नोटिस और जुर्माने की मांग पर अस्थाई रोक को बंबई उच्च न्यायालाय ने अगले आदेश तक आगे बढ़ा दिया है। न्यायमूर्ति गौतम पटेल और नीला गोखले की खंडपीठ ने नोटिस और जुर्माने को चुनौती देने वाली अंबानी की याचिका की अगली सुनवाई 28 अप्रैल को तय करते हुए इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को जवाब दाखिल करने के लिए समय दे दिया है। उच्च न्यायालय ने सितंबर, 2022 में कारण बताओ नोटिस पर लंबित सुनवाई पर अंतरिम रोक लगा दी थी। इसी साल मार्च में अंबानी के वकील रफीक दादा ने अदालत को बताया कि विभाग ने बाद में उनके मुवक्किल को जुर्माने की मांग वाला नोटिस भी भेज दिया। इसके बाद अदालत ने मांग वाले नोटिस पर भी अंतरिम रोक लगा दी।

बुधवार को सुनवाई शुरू होने के बाद आयकर विभाग की तरफ से पहुंचे एडवोकेट अखिलेश्वर शर्मा ने संशोधित याचिका के जवाब में 'व्यापक हलफनामा' दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा था। शर्मा ने कहा, कुछ और प्रतिवादी जोड़ते और कुछ नए दस्तावेज संलग्न करते हुए याचिका को संशोधित किया गया है। विभाग व्यापक हलफनामा दाखिल करने के लिए समय की मांग करता है। अदालत ने 21 अप्रैल तक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दे दिया है। याचिका को सुनवाई के लिए 28 अप्रैल को लिस्ट किया गया है।

अनिल अंबानी की नेटवर्थ जीरो

इनकम टैक्स विभाग ने आठ अगस्त, 2022 को अनिल अंबानी को कथित रूप से दो स्विस बैंक खातों में रखे गए 814 करोड़ रुपये से अधिक के अघोषित धन पर टैक्स में 420 करोड़ रुपये की कथित चोरी के लिए नोटिस जारी किया था। अनिल अंबानी की कई कंपनियों भारी कर्ज है और वे इनसॉल्वेंसी प्रॉसीडिंग के दौर से गुजर रही हैं। फोर्ब्स इंडिया की साल 2007 में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार तब अनिल अंबानी की नेटवर्थ 45 बिलियन अरब डॉलर थी और उस समय वह देश के तीसरे सबसे बड़े रईस थे। लेकिन आज उनकी नेटवर्थ जीरो है।

जेल अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस, वीडियोकॉन समूह के संस्थापक वेणुगोपाल धूत से जुड़ा है मामला

नई दिल्ली, एजेंसी। मुंबई की एक विशेष कोर्ट ने आर्थर रोड जेल अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस इस साल जनवरी में जमानत पर रिहा होने से पहले निजी और नकद बॉन्ड पर वीडियोकॉन समूह के संस्थापक वेणुगोपाल धूत के हस्ताक्षर लेने में विफल रहने को लेकर जारी किया गया है। वेणुगोपाल धूत एक बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में आरोपी हैं। मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) कर रही है। धूत 20 जनवरी को आर्थर रोड जेल से रिहा हुए थे। इस मामले में आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर भी आरोपी हैं।

रिहा होने के बाद धूत अस्पताल में भर्ती हुए : विशेष सीबीआई कोर्ट के न्यायाधीश एमआर पुरवार ने एक अप्रैल को जेल अधीक्षक को नोटिस जारी किया था। विस्तृत आदेश बुधवार को सामने आया। जेल से रिहा होने के बाद धूत अस्पताल में भर्ती हुए हैं। धूत के अस्पताल में भर्ती रहने पर विचार करते हुए कोर्ट ने उनकी व्यक्तिगत उपस्थिति के बिना जमानत की स्वीकृति के लिए धूत की अर्जी को स्वीकार कर लिया।

इस साल 16 भारतीय बने हैं नए अरबपति

देश में अरबपतियों की कुल नेटवर्थ 675 अरब डॉलर के करीब है

नई दिल्ली, एजेंसी। दुनिया में सबसे ज्यादा अरबपति अमेरिका में रहते हैं। फोर्ब्स वर्ल्ड की अरबपतियों की सूची 2023 के मुताबिक, अमेरिका अरबपतियों के मामले में पहले नंबर पर है। फोर्ब्स की दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में भारत का भी जलवा कायम रहा है। भारत इस लिस्ट में अरबपतियों के मामले में तीसरे नंबर पर है। भारत से आगे चीन और अमेरिका ही हैं। चीन दूसरे नंबर पर है। इस लिस्ट के मुताबिक, देश में अरबपतियों की कुल नेटवर्थ 675 अरब डॉलर है। हालांकि साल 2022 की तुलना में यह 75 बिलियन डॉलर कम है। जबकि अमेरिका में 735 अरबपति रहते हैं। इनकी टोटल नेटवर्थ 4.5 खरब डॉलर है। फोर्ब्स की 2023 बिलेनियर्स लिस्ट के मुताबिक, साल 2023 में भारत में 16 नए अरबपति बने हैं।

फोर्ब्स वर्ल्ड की अरबपतियों की सूची 2023 के मुताबिक, इस साल 2023 में जो नए अरबपति बने हैं उसमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। इसमें पहला नाम दिवंगत कारोबारी साइरस मिस्त्री की पत्नी और पालोनजी शापोरजी मिस्त्री की बहु रोहिका साइरस मिस्त्री का है। जिनकी कुल संपत्ति 7 अरब डॉलर है। इस लिस्ट में दूसरा नाम राकेश झुनझुनवाला की पत्नी रेखा झुनझुनवाला का है। रेखा झुनझुनवाला की कुल नेटवर्थ करीब 5.1 अरब डॉलर है। तीसरे नंबर पर एपीएल अपोलो ट्यूब्स की को-फाउंडर सरोज रानी का है। सरोज रानी की नेटवर्थ 1.2 अरब डॉलर है। इसके अलावा इस लिस्ट में भारत के सबसे युवा अरबपति के तौर पर ब्रोकिंग फर्म जेरोधा के को-फाउंडर निखिल कामथ का नाम शामिल है। निखिल की नेटवर्थ 1.1 अरब डॉलर है।

टाटा, लक्मे और नायका को कड़ी टक्कर देंगे मुकेश अंबानी, लॉन्च किया ब्यूटी रिटेल प्लेटफॉर्म



नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी ने एक और सेक्टर में उतरने की घोषणा की है। रिलायंस रिटेल ने बुधवार को ब्यूटी रिटेल प्लेटफॉर्म टीरा को लॉन्च करने के साथ ही इस सेक्टर में उतरने का ऐलान कर दिया। ब्यूटी और पर्सनल केयर सेक्टर में उसका मुकाबला एचयूएल के लक्मे, नायका , टाटा और एलवीएमएच के सेफोरा जैसे ब्रांड्स के साथ होगा। रिलायंस रिटेल ने ओमनीचैनल ब्यूटी रिटेल प्लेटफॉर्म टीरा को पेश करने की घोषणा की। टीरा ऐप और वेबसाइट के जरिये उपभोक्ताओं तक पहुंचेगा। रिलायंस रिटेल ने साथ ही मुंबई में बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में जियो वर्ल्ड ड्राइव में भी टीरा स्टोर खोला है। इंडस्ट्री के सूत्रों ने कहा कि शहरों में टीरा स्टोर का विस्तार किया जा सकता है। ऑनलाइन बाजार और उपभोक्ता डेटा मंच स्टेटिस्टा के मुताबिक भारत का ब्यूटी एंड पर्सनल केयर मार्केट इस समय 27.23 अरब डॉलर का है। इंडस्ट्री की कुल इनकम का 12.7 प्रतिशत ऑनलाइन बिक्री से हासिल होता है। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ईशा अंबानी ने कहा, 'हम अपने भारतीय ग्राहकों के लिए टीरा की पेशकश करके उत्साहित हैं। टीरा के साथ, हमारा लक्ष्य ब्यूटी सेक्टर में बाधाओं को तोड़ना और सभी खंड में उपभोक्ताओं के लिए सौंदर्य को आम लोगों तक पहुंचाना है।' रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड रिलायंस रिटेल की होल्डिंग कंपनी है। जियो वर्ल्ड ड्राइव में टीरा स्टोर 4,300 वर्ग फुट में फैला हुआ है और इसे लंदन मुख्यालय वाले इनोवेशन स्टूडियो डलजील एंड पॉ ने डिजाइन किया है। आरआरवीएल मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस ग्रुप की सभी रिटेल कंपनियों की होल्डिंग कंपनी है। इस बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और उसकी टेलिकॉम यूनिट जियो इन्फोकॉम ने फॉरेन करेंसी लोन के रूप में विभिन्न बैंकों के समूह से दो बार में कुल पांच अरब डॉलर जुटाए हैं। यह भारत के कॉरपोरेट इतिहास में सबसे बड़ा सिंडिकेट कर्ज है। सिंडिकेट लोन का मतलब बैंकों/वित्तीय संस्थानों के ग्रुप से लिया गया लोन है। सूत्रों ने बताया कि पिछले सप्ताह रिलायंस ने 55 बैंकों से तीन अरब डॉलर जुटाए थे, वहीं रिलायंस जियो इन्फोकॉम ने 18 बैंकों से अतिरिक्त दो अरब डॉलर का कर्ज लिया है। तीन अरब डॉलर का कर्ज 31 मार्च तक लिया जा चुका था जबकि दो अरब डॉलर इसी हफ्ते मंगलवार को जुटाए गए हैं। रिलायंस जियो इस फंड का इस्तेमाल पूंजीगत व्यय के लिए करेगी और जियो देशभर में 5जी नेटवर्क शुरू करने पर यह राशि खर्च करेगी। सूत्रों ने बताया कि प्राथमिक रूप से तीन अरब डॉलर का लोन 55 लेंडर्स से जुटाया गया जिनमें ताइवान के करीब दो दर्जन बैंकों के अलावा बैंक ऑफ अमेरिका, एचएसबीसी, एमयूएफजी, सिटी, एसएमबीसी, मिझुहो तथा क्रेडिट एग्रिकोल जैसे वैश्विक बैंक शामिल हैं। प्राथमिक कर्ज को मिली बढ़िया प्रतिक्रिया के बाद दो अरब डॉलर का अतिरिक्त कर्ज लेने का फैसला हुआ। इसके बाद, दो अरब डॉलर का नया कर्ज भी 55 कर्जदाताओं से समान शर्तों पर लिया गया।

पहले टाटा की कंपनियों में ही होते थे चीफ इथिक्स ऑफिसर, अब एचडीएफसी बैंक ने भी किया ऐसा

नई दिल्ली एजेंसी। कारोबार और नैतिकता का मेल, ऐसा मुश्किल से होता है। लेकिन देश में टाटा ग्रुप ऐसा है जिसमें एथिक्स या नैतिकता का पूरा ख्याल रखा जाता है। तभी तो ग्रुप की कुछ कंपनियों में बकायदा चीफ एथिक्स ऑफिसर को तैनात किया जाता है। लेकिन निजी क्षेत्र की अन्य कंपनियों में ऐसी पहल नहीं दिखती है। हां, आशा की एक किरण अवश्य दिखी है। निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी बैंक ने ऐसी पहल की है। एचडीएफसी बैंक ने चीफ एथिक्स ऑफिसर का पोस्ट बनाया है और इस पर तैनाती भी हो गई हैं। इसके पहले चीफ एथिक्स ऑफिसर बने हैं प्रसून सिंह । वह इसी बैंक में चीफ विजिलेंस ऑफिसर थे।

प्रसुन सिंह बिहार में मुजफ्फरपुर शहर के हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा मुजफ्फरपुर के सेंट जेवियर स्कूल से हुई है। बाद में शहर के ही लंगट सिंह कॉलेज से आईएससी किए। और आ गए जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय। जेएनयू से उन्होंने फ्रेंच में बीए आनर्स किया। उसके बाद उन्होंने सेंट्रल एक्साइज एंड कस्टम डिपार्टमेंट में इंस्पेक्टर की नौकरी कर ली। इस डिपार्टमेंट में उनकी तैनाती मुंबई में हुई। वहां सात साल काम करने के बाद वह डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलीजेंस या डीआरआई में चले गए। वहां भी वे सात साल तक इंटेलीजेंस ऑफिसर के रूप में काम किया। इसके बाद जुलाई 2013 में वह इनफोर्समेंट डायरेक्टरेट या ईडी में चले गए। वहां भी करीब चार साल तक उन्होंने इनफोर्समेंट ऑफिसर की नौकरी की। इसके बाद वह एचडीएफसी बैंक में चीफ विजिलेंस ऑफिसर बन कर आ गए। जर्मन फिलॉस्फर इमेनुएल केंट कहते हैं, कानून के मुताबिक कोई व्यक्ति तब दोषी माना जाता है, जब कि वह किसी व्यक्ति के अधिकारों का हनन करता है। लेकिन एथिक्स की बात करें तो वह तभी दोषी हो जाता है जब वह ऐसा करने को सोचता है।

फ्लिपकार्ट ने किराना सदस्यों के लिए अपने फ्लैगशिप ऑम्नी चैनल अभियान 'व्यापारी दिवस' का लेटेस्ट संस्करण लॉन्च किया



नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के होमग्रोन फ्लिपकार्ट ग्रुप के डिजिटल बी2बी प्लेटफॉर्म, फ्लिपकार्ट होलसेल ने आज कंपनी की वार्षिक फ्लैगशिप ईवेंट, 'व्यापारी दिवस' के लॉन्च की घोषणा की है। इस फ्लैगशिप ईवेंट का उद्देश्य सदस्यों के लिए बचत और लाभ बढ़ाना है। 03 अप्रैल से 09 अप्रैल, 2023 तक चलने वाला यह अभियान फ्लिपकार्ट होलसेल के सभी स्टोर्स और फ्लिपकार्ट होलसेल ऑनलाईन प्लेटफॉर्म/मोबाईल एप्लीकेशन पर उपलब्ध होगा। इसमें सदस्यों को विभिन्न श्रेणियों, जैसे मुख्य आहार, व्यक्तिगत और होम केयर, फूड एवं बेवरेज आदि में आकर्षक डील्स मिलेंगी।

टैगलाईन 'टूटेगा फायदे का रिकॉर्ड', के साथ इस अभियान में विभिन्न आकर्षक ऑफर जैसे डिस्कवरी ज़ोन, व्यापारी दिवस स्पेशल्स, बाय वन गेट वन ऑफर, फ्लैश डील्स तैयार किए गए हैं। इसके अलावा, पहली बार सदस्यों को फ्लिपकार्ट होलसेल ऐप और इन-स्टोर खरीद पर 9,999 रु. का निश्चित कैशबैक दिया जाएगा। फ्लिपकार्ट होलसेल के बिज़नेस हेड, कोटेश्वर एलएन ने कहा, ''किराना एवं एमएसएमई को वृद्धि एवं समृद्धि प्रदान करने वाला एक सस्टेनेबल बिज़नेस स्थापित करने की हमारी प्रतिबद्धता के साथ फ्लिपकार्ट होलसेल में हम टेक्नॉलॉजी और मर्चेंडाईज़िंग एवं लॉजिस्टिक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर में अपनी गहरी विशेषज्ञता का उपयोग कर रहे हैं। इससे कंपनी अपने सदस्यों को विस्तृत उत्पाद संग्रह काफी कम मूल्य में प्रदान करने में समर्थ बनी है, ताकि उन्हें अपने व्यवसायिक निर्णय आत्मविश्वास के साथ लेने में मदद मिले। हम 'व्यापारी दिवस' का लेटेस्ट संस्करण पेश करने के लिए उत्साहित हैं, जो सदस्यों को और ज्यादा बड़ी एवं बेहतर बचत प्रदान करेगा।

फ्लिपकार्ट होलसेल टेक्नॉलॉजी की निपुणता और बाजार की गहरी समझ ने किराना एवं एमएसएमई को विकास का समग्र परिवेश प्रदान किया है। इस प्लेटफॉर्म के विस्तृत नेटवर्क द्वारा एसएमई ब्रांड्स को पूरे भारत के बाजार की विज़िबिलिटी और पहुँच मिलेगी। अपने डिजिटल-फर्स्ट दृष्टिकोण के साथ यह प्लेटफॉर्म अनेक फायदेमंद सौदे पेश करता है, जिनसे छोटे ब्रांड्स आत्मविश्वास के साथ व्यवसायिक निर्णय लेने में मदद मिलेगी।

स्पिनी ने सचिन, अनिल कुम्बले और युवराज सिंह के साथ लॉन्च किया नया आईपीएल कैंपेन

मुंबई, एजेंसी। भारत में सैकण्ड हैण्ड कारों की खरीद-बिक्री के लिए के लिए जाने-माने प्लेटफॉर्म स्पिनी ने अपने निवेशक एवं कैप्टन सचिन तेंदुलकर तथा क्रिकेट जगत के अन्य दिग्गजों जैसे अनिल कुम्बले और युवराज सिंह के साथ नए आईपीएल कैम्पेन का लॉन्च किया है। कैंपेन के वीडियोज़ आईपीएल 2023 के दौरान रिलीज़ किए जाएंगे, जिसका आयोजन 31 मार्च से 28 मई 2023 के बीच होना है। यह कैंपेन ब्राण्ड की टैगलाईन 'गो फार' पर आधारित है जो बताता है कि किस तरह लोग अपने प्यार के लिए, अपने सपनों के लिए क्या-क्या कर जाते हैं, साथ ही आईपीएल की सच्ची भावना को भी प्रदर्शित करता है। ''गो फार फार यॉर स्क्वैड' के तहत क्रिकेट के ये दिग्गज स्पिनी एसयूवी में रोड ट्रिप पर निकल जाते हैं। कैंपेन एवं एसोसिएशन के बारे में बात करते हुए सचिन तेंदुलकर ने कहा, ''स्पिनी भरोसे, पारदर्शिता जैसे मूल्यों के साथ उपभोक्ताओं को सैकण्ड हैण्ड कारों की खरीद-बिक्री का बेहतरीन अनुभव प्रदान करता है। कार प्रेमी होने के नाते, इस कैंपेन के लिए काम करना बड़ा ही मज़ेदार था। इस बार हमने युवराज और अनिल को भी इस ट्रिप पर लेजाने का फैसला लिया। इन फिल्मों की शूटिंग करना शानदार अनुभव रहा।

ओला ने अपने फिज़िकल फुटप्रिंट बढ़ाए

पूरे देश में एक ही दिन में 50 एक्सपीरियंस सेंटर खोले, पहला एक्सपीरियंस सेंटर होशंगाबाद में खोला

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी, ओला इलेक्ट्रिक ने एक ही दिन में देश में 50 एक्सपीरियंस सेंटर खोले हैं। यह इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए देश में अपने एक्सपीरियंस सेंटर खोलते हुए लोगों के लिए अपनी उपलब्धता एवं सेवाएं आसान बना रहा है। कंपनी ने होशंगाबाद में रसुलिया रोड, एसपीएम कॉलोनी, नर्मदापुरम में नए ओला एक्सपीरियंस सेंटर की शुरुआत के साथ अपने डी2सी फुटप्रिंट के विस्तार की घोषणा की है। अंशुल खंडेलवान, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, ओला ने कहा, ''लोगों का अनुभव ज्यादा सुगम और दिलचस्प बनाने के लिए हम देश के सभी मुख्य शहरों में अपना ऑफलाईन विस्तार कर रहे हैं। हमारा मानना है कि अपने ऑफलाईन विस्तार की गति को बढ़ाना जरूरी है, ताकि देश के दूरदराज के इलाकों में स्थित लोग भी हमारे वाहनों और सेवाओं का सुगम अनुभव पा सकें।'' ओला के एक्सपीरियंस सेंटर एक ही स्थान से ग्राहकों को सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करने के लिए डिज़ाईन किए गए हैं। ओला के लगभग 90 प्रतिशत ग्राहक ओला एक्सपीरियंस सेंटर के 20 किलोमीटर के दायरे में होते हैं। ओला एक्सपीरियंस सेंटर ग्राहकों को एस1 और एस1 प्रो मॉडल की टेस्ट राईड लेने का अवसर प्रदान करते हैं, साथ ही यहाँ पर ग्राहकों को खरीद प्रक्रिया के बारे में मार्गदर्शन भी मिलता है। स्टोर में ग्राहकों को फाईनेंसिंग के विकल्पों की जानकारी और ओला ऐप पर खरीद प्रक्रिया पूरी करने का मार्गदर्शन भी मिलता है। भारत में साल 2025 तक सभी टू व्हीलर्स को इलेक्ट्रिक करने के उद्देश्य से ओला इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए एक मजबूत योजना बना रहा है।

हिंदवेयर लिमिटेड ने पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के साथ की साझेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल), जो कि सबसे बड़े खेल आयोजनों में से एक और दुनिया भर में क्रिकेट फैंस के लिए एक ख़ास कार्यक्रम है, 31 मार्च, 2023 से अपने 16वें एडिशन की शुरुआत कर चुका है। इसके साथ ही हिंदवेयर लिमिटेड, जो कि कम्पलीट बाथरूम सोल्यूशंस में एक लीडर है ने, आगामी 2023 सीज़न के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की दो सबसे बड़ी टीमों - पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा करते हुए बेहद रोमांचित है। यह स्ट्रेटेजिक साझेदारी हिंदवेयर को देश भर के क्रिकेट फैंस के साथ अपने ब्रांड की विज़िबिलिटी और इंगेजमेंट को मजबूत करने में सक्षम बनाएगी।

इस साझेदारी के बारे में बात करते हुए श्री सुधांशु पोखरियाल, चीफ एक्सिक्यूटिव ऑफिसर, बाथ एंड टाइल्स, हिंदवेयर लिमिटेड ने कहा क्रिकेट एक ऐसा खेल है जो पूरे देश को एक थ्रिलिंग (रोमांचकारी) स्पोर्टिंग एक्शन से जोड़ता है जो कि दुनिया भर के तमाम भारतीयों के लिए किसी दावत से कम नहीं है। हम पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के साथ जुड़कर बेहद खुश हैं। इस सिनर्जिक पार्टनरशिप के जरिये, हम अपने दर्शकों के साथ और अधिक जुड़ने की आशा करते हैं। इसके अलावा हमें पूर्ण विश्वास है कि यह साझेदारी हमें अपने ब्रांड की उपस्थिति को मजबूत करने और अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बाथरूम सोल्यूशन के मार्किट में ग्रोथ (विकास) को गति देने में मदद करेगी।

एक्सोन मोबिल ल्यूब्रीकेंट मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की स्थापना भारत में

रायगढ़, महाराष्ट्र में ल्यूब्रीकेंट प्लांट के निर्माण हेतु लगभग 900 करोड़ रुपये का निवेश

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र एक्सोन मोबिल ने कहा कि वह महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम केरायगढ़स्थित इसाम्बे औद्योगिक क्षेत्र में एक ल्यूब्रीकेंट निर्माण संयंत्र बनाने के लिए लगभग 900 करोड़ रुपये (110 मिलियन अमरीकी डालर) का निवेश कर रहा है। कंपनी ने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उद्योग मंत्री उदय सामंत एवंमहाराष्ट्र के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगीमें यह घोषणा की।

एक बार परिचालन शुरू होने पर,इस प्लांट में वर्ष में 159,000 किलो लीटर ल्यूब्रीकेंट्स तैयार करने की क्षमता है, जिससे औद्योगिक क्षेत्रों जैसेनिर्माण, इस्पात, बिजली, खनन,यात्रा एवं वाणिज्यिक वाहनों की बढ़ती घरेलू मांग को पूरा किया जाएगा।यहप्लांट वर्ष 2025के अंत में शुरू होने की उम्मीद है।

भारत में एक्सोन मोबिल एफिलिएट्स के लीड कंट्री मैनेजर मोंटी डॉब्सन ने कहा हम भारत के साथ अपने पहले ग्रीन फील्ड निवेश के क्षेत्र में दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को और अधिक मज़बूत बनाने पर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। महाराष्ट्र भारत कासबसे बड़ा निर्माण केंद्र है और शानदार निवेश वातावरण होने के कारण हमारे ल्यूब्रीकेंट प्लांट की स्वभाविक पसंद है। मेक इन इंडिया पहल को पर्याप्त बढ़ावा देने हेतु,स्थानीय स्तर पर यह प्लांट मूल स्टॉक, एडिटिव्स और सभी पैकिंग का एक प्रमुख स्रोत होगा। इसके निर्माण चरण के दौरानलगभग 1,200 पद सृजित होने का अनुमान है। विपिन राणा, सीईओ, एक्सोन मोबिल ल्यूब्रीकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड ने कहा, यह उच्च प्रदर्शन करने वाले ल्यूब्रीकेंट भारत के अग्रणी प्रदाता के रूप में हमारी स्थिति को और मज़बूत करने की दिशा में एक कदम है। यह निर्माण स्थानीय स्तर पर हमारी आपूर्ति श्रृंखला को आसान बनाएगा, जिससे हम अपने भारतीय ग्राहकों और उपभोक्ताओं की जरूरतों को अधिक सरलता के साथ पूरा कर सकेंगे। हम भारत के विकास की कहानी में मदद करने हेतु अपनी बढ़ती भूमिका को लेकर अत्यधिक उत्साहित हैं।

ल्यूब्रीकेंट टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में एक ग्लोबल लीडर के रूप में, एक्सोन मोबिल के मोबिल-ब्रांड वाले इंजन ऑयल, ग्रीस और ल्यूब्रीकेंट की व्यापक रेंज दशकों से भारत के ऑटोमोटिव और औद्योगिक क्षेत्रों के लिए ऊर्जा दक्षता, उत्पादकता और स्थिरता को आगे बढ़ा रही है। कंपनी भारत में तरल प्राकृतिक गैस की एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता कंपनी भी है और इसके रासायनिक उत्पादों का भारतीय निर्माण में व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाता है।

दो अलग-अलग देशों के एक क्रिकेटर को किया आउट

तैजुल इस्लाम ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में बनाया अनोखा रिकॉर्ड

ढाका (एजेंसी)। शेर-ए-बांगला स्टेडियम, मीरपुर में बांग्लादेश और आयरलैंड के बीच टेस्ट मैच के तीसरे दिन बांग्लादेशी गेंदबाज तैजुल इस्लाम ने आयरलैंड के बल्लेबाज पीटर मूर को आउट करते ही अनोखा रिकॉर्ड बनाया है। वह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में ऐसे पहले और इकलौते गेंदबाज बन गए हैं, जिसने दो अलग-अलग देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक ही बल्लेबाज को आउट किया है। पीटर मूर को पहले 2018 में किया था आउट।

पीटर मूर जिनका जन्म हरारे, जिम्बाब्वे में हुआ था। वह पहले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में जिम्बाब्वे टीम के लिए खेलते थे और बाद में उन्होंने आयरलैंड का प्रतिनिधित्व शुरू किया। साल 2018 में जब पीटर मूर जिम्बाब्वे के लिए खेलते थे तो उस वक्त भी बांग्लादेशी स्पिनर तैजुल इस्लाम ने पीटर मूर का विकेट झटका था। उस वक्त जिम्बाब्वे की टीम बांग्लादेश के दौरे पर थी। वहीं अब मूर आयरलैंड का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं तो तैजुल इस्लाम ने फिर से उनका विकेट झटक अनोखा रिकॉर्ड बनाया है।

बांग्लादेश ने टी20 और वनडे सीरीज में आयरलैंड को दी मात- बांग्लादेश का दौरा कर रही आयरलैंड एकमात्र टेस्ट खेलने से पहले वनडे और टी20 सीरीज खेल चुकी है। टी20 सीरीज और वनडे सीरीज में बांग्लादेश ने आयरलैंड को बुरी तर पटकनी दी है। वनडे सीरीज के पहले मैच में बांग्लादेश ने 183 रन, जबकि तीसरे टेस्ट में 10 विकेट से आयरलैंड को मात दी थी। इस सीरीज का दूसरा वनडे बारिश के चलते पूरा नहीं हो पाया था। 3 मैचों की टी20 सीरीज भी बांग्लादेश ने 3-0 से आयरलैंड को मात दी थी।

गोर्याचकिना ने फिडे महिला ग्रां प्री का तीसरा चरण जीता

नयी दिल्ली (एजेंसी)। रूस की ग्रैंडमास्टर एलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना ने बेहतर टाईब्रेक स्कोर के आधार पर यहां फिडे महिला ग्रां प्री शतरंज प्रतियोगिता के तीसरे चरण का खिताब जीता।

खिताब के तीन दावेदारों गोर्याचकिना, कजाकिस्तान की बिबिसारा असाउबायेवा और चीन की झू जिनर ने बुधवार को अपनी अंतिम दौर की बाजियां ड्रा खेली। इन तीनों के समान छह अंक रहे।टाईब्रेकर के बाद गोर्याचकिना ने पहला स्थान हासिल किया।महिला ग्रां प्री सीरीज में कुल 16 खिलाड़ी भाग ले रही हैं। इसका चौथा और अंतिम चरण 15 से 28 मई के बीच साइप्रस में आयोजित किया जाएगा।अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के अध्यक्ष संजय कपूर ने कहा, ''इतने बड़े आयोजन की मेजबानी करना भारत के लिए सम्मान की बात है। इससे विश्व शतरंज में भारत की स्थिति का पता चलता है।''

एशियाई चैम्पियनशिप

अदालत का हस्तक्षेप, पहलवान अनुज कुमार कोचिंग शिविर के लिए चुने गए

नयी दिल्ली(एजेंसी)। पांच पहलवानों को ट्रायल में भाग लेने की अनुमति देने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के बाद पहलवान अनुज कुमार को आगामी एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप के लिये कोचिंग शिविर में चुन लिया गया है । अदालत को बुधवार को यह जानकारी दी गई । इन पांचों पहलवानों ने कजाखस्तान में नौ से 14 अप्रैल तक होने वाले टूर्नामेंट के लिये हुए चयन ट्रायल में भाग लिया था।

केंद्र सरकार के वकील ने पांच पहलवानों अनुज कुमार, चंदर मोहन, विजय, अंकित और सचिन मोर की याचिका पर यह बयान जस्टिस प्रतिभा एम सिंह के सामने दिया । भारतीय कुश्ती महासंघ ने पिछले महीने ट्रायल से उन्हें बाहर कर दिया था जिसके बाद उन्होंने अदालत की शरण ली।

केंद्र सरकार के वकील मनीष मोहन ने कहा कि डब्ल्यूएफआई पर लगे यौन दुर्व्यवहार और मनमानी के आरोपों के मद्देनजर खेल मंत्रालय ने निगरानी समिति का गठन किया है जो अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिये खिलाड़ियों का चयन भी कर रही है । समिति ने चयन के मानदंड तय किये हैं जिसकी जानकारी सभी को दे दी गई है।

केंद्र द्वारा दाखिल जवाब में कहा गया- माननीय अदालत के नौ मार्च 2023 के आदेशानुसार निगरानी समिति ने पांचों याचिकाकर्ताओं को चयन ट्रायल में भाग लेने की अनुमति दे दी थी जो समिति ने 10 और 11 मार्च को कराये थे । ट्रायल के नतीजों के आधार पर अनुज कुमार को एशियाई चैम्पियनशिप के लिये कोचिंग शिविर में चुना गया है।

आईपीएल के रंगारंग आगाज के बीच चोरों ने किया बड़ा कांड

अहमदाबाद पुलिस को मिली इतनी शिकायतें

अहमदाबाद (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 16 वें सीजन का रंगारंग आगाज होने के बाद नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 9 अप्रैल को गुजरात टाइटंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मैच खेला जाएगा। गुजरात टाइटंस की टीम अपनी होम पिच जहां तीसरे मुकाबले को जीत का हैट्रिक लगाने के लिए उतरेगी तो वहीं स्टेडियम की सुरक्षा में तैनात सुरक्षकर्मी और अहमदाबाद पुलिस के जवानों ने नजर चोरों पर रहेगी। शुक्रवार (31 मार्च) को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए उद्घाटन मैच में 150 मोबाइल चोरी होने की शिकायतें पुलिस को मिली हैं। इसमें कई शिकायतकर्ताओं ने बताया है कि उन्होंने आईफोन ईएमआई पर लिया था।

150 से ज्यादा मोबाइल चोरी

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 150 तो वे लोग हैं जो शिकायत दर्ज कराने पहुंचे हैं। कुछ और लोग भी हो सकते हैं जिन्होंने अभी तक पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं करवाई है। ऐसे में यह संख्या और बढ़ सकती है। आईपीएल के 16वें का नरेंद्र मोदी स्टेडियम रंगारंग आगाज हुआ था। इसमें रश्मिका मंदाना ने अपनी सुपरहिट फिल्म पुष्पा द राइज के हिट गानों पर समां गांध दिया था। इस दौरान नरेंद्र मोदी स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था। ओपनिंग सेरेमनी में गायक अरिजीत सिंह, एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने अपनी परफारमेंस से दर्शकों का दिल जीत लिया था। रश्मिका मंदाना की परफॉरमेंस और फिर टी-20 में बुखार में खोए दर्शकों पर बड़ी संख्या में चोरों ने हाथ साफ किए थे। बड़ी संख्या में शिकायतें सामने आने के बाद अहमदाबाद पुलिस 9 अप्रैल के मैच के लिए विशेष निगरानी की तैयारी कर रही है, ताकि मोबाइल चोरों को रंगे हाथों पकड़ा जा सके।

पुलिस ने किया सतर्क

ऐसी भी आशंका जताई जा रही है कि इतने बड़े पैमाने पर मोबाइल चोरी में किसी संगठित गिरोह की भूमिका हो सकती है। यह भी सामने आया है कि ओपनिंग मैच बड़ी तादाद में आईफोन चोरी हुए है। इसके बाद फोन चोर को खोजने के लिए फाइंड माई फोन किस तरीके से लोकेशन खोजी जाए। इसको लेकर मोबाइल धारक नवरंगपुरा और शास्त्री नगर के एपल स्टोर पर भी मदद के लिए पहुंचे थे। इस बार में पुलिस का कहना है कि अगर फोन गुम हो जाए तो फाइंड माई फोन का उपयोग सावधानी पूर्वक करना चाहिए, क्योंकि फोन चुराने वाले चालाकी करते हैं। वे कई बार दूसरे डिवाइस और फोन पर लिंक भेजते हैं। अगर इस पर क्लिक किया तो मोबाइल का पासवर्ड मिलने की संभावना रहती है। इस प्रकार की बोगस लिंक से सतर्क रहने की जरूरत है।

फीफा रैंकिंग में छह साल में पहली बार शीर्ष पर पहुंचा विश्व चैंपियन अर्जेंटीना

ज्यूरिख (एजेंसी)। विश्व कप विजेता अर्जेंटीना छह साल में पहली बार गुरुवार को फीफा विश्व रैंकिंग में चोटी पर पहुंचने में कामयाब रहा। अर्जेंटीना ने पिछले महीने दो मैत्री मैचों में जीत दर्ज की थी जिससे वह ब्राजील को हटाकर चोटी पर पहुंचने में सफल रहा।

ब्राजील को मोरक्को से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था जिससे वह तीसरे स्थान पर खिसक गया। विश्व कप के फाइनल में अर्जेंटीना से हारने वाला फ्रांस एक पायदान चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। उसने यूरोपीय चैंपियनशिप क्वालीफायर्स के लगातार मैचों में नीदरलैंड और आयरलैंड को हराया था। बेल्जियम पहले की तरह चौथे जबकि इंग्लैंड पांचवें स्थान पर है। इसके बाद नीदरलैंड, क्रोएशिया, इटली, पुर्तगाल और स्पेन का नंबर आता है।

आईपीएल में आकाश चोपड़ा ने की भविष्यवाणी, कहा- ये टीम जीतेगी

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारत के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने आईपीएल 2023 के नौवें मैच से पहले भविष्यवाणी की है और बताया कि आज के मैच में कौन सी टीम जीतेगी। कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच ईडन गार्डन्स स्टेडियम में आज का आईपीएल मैच खेला जाएगा। कोलकाता में 28 अप्रैल 2019 के बाद से यह पहला घरेलू आईपीएल मैच होगा क्योंकि कोविड-19 महामारी के दौरान काफी बदलाव देखे गए थे।

चोपड़ा ने यूट्यूब वीडियो में कहा, बैंगलोर इस मैच को जीतेगा, जिसका मतलब है कि बैंगलोर के लिए दो में से दो और कोलकाता के लिए इसका मतलब है कि दो में से दो हार। क्या ऐसा होने वाला है? मुझे नहीं पता, हम पता लगा लेंगे, लेकिन मुझे लगता है कि ऐसा होगा। मेरी दूसरी भविष्यवाणी यह है कि सिराज और हर्षल मिलकर तीन या उससे अधिक विकेट लेंगे। आप किसी और तेज गेंदबाज का नाम जोडना चाहें जोड़ सकते हैं, कुल पांच विकेट हो जाएंगे। मुझे लगता है कि तेज गेंदबाज यहां स्पिनरों की तुलना में अधिक सफल होंगे।

ईडन गार्डन्स स्टेडियम की पिच ने आमतौर पर बल्लेबाजों का साथ दिया है। खेल के सबसे छोटे प्रारूप में बल्लेबाज मैदान पर अपने समय का आनंद लेते हैं और पावरप्ले के दौरान सबसे छोटी

बाउंड्री बनाते हैं। चोपड़ा ने कहा, %पावरप्ले के ओवरों में 90 से अधिक रन बनाए जाएंगे। दोनों पक्षों के लिए पहले छह ओवरों में 105 रन भी बन सकते हैं। शुरुआती ओवरों में अच्छी हिटिंग होगी। तेज गेंदबाजों के लिए पिच से थोड़ी मदद मिलेगी लेकिन गेंद बल्ले पर बहुत अच्छी तरह आएगी। रसेल और मैक्सवेल मिलकर पांच या इससे ज्यादा छक्के लगाएंगे। दोनों को छक्के मारना पसंद है और यह मैदान छक्के मारने के लिए बेहद अनुकूल है।

'रफ्तार की खोज', मुनाफ पटेल इस बच्चे की बॉलिंग स्पीड से हुए प्रभावित, शेयर किया वीडियो

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारतीय पूर्व तेज गेंदबाज मुनाफ पटेल की रफ्तार से तो सब वाकिफ हैं, चाहे सामने कोई भी बल्लेबाज हो मुनाफ ने अपनी रफ्तार के जौहर के आगे बड़ों बड़ों को ढेर किया है। 2011 वनडे विश्व कप में भी मुनाफ ने भारतीय टीम के लिए अहम भूमिका निभाई, जिसके चलते भारत एक बार फिर 28 साल बाद वनडे विश्व चैंपियन बना। मुनाफ पटेल ने अपनी अद्भुत गति से वैसे तो सबको प्रभावित किया, लेकिन मुनाफ ने हाल ही में एक बच्चे की वीडियो साझा की है, जिसे देख वह खुद प्रभावित हो गए हैं।

मुनाफ पटेल ने अपने ट्विटर अकाउंट पर एक वीडियो साझा की है, जिसमें एक बच्चा अपनी तेज रफ्तार गेंदबाजी से बल्लेबाजों की धज्जियां उड़ा रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे छोटा बच्चा अपनी रफ्तार और परफेक्ट यॉर्कर से बल्लेबाजों को पानी पिला रहा है। मुनाफ पटेल इस बच्चे की गेंदबाजी को देखकर पूरी तरह हैरान रह गए और उन्होंने इस वीडियो को अपने प्रशंसकों के साथ साझा किया है। ट्विटर पर वीडियो साझा करते हुए मुनाफ ने लिखा, क्या बोलती पब्लिक इस बॉलर के लिए, रफ़्तार की खोज। गौरतलब है कि मुनाफ ने 2011 के विश्व कप के दौरान ने 8 मैचों में 11 विकेट लेकर भारतीय गेंदबाजी लाइन-अप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

संजू सैमसन हार के बावजूद इस युवा बल्लेबाज से संतुष्टि, कहा- हमारा सौभाग्य है

गुवाहाटी (एजेंसी)। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रोमांचक मुकाबले में पंजाब किंग्स के हाथों पांच रन की हार के बावजूद युवा बल्लेबाज ध्रुव जुरेल के प्रदर्शन पर संतुष्टि जाहिर की है। पंजाब ने बुधवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉयल्स के सामने 198 रन का लक्ष्य रखा था। रॉयल्स ने 16 ओवर में 129 रन पर छह विकेट गंवा दिये थे, लेकिन जुरेल (15 गेंद, 32 रन) ने शिमरन हेटमायर (18 गेंद, 36 रन) के साथ सातवें विकेट के लिये 26 गेंद पर 61 रन की साझेदारी करके मैच को रोमांचक बना दिया।

सैमसन ने मैच के बाद कहा, (जुरेल का टीम में होना) हमारा सौभाग्य है। वह पिछले दो सीजन से हमारे साथ हैं और उनके ऊपर काफी काम किया गया है। हम सब उनके प्रदर्शन से काफी खुश हैं। उन्होंने कहा, %आईपीएल में आने से पहले आपको एक हफ्ते के अभ्यास शिविर में हिस्सा लेना होता है लेकिन इन खिलाड़ियों ने हमारी अकादमी में पांच हफ्ते का समय दिया और हज़ारों गेंदों का सामना किया है। हम ऐसे बल्लेबाजों को अपनी टीम में पाकर बेहद खुश हैं।

रॉयल्स को आखिरी ओवर में 16 रन की दरकार थी लेकिन सैम करन ने हेटमायर को रनआउट करते हुए पंजाब की जीत सुनिश्चित की। सैमसन ने स्वीकार किया कि पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पावरप्ले का भरपूर लाभ उठाया था, हालांकि उनके गेंदबाजों ने

मध्य ओवरों में बेहतर गेंदबाजी की। सैमसन ने पिच के बारे में कहा, मेरे हिसाब से यह पिच बल्लेबाजी के लिये बहुत अच्छी थी, खासकर पावरप्ले में। गेंद ज्यादा स्विंग नहीं हो रही थी। उनके बल्लेबाजों ने आक्रामकता के साथ शुरुआत की थी और उनकी पारी उसी हिसाब से आगे बढ़ी।

उन्होंने कहा, हमारे गेंदबाजों ने रफ्तार में मिश्रण करने की कोशिश की। इस मैदान पर बड़े स्कोर बनते हैं लेकिन हमने पावरप्ले के बाद उनको वापस लाने का अच्छा प्रयास किया। राजस्थान को एक झटका तब लगा जब सलामी बल्लेबाज जॉस बटलर की जगह रविचंद्रन अश्विन पारी की शुरुआत करने उतरे। सैमसन ने बताया कि बटलर को पंजाब की पारी की आखिरी गेंद पर कैच पकड़ते हुए उंगली में चोट लग गई थी।

कप्तान सैमसन ने बताया, जॉस फिट नहीं थे। कैच लेने के बाद उनकी उंगली में टांके लगे थे। (देवदत्त) पडीकल पारी की शुरुआत करने नहीं उतरे क्योंकि हम मध्य ओवरों में उनके दो स्पिनरों पर प्रहार करने के लिये मध्यक्रम में एक वामहस्त बल्लेबाज चाहते थे। बटलर ने पंजाब के खिलाफ तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 11 गेंद पर 19 रन बनाये, हालांकि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आठ अप्रैल को होने वाले मुकाबले में उनका खेलना मुश्किल है।

पिता ने लड़ा कारगिल युद्ध, मां ने बेची सोने की चेन, बेटे ध्रुव जुरेल ने आईपीएल में मचाया धमाल

नईदिल्ली (एजेंसी)। आईपीएल 2023 का 8वां मुकाबला बेहद रोमांचक देखने को मिला, जहां पंजाब किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स को अंतिम ओवर में 5 रनों से हराया। राजस्थान भले ही यह मैच हार गई, लेकिन उनके एक खिलाड़ी ने अपने धमाकेदार प्रदर्शन से सबका दिल जीत लिया। यह खिलाड़ी कोई और नहीं बल्कि ध्रुव जुरेल है। ध्रुव को राजस्थान ने इंपैक्ट प्लेयर के रूप में उस समय उतारा जब वह मैच से लगभग बाहर हो चुका था, लेकिन इस 22 साल के युवा बल्लेबाज ने ताबड़तोड़ पारी खेल मैच रोमांचक मोड़ पर ला दिया। उन्होंने 15 गेंद पर 200 के स्ट्राइक रेट से नाबाद 32 रन बनाए, जिससे पंजाब के कप्तान शिखर की सांसें रोक दी थीं।

पिता ने लड़ा कारगिल युद्ध- पहली बार आईपीएल में नजर आए ध्रुव जुरेल के पिता नेम सिंह जुरेल आर्मी में हैं। उन्होंने कारगिल युद्ध लड़ते हुए देश का नाम ऊंचा किया था तो वहीं उनका बेटा अब क्रिकेट जगत में नई सनसनी के रूप में ऊभरा है। खास बात यह है कि ध्रुव भी पिता की तरह आर्मी में जाना

चाहते थे, लेकिन अंत में उन्होंने बल्ला थाम लिया। आर्मी स्कूल में पढ़ने के दौरान ध्रुव जुरेल ने तैराकी भी सीखी। फिर इसके बाद गली क्रिकेट खेलना शुरू किया तो उन्हें क्रिकेट से प्यार हो गया।

मां ने बेची थी सोने की चेन- उत्तर प्रदेश के इस युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ने रेड बुल से बात करते हुए कहा, जब मैं 12 साल का था, तो मैंने बैट और किट की मांग अपने घरवालों के सामने रखी थी। उन्होंने घरवालों को धमकी दी थी कि अगर उन्हें किट नहीं मिली तो वे घर छोड़कर चले जाएंगे। हालांकि, अब जुरेल को इस बात का अब पछतावा होता है क्योंकि उनकी इस मांग से उनकी मां काफी इमोशनल हो गई थीं और उन्होंने अपने सोने की चेन बेचकर किट खरीदी।

बता दें कि 10 साल की उम्र में क्रिकेट शुरू करने वाले ध्रुव जुरेल भारतीय अंडर-19 टीम का भी हिस्सा रह चुके हैं। 10 साल की उम्र से क्रिकेट खेलने वाले जुरेल 2020 में अंडर-19 भारतीय टीम के उप-कप्तान थे और टीम ने फाइनल तक का सफर तक का सफर तय किया, लेकिन वहां बांग्लादेश से 3 विकेट से हार गई थी।

पहली बार मिला मौका- ध्रुव को आईपीएल में उतरने का पहली बार मौका मिला है। उन्हें नीलामी में 20 लाख रूपए के उनके बेस प्राइस के आधार पर राजस्थान ने अपने साथ जोड़ा। पंजाब किंग्स के खिलाफ उनकी धमाकेदार पारी सबका ध्यान खींचा। पंजाब ने पहले खेलते हुए शिखर धवन के नाबाद 86 रन की बदौलत 4 विकेट पर 197 रन बनाए थे, लेकिन राजस्थान ने 7 विकेट के नुकसान पर 192 रन बनाए और 5 रन से हार गई। हार के बा बावजूद ध्रुव ने सबका दिल जीत लिया। ध्रुव जब क्रीज पर उतरे उस समय राजस्थान को जीत के लिए 30 गेंदों में 74 रन चाहिए थे। उन्होंने कैरेबियन शिमरोन हिटमायर के साथ मिलकर पंजाब के गेंदबाजों की धुनाई शुरु की। हिटमायर 18 गेंदों में 36 रन बनाकर रन चलते बने, लेकिन ध्रुव ने 15 गेंदों में नाबाद 32 रन ठोक दिए. इसमें से 24 रन सिर्फ 5 गेंदों पर आए थे जिसमें 3 चौके और 2 छक्के शामिल थे।

संक्षिप्त समाचार

आईपी कालेज में यौन उत्पीड़न को लेकर पुलिस ने 5 छात्रों को लिया हिरासत में, जांच जारी

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के इंद्रप्रस्थ कालेज में सांस्कृतिक उत्सव के दौरान छात्राओं के साथ हुई यौन उत्पीड़न की घटना को लेकर प्राचार्या की आरोपितों पर कार्रवाई करने की शिकायत के बाद दिल्ली पुलिस ने पांच छात्रों को हिरासत में लिया है। उत्तरी जिले के पुलिस अधिकारी ने बताया कि पांच में से तीन छात्र मोतीलाल नेहरू कालेज और एक छात्र श्री वेंकटेश्वर कालेज और एक गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय का छात्र हैं। पुलिस मामलें में अभी जांच कर रही है। डीयू के सूत्रों ने बताया कि गार्गी कालेज में प्रशासन ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर प्रतिबंध लगा दिया है। जिस पर एसएफआइ गार्गी ने विरोध प्रदर्शन किया था। छात्रों ने कहा था कि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उत्सव किया जाए।

ग्रेटर नोएडा की जेपी अमन सोसायटी में जांबिया के छात्र की 8वीं मंजिल से गिरकर मौत

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 151 स्थित जेपी अमन सोसायटी में रहने वाले जांबिया के छात्र की 8वीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। छात्र नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय से बीबीए की पढ़ाई कर रहा था। संदिग्ध परिस्थिति में छात्र की मौत को लेकर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सोसाइटी में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच की जा रही है। जेपी अमन सोसायटी सेक्टर-151 नोएडा में जांबिया के एक नागरिक के जेपी अमन सोसायटी के टावर नंबर-15 के आठवें फ्लोर से बालकनी से नीचे गिर जाने की वजह से घायल होने की सूचना प्राप्त हुई जिस पर थाना पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर जाकर उपरोक्त घायल व्यक्ति को जिम्स हॉस्पिटल भिजवाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उक्त व्यक्ति अपने 2 अन्य जाम्बियन साथियों के साथ फ्लैट में रहता था, जिसमें 3 कमरे थे। प्रत्येक कमरे में 1-1 व्यक्ति रहते थे जो जांबिया के ही निवासी हैं और पढ़ाई करने के लिए भारत आए हुए हैं। उनसे घटना के संबंध में जानकारी की जा रही है। मौके पर फील्ड यूनिट व फॉरेंसिक टीम बुलवाकर जांच कराई जा रही है । मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई जा रही है। मृतक के परिजनों को जांबिया में सूचना दे दी गई है। जांबिया के उच्चायोग को भी सूचित कर दिया गया है।

आजीवन कारावास की सजा काट रहे बुजुर्ग कैदी की मौत, हत्या के केस में जेल में था बंद

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी। गौतमबुद्ध नगर जिला कारागार में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 65 वर्षीय बुजुर्ग कैदी रियाज की बीमारी के चलते मौत हो गई। हत्या के मामले में उसको आजीवन कारावास की सजा हुई थी। दस दिन पहले ही वह सहारनपुर की जेल से स्थानांतरित होकर गौतमबुद्धनगर जिला जेल लाया गया था। रियाज की बुधवार तड़के पांच बजे के करीब तबियत खराब हुई। उसको लंबे समय से हाइपरटेंशन की बीमारी थी। इलाज के लिए राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। जनपद सहारनपुर के बेहट क्षेत्र का रहने वाले 65 वर्षीय रियाज 26 मार्च को गौतमबुद्धनगर जिला जेल लाया गया था। उसको सहारनपुर में हुई हत्या के मामले में दोषी ठहराते हुए अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। सजा सुनाए जाने के बाद से रियाज गुमशुम रहने लगा था। जेल में वह किसी से बात नहीं करता था। कई बार तनाव के चलते वह खाना भी नहीं खाता था। जेल प्रशासन के मुताबिक रियाज को इस बात का तनाव था कि उसको सजा सुनाए जाने के बाद उसके परिवार का पालन पोषण कैसे होगा। इस तनाव की चर्चा उसने कई बार जेल में बंद अन्य साथियों से की थी। ईकोटेक एक कोतवाली प्रभारी सरिता मलिक ने बताया कि तड़के सुबह कैदी की तबियत खराब होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंच कर देखा गया तो पता चला कि कैदी की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले की जल्द ही मजिस्ट्रेट जांच होगी और रिपोर्ट स्वजन को सौंपी जाएगी।

पार्ट टाइम जॉब के नाम पर महिला से 46 लाख रुपये की ठगी

गुरुग्राम, एजेंसी। साइबर ठग लोगों को अपने जाल में फंसाने के लिए तरह-तरह के दांव पेच अपना रहे। पुलिस प्रशासन भी लोगों को इस तरह के जाल सालों से बचने के लिए बार-बार आगाह कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन के सतर्क करने के बाद भी लोग इन जालसाजों की लुभावनी बातों से झांसे में आ जाते हैं। पार्ट टाइम जाब के झांसे में लेकर न्यू कॉलोनी की एक युवती के साथ 46 लाख रुपये की ठगी हो गई। साइबर थाना पुलिस ने युवती की शिकायत पर अज्ञात ठगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में न्यू कॉलोनी की रहने वाली युवती ने बताया कि उन्हें फरवरी माह में आनलाइन पार्ट टाइम जाब के लिए आफर आया था। जब उन्होंने जाब प्रोफाइल चेक किया तो पाया कि मूवी की आनलाइन रेटिंग की जानी है। इस पर उन्हें एक टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ दिया गया। बाद में उन्हें पूरी जानकारी ली तो उसमें 28 मूवी की आनलाइन रेटिंग करने पर करीब 10 हजार रुपये दिए जाने की बात कही। इस पर उन्होंने अपना प्रोफाइल बताई गई वेबसाइट पर रजिस्टर्ड कर दिया। उनसे तरह तरह के बहाने करके रुपये जमा करा लिए गए। जब वे इसमें से अपना मुनाफा मांगने लगी तो उनको तरह तरह की बात कहकर टरका या जाने लगा। लगातार सरकार ने से उनको अभी होने का अहसास हुआ।

स्टिल्ट पार्किंग के साथ चार फ्लोर के निर्माण पर आपत्ति-सुझाव देने के लिए एक सप्ताह का बढ़ाया समय

गुरुग्राम, एजेंसी। स्टिल्ट पार्किंग के साथ चार फ्लोर के निर्माण को लेकर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग की तरफ से आपत्ति एवं सुझाव देने के लिए एक सप्ताह का समय बढ़ा दिया गया हैं। पहले आमजन यह सुझाव 6 अप्रैल तक दे सकते थे लेकिन अब यह तारीख छह अप्रैल से बढ़ाकर 13 अप्रैल कर दी गई हैं। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग की वेबसाइट पर जाकर लोग अपने सुझाव आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इस संबंध में सीनियर टाउन प्लानर मुख्यालय संजय कुमार ने बुधवार देर शाम नए आदेश जारी कर दिए हैं। बता दें कि हरियाणा सरकार की तरफ से 23 फरवरी से स्टिल्ट पार्किंग के साथ चार फ्लोर के निर्माण के नक्शे पास करने पर रोक लगा दी है। 16 मार्च को टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के महानिदेशक टीएल सत्यप्रकाश की तरफ से हरियाणा सरकार ने मामले में एक्सपर्ट कमेटी भी गठित कर दी है। जो कि आठ सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

पालम से दिल्ली कैंट के बीच जाम की समस्या से त्रस्त हुए चालक, घंटों जाम में बीत रहा स्कूली बच्चों का समय

नई दिल्ली, एजेंसी। सड़कों पर वाहनों के बढ़ रहे दबाव व यातायात पुलिस की सुस्ती के कारण पालम फ्लाईओवर से दिल्ली छावनी स्थित रक्षा संपदा भवन तक करीब पांच किलोमीटर का हिस्सा व्यस्त समय के दौरान जाम की चपेट में रहता है। यह हाल तब है जब दक्षिण-पश्चिमी व पश्चिमी दिल्ली की करीब 20 लाख से अधिक आबादी रोजाना इस रास्ते से गुजरती है।

एयरपोर्ट को इस क्षेत्र से जोड़ती है। जाम के कारण सुबह-शाम आधा से एक घंटे का समय लोगों का इस जाम में बीत रहा है। प्रभावितों में नौकरीपेशा से लेकर स्कूली बच्चे तक शामिल हैं। स्थिति तब ऐसी है जब इस रूट पर मेट्रो की भी सुविधा है। जाम के कारण न सिर्फ ईंधन का भारी नुकसान हो रहा है बल्कि वायु प्रदूषण की समस्या भी इस क्षेत्र में बढ़ गई है। हरित क्षेत्र होने के कारण जो कि पहले यह समस्या नहीं थी।

महावीर एन्क्लेव की तरफ से आने वाला वाहनों का हुजूम, इसमें निजी वाहनों के साथ स्कूली बस भी शामिल है, सर्विस लेन से पालम फ्लाईओवर पर चढ़ता है। दूसरा मंगलापुरी की तरफ से आने वाले वाहन भी दिल्ली कैंट जाने के लिए यही से फ्लाईओवर पर चढ़ते है। पर यहां फ्लाईओवर की चौड़ाई कम है और उस पर से फ्लाईओवर के ऊपर बेघर लोगों का जमघट जमा रहता है।

इसके चलते वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगता है और धीरे-धीरे जाम की समस्या खड़ी हो जाती है।वही कुछ वाहन चालक पालम से फ्लाईओवर पर चढ़ते है और यहां भी फ्लाईओवर की चौड़ाई उतनी अधिक नहीं है। इसके अलावा यहां फ्लाईओवर की तरफ जाने वाली सड़क जर्जर है। उधर, पालम रेलवे स्टेशन पर ट्रैन के परिचालन के कारण काफी देर चालकों को इंतजार करना पड़ता है।

ऐसे में चालक फ्लाईओवर के इस्तेमाल पर अधिक जोर देते है। सुबह सात बजे से ही यहां जाम की समस्या खड़ी हो जाती है, जो दस बजे तक बनी रहती है। देखते ही देखते मंगलापुरी, द्वारका सेक्टर-1, पालम की मुख्य सड़कें व गलियां पूरी तरह से जाम की जद में आ जाती है। स्थिति यह हो जाती है कि स्थानीय लोग छोटे-मोटे काम के लिए वाहन लेकर भी घरों से नहीं निकल पाते है। वाहन के हार्न के शोर से न सिर्फ स्थानीय निवासी बल्कि चालक खुद परेशान हो जाते है।

चालकों ने बताया कि एक तरफ पेट्रोल व सीएनजी की कीमतें आसमान छू रही है और जाम के कारण दो गुना गैस व पेट्रोल की बर्बादी हो रही है। इससे हमें आर्थिक व मानसिक दोनों रूपों में नुकसान हो रहा है। जाम के कारण कई बार लोगों की फ्लाइट तक छूट जाती है, क्योंकि आइआइजी की तरफ जाने वाली यह मुख्य सड़क है। स्थिति इतनी बदतर हो चुकी है कि कई बार रात को 11 बजे तक भी लोग यहां जाम में फंसे रहते हैं।

यातायात पुलिस अधिकारियों की माने वर्ष 2010 में पालम फ्लाईओवर का निर्माण हुआ था, उस समय वाहनों की संख्या सड़कों पर कम थी और महज 15 मिनट में चालक धौला कुआं तक पहुंच जाता था। पर फिलहाल दिल्ली में देश की अन्य मेट्रोपोलिटन राज्यों से अधिक वाहन पंजीकृत है और इस कारण दिल्ली में जाम एक बड़ी व भयावह समस्या है।

दिल्ली पुलिस ने पार्षद यशपाल पहलवान को हिरासत में लिया, समर्थकों ने किया थाने पर हंगामा

साहिबाबाद, एजेंसी। दिल्ली के वार्ड 10 के भाजपा निवर्तमान पार्षद यशपाल पहलवान को शालीमार गार्डन थाने की पुलिस ने बुधवार शाम को हिरासत में ले लिया। इसकी जानकारी मिलने पर उनके समर्थक थाने पर जमा हो गए। उन्होंने जमकर हंगामा किया। पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत कराया।

मंगलवार को शालीमार गार्डन के स्पर्श अस्पताल में पथरी के आपरेशन के बाद युवक की मौत हो गई थी। इस दौरान एक डाक्टर को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया था। डाक्टर घायल हो गया था। डाक्टर ने यशपाल के खिलाफ जानलेवा हमला कराने की एफआइआर शालीमार गार्डन थाने में दर्ज कराई।

इसके अलावा पुलिस ने भी यशपाल के खिलाफ भीड़ को उकसाने और जाम लगाने की एफआइआर अपनी ओर से दर्ज की। अस्पताल वाले मामले में ही कुछ अन्य लोगों ने भी मारपीट का आरोप लगाकर यशपाल खिलाफ तहरीर दी थी। पुलिस ने बुधवार देर शाम को यशपाल को हिरासत में ले लिया। जब इसकी जानकारी उनके समर्थकों को हुई तो वह थाने पर पहुंच गए और यशपाल को छोड़ने की मांग करने लगे। पुलिस ने यशपाल को छोड़ने मना किया तो हंगामा बढ़ता चला गया।

पुलिस ने लोगों को समझाने की कोशिश की लेकिन लोग देर रात तक हंगामा करते रहे। कुछ लोग थाने के अंदर घुस गए । पुलिस ने उनको बमुश्किल समझा कर बाहर निकाला लेकिन इसके बाद भी देर रात तक लोग थाने के बाहर जुटे रहे।

वीडियो वायरल के बाद चर्चा में आए थे यशपाल: कुछ दिन पहले डीएलएफ कालोनी में निवर्तमान पार्षद यशपाल पहलवान का पुलिस को फटकार लगाते हुए एक वीडियो प्रसारित हुआ था। जिसमें वह दुकानदारों पर कार्रवाई को लेकर पुलिस वालों का इलाज करने की बात कर रहे थे । इस वीडियो को प्रसारित होने पर उनके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया गया था।

90 हजार करोड़ के निवेश को धरातल का इंतजार, सहमति से जमीन नहीं देने को तैयार किसान

नोएडा, एजेंसी। निवेश को धरातल पर उतारने के लिए नोएडा में जमीन की उपलब्धता चाहिए, जो वर्तमान में प्राधिकरण के पास नहीं है। बिना जमीन निवेश को धरातल पर उतारा नहीं जा सकता है। जबरन किसान की जमीन का अधिग्रहण हो नहीं सकता है, सहमति से किसान जमीन देने को तैयार नहीं है, क्योंकि जमीन अधिग्रहण के एवज में प्राधिकरण की ओर से किसानों को दिया जाने वाला मुआवजे की दर कम है। 25 से 30 हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से जमीन बेच रहे हैं। इससे प्राधिकरण अधिकारियों के सामने जमीन अधिग्रहण करने की चुनौती खड़ी हो गई है। किसान की जमीन पर अवैध निर्माण का हवाला देकर जब भूलेख अधिकारी दल बल के साथ तोड़फोड़ की कार्रवाई करने पहुंचते हैं तो उन्हें मौके पर पता चलता है कि जमीन पर किसान ने स्टे ले रखा है, जिसकी तारीख कोर्ट ने तीन से चार माह आगे दे रखी है। जब तक प्राधिकरण अधिकारी स्टे की कार्रवाई से निपटने की तैयारी में जुटते है, कोर्ट की शरण में पहुंचते है, तब तक जमीन पर निर्माण पूरा हो चुका होता है। इससे अधिकारी जमीन अधिग्रहण कर पाने में बेबस हो रहे है। ऐसे तमाम प्रकरण इस समय नोएडा प्राधिकरण कार्यालय में आ चुके है, जिन पर डेवलपर्स के साथ अधिकारियों की वार्ता चल रही है। इसमें अब महर्षि आश्रम की जमीन का प्रकरण भी शामिल हो चुका है। ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में नोएडा प्राधिकरण ने करीब 90 हजार करोड़ रुपये के नए निवेश का एमओयू साइन गया है। इसमें से 60 हजार करोड़ के निवेश को छह माह में धरातल पर उतारने का लक्ष्य अधिकारियों को मिला है। निवेश के लिए पर्याप्त जमीन की उपलब्धता हो। इसके लिए किसानों से सहमति के आधार पर जमीन अधिग्रहण करने की चरणबद्ध तरीके से योजना भूलेख विभाग ने तैयार की, जिसको लेकर कई गांव में लगातार किसानों के लिए शिविर भी लगाया जा रहा है, लेकिन किसानों से सहमति के आधार पर जमीन लेने में नाकामी मिल रही है।

पैर में था फैक्चर, कर दिया हार्ट का ऑपरेशन; बुजुर्ग की मौत

नोएडा, एजेंसी। नोएडा सेक्टर-62 स्थित फोर्टिस अस्पताल के चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए स्वजन ने बुधवार शाम हंगामा किया है। उनका आरोप है कि पैर में चोट लगने के बाद मरीज को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने हार्ट का ऑपरेशन कर दिया। इससे मरीज की मौत हो गई।

गाजियाबाद के बुजुर्ग दिनेश सक्सेना के शनिवार रात बेड से गिरने के कारण पैर में फैक्चर हुआ था। स्वजन ने फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया। स्वजन का आरोप है कि डाक्टरों ने पैर के फैक्चर का ऑपरेशन करने के बजाय मरीज की एंजियोग्राफी जांच के बाद एंजियोप्लास्टी कर दी। जबकि पूर्व में मरीज की दो बार एंजियोप्लास्टी हो चुकी थी। पैर का समय पर ऑपरेशन नहीं किया। बुधवार को आनन-फानन में मरीज को मृत घोषित कर दिया गया। स्वजन का आरोप है कि मरीज की मौत गलत आपरेशन के कारण पहले ही हो चुकी थी, पर चिकित्सकों ने इस बात को छुपाए रखा व शव देने में आनाकानी की।

आईजीआई बना दुनिया का नौंवा सर्वाधिक व्यस्त एयरपोर्ट, तेजी से बढ़ रही हवाई यात्रियों की संख्या

नई दिल्ली, एजेंसी। दुनिया के व्यस्ततम 10 एयरपोर्टों की सूची में इंदिरा गांधी इंटरनेशनल टर्मिनल (आइजीआइ) नौवें स्थान पर है। एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल द्वारा जारी रैंकिंग में दक्षिण व दक्षिण पूर्व एशिया के देशों में केवल आइजीआइ एयरपोर्ट ही जगह बनाने में कामयाब रहा है। काउंसिल के महानिदेशक लुईस फिलिप का कहना है कि दुनिया में तेजी से हवाई यात्रियों की संख्या बढ़ रही है। ऐसा इसलिए संभव हुआ क्योंकि एयरपोर्ट यात्रियों की बढ़ रही संख्या व भविष्य की चुनौतियों के लिए पूरी तरह तैयार हो रहे हैं। दुनिया के व्यस्ततम एयरपोर्टों की सूची जारी की थी, उसमें आइजीआइ को 13वां स्थान मिला था। वर्ष 2019 में आइजीआइ एयरपोर्ट को 17वें स्थान पर रखा गया था। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में आइजीआइ एयरपोर्ट पर करीब 5.94 करोड़ से अधिक के यात्रियों की आवाजाही हुई। आइजीआइ एयरपोर्ट के संचालन से जुड़ी एजेंसी डायल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विदेह कुमार जयपुरियार ने बताया कि यात्रियों की बढ़ रही संख्या को देखते हुए आइजीआइ एयरपोर्ट को भविष्य के लिए तैयार किया जा रहा है। इससे पूर्व इस वर्ष की शुरुआत में आइजीआइ एयरपोर्ट को उच्चतम श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ एयरपोर्ट के रूप में भी घोषित किया गया था। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में लगातार पांचवें वर्ष आइजीआइ एयरपोर्ट पर 4 करोड़ यात्री प्रति वर्ष से अधिक की आवाजाही दर्ज हुई थी। दिसंबर में आइजीआइ एयरपोर्ट पर इस एप की लॉन्चिंग के बाद से डिजियात्रा एप का इस्तेमाल उम्मीद के मुताबिक यात्रियों के बीच नहीं हो पा रहा है। इस्तेमाल करने वालों की संख्या चार अंक तक पहुंचने में करीब दो महीने का वक्त लगा।

दुनिया की सबसे बड़ी साइबर क्राइम वेबसाइट सीज

एफबीआई समेत 17 देशों की खुफिया एजेंसियों ने ऑपरेशन चलाया, 120 साइबर क्रिमिनल गिरफ्तार

वाशिंगटन एजेंसी। इंटरनेशनल लॉ एनफोर्समेंट एजेंसीज ने दुनिया की सबसे बड़ी साइबर क्राइम वेबसाइट और साइबर अपराधियों के बीच पॉपुलर मार्केटप्लेस- जेनिसिस मार्केट को सीज कर दिया है। ऑपरेशन कुकी मॉन्स्टर के तहत ये कदम उठाया गया है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, 17 देशों की लॉ एनफोर्समेंट एजेंसी इस ऑपरेशन में शामिल थीं।

जेनेसिस मार्केट में लोगों के लॉगिन डिटेल्स, आइपी एड्रेस और डिजिटल फिंगरप्रिंट बनाने वाला अन्य डेटा बेचा जाता था। साइबर अपराधी यहां एक डॉलर से कम कीमत में लोगों की पर्सनल डिटेल्स खरीदते थे और फ्रॉड करते थे। इन डिटेल्स के जरिए आसानी से बैंकिंग और शॉपिंग अकाउंट्स हैक कर लिए जाते थे। ऑपरेशन कुकी मॉन्स्टर अमेरिकी खुफिया एजेंसी- फेडरल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन ने लीड किया। ब्रिटेन की नेशनल क्राइम एजेंसी , डच नेशनल पुलिस, ऑस्ट्रेलियन फेडरल पुलिस और अन्य यूरोपीय देशों की पुलिस इसमें शामिल रहीं। बीबीसी के मुताबिक, जेनेसिस मार्केट में बिक्री के लिए 2 मिलियन लोगों के 80 मिलियन क्रेडेंशियल्स और डिजिटल फिंगरप्रिंट थे।

जेनेसिस मार्केट की साइट पर लगे एक बैनर में कहा गया कि संगठन से संबंधित डोमेन को एफबीआई ने सीज कर दिया है। साइट पर यूरोपीय, कैनेडियन, ऑस्ट्रेलियन पुलिस और साइबर सिक्योरिटी फर्म क्लीनटेल के लोगो भी दिखे। हालांकि, इस मामले में एफबीआई और सिक्योरिटी फर्म क्लीनटेल ने कोई भी जवाब नहीं दिया है।

ऑपरेशन कुकी मॉन्स्टर के तहत दुनियाभर में 200 जगहों पर तलाशी अभियान चलाए गए। इस दौरान 120 ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया गया जो जेनेसिस मार्केट से लोगों की पर्सनल डिटेल्स खरीदते थे। ब्रिटेन की नेशनल क्राइम एजेंसी ने बताया कि उसने 24 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया। जेनिसिस मार्केट को 2017 में बनाया गया था। आसान शब्दों में कहें तो ये एक आम वेबसाइट की तरह ही होती है। इसे डार्क वेब के साथ ओपन वेब में भी ऑपरेट किया जाता है। यूजर यहां अंग्रेजी भाषा में इंटरेक्ट कर सकता है। यहां पैसे देकर आसानी से दूसरे लोगों के अमेजॉन, फेसबुक, पे-पाल, नेटफ्लिक्स, ईबे, उबर के पासवर्ड खरीदे जा सकते हैं। अगर लोग पासवर्ड बदल भी देते थे, तो इसकी जानकारी भी जेनिसिस मार्केट में रहती थी। यहां लोगों की लोकेशन से जुड़ी जानकारी भी बेची जाती थीं। ह्ष्ट के नेशनल इकोनॉमिक क्राइम सेंटर के डायरेक्टर जेनरल रॉबर्ट जोन्स ने कहा- इसे यूज करने के लिए आपको शातिर साइबर क्रिमिनल होने की जरूरत नहीं थी, अगर आपको सर्च इंजन इस्तेमाल करते आता है तो आप आसानी से क्राइम कर सकते थे। इसमें स्टेप-बाय-स्टेप चीजें समझाई जाती थीं। जेनेसिस मार्केट का इस्तेमाल ज्यादातर फ्रॉड के लिए किया जाता था। कुछ साइबर अपराधी रैंसमवेयर अटैक के लिए भी इसका इस्तेमाल करते थे। आसान शब्दों में कहें तो साइबर अपराधी यहां से दूसरे लोगों का पर्सनल डेटा खरीदते थे और इसके एक्सेस को ब्लॉक कर देते थे। बाद में इस डेटा के एक्सस को अनब्लॉक करने के लिए पैसों की मांग करते थे।

संयुक्त राष्ट्र की अफगान महिला कर्मियों पर तालिबान की पाबंदी का संयुक्त राष्ट्र महिला प्रमुख ने की निंदा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र की अवर महासचिव और संयुक्त राष्ट्र महिला की कार्यकारी निदेशक सिमा बाहौस ने अफगान महिलाओं के अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र के साथ काम करने पर प्रतिबंध लगाने के तालिबान के फैसले की निंदा की है। एक बयान में बाहौस ने कहा, हम अपने सहयोगियों, और सभी महिलाओं के साथ पूरी एकजुटता के साथ खड़े हैं, जो हर दिन अपने देश की सेवा करने के लिए अपनी जान जोखिम में डालते हैं और हम उनके समर्पण, व्यावसायिकता और बहादुरी को सलाम करते हैं। हम उनके मौलिक मानवाधिकारों पर फिर से जोर देते हैं जैसा कि संविधान में निहित है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक संयुक्त राष्ट्र ने कहा, हम अपनी महिला कार्यबल को पुरुषों से नहीं बदलेंगे।

गौरतलब है कि अफगानिस्तान 28.3 मिलियन लोगों के साथ एक मानवीय संकट में है, दो-तिहाई आबादी को जीवित रहने के लिए मानवीय सहायता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में लगभग एक चौथाई परिवार महिला प्रधान हैं। बाहोस ने कहा कि कुशल महिला सहायता कर्मियों को हटाने से महत्वपूर्ण जीवन रक्षक सेवाओं तक महिलाओं और लड़कियों की पहुंच कम हो जाती है, और उनके जोखिम बढ़ जाते हैं, जब उन्हें इसके बजाय पुरुषों से सहायता लेनी पड़ती है।

उन्होंने कहा कि यूएन वुमेन संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के साथ मिलकर तालिबान से इस नवीनतम फैसले को तुरंत रद्द करने और महिलाओं और लड़कियों के काम, शिक्षा और आंदोलन की स्वतंत्रता के अधिकारों को प्रतिबंधित करने वाले सभी उपायों को रद्द करने का आह्वान करती है। संयुक्त राष्ट्र की उप महासचिव अमीना मोहम्मद ने बुधवार को कहा कि विश्व निकाय अपने सभी अफगान राष्ट्रीय कर्मचारियों को निर्देश दे रहा है कि वे अभी कार्यालय में रिपोर्ट न करें।

चीन में उइगरों के खिलाफ अत्याचार पर भड़के बांग्लादेश के मुसलमान, शहरों में नारेबाजी

ढाका, एजेंसी। चीन में उइगरों के साथ हो रहे अत्याचार को लेकर बांग्लादेश में मुसलमानों का गुस्सा फूट पड़ा। बुधवार को बैरेन क्रांति की 33वीं वर्षगांठ के मौके पर देश के अलग-अलग हिस्सों में जोरदार विरोध प्रदर्शन हुए। राजधानी ढाका में बांग्लादेश खिलाफत आंदोलन के नेता शाहीद जैदीन यूसुफ की अध्यक्षता में सम्मेलन का आयोजन हुआ। बैठक में भाग लेने वालों ने पूर्वी तुर्किस्तान (शिंजियांग) पर चीन के अवैध कब्जे को लेकर सवाल खड़े किए। साथ ही निर्दोष उइगर मुसलमानों पर हो रहे अत्याचारों की निंदा भी कई गई। इस दौरान पूर्वी तुर्किस्तान में हान चीनियों को बसाने का मुद्दा भी उठाया गया। बांग्लादेश के मुस्लिमों ने इसे उइगर आबादी को कम करने का प्रयास बताया। प्रदर्शनकारियों ने चीनी सरकार को चेतावनी देने हुए कहा कि जल्द से जल्द इसे तरह के कदमों को रोकना चाहिए।

बीकेए ने पूर्वी तुर्किस्तान के लोगों की चीन के अवैध कब्जे से आजादी के लिए अपना समर्थन जताया। साथ ही इस में मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आगे आने और उइगर मुसलमानों का समर्थन करने का अपील की गई। इस्लामिक प्रोगोटोशिल जनता फ्रंट ने बैरेन दिवस मनाने के लिए ढाका स्थित बांग्लादेश फोटोजर्नलिस्ट ऑडिटोरियम में चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें निजाम-ए-इस्लाम के मौलाना अब्दुर रशीद मजुमदार, बीकेए के मौलाना अबू जफर काशेमी, बांग्लादेश जमीयत-उलेमा-ए-इस्लाम के मौलाना शाहिदुल इस्लाम और अलेम मुक्तिजोध प्रोजोनमो फोरम के सलाहकार मौलाना कबीरुल इस्लाम समेत कई दिग्गजों ने हिस्सा लिया। इस दौरान चीनियों की ओर से उइगर मुसलमानों पर किए जा रहे अत्याचारों पर विस्तार से बातचीत हुई।

बांग्लादेश मुहाजिर वेलफेयर एंड डेवलपमेंट कमेटी की ओर से भी ढाका विश्वविद्यालय के पास विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इन लोगों ने यहां पर मानव श्रृंखला भी बनाई। इस कमेटी से जुड़े लगभग 200 प्रदर्शनकारियों ने जनता के बीच बर्चे बांटे जिसमें चीनी सरकार द्वारा उइगर मुसलमानों के खिलाफ किए गए अत्याचारों को उजागर किया गया था। बीएमडब्ल्यूडीसी की ओर से चीन दूतावास को एक ज्ञापन भी सौंपा गया। ओपन डायलॉग बांग्लादेश से जुड़े लोगों ने नेशनल प्रेस क्लब के सामने एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। प्रदर्शनकारियों ने उइगर नरसंहार को लेकर चीन की कड़ी निंदा की। साथ ही चीन में उइगर मुसलमानों की दुर्दशा को उजागर करने वाले बैनर और पोस्टर भी लगाए गए।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555